4 रायपुर संभाग
कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित...

6 अभिमत
मोदी का संबोधन आतंकवाद..

09 छत्तीसगढ़
माता के नाम से अंत्योदय कार्ड...

10 छत्तीसगढ़
खुली लूट : मक्के पंचायत में फर्जी हाजिरी मशीनों से खुदाई...

Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

# पायनियर

Established 1865

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

RNI NO. CHHHIN/2016/70655
वर्ष-09, अंक-263
रायपुर, शुक्रवार 16 मई 2025
पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 3.00

आज के अंक में छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं कला पर आधारित विशेषांक लेना ना भूलें

## क्विक न्यूज़

### अमित शाह ने घायल सुरक्षाकर्मियों से मुलाकात की



**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ-तेलंगाना सीमा पर नक्सल विरोधी अभियान में घायल सुरक्षाकर्मियों से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, एम्स में जाकर मुलाकात की और उनका हाल चाल पूछा। शाह दोहपहर को एम्स में ट्रामा सेंटर गये और वहां भर्ती सुरक्षाकर्मियों से बातचीत की तथा उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उनके साथ छत्तीसगढ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी थे। केन्द्रीय गृह मंत्री ने सुरक्षाकर्मियों से बात की सफल अभियान के लिए उनकी सराहना की। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में दक्षिणी बस्तर अंचल में छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा क्षेत्र में सुरक्षा बलों के 21 दिनों तक चले नक्सल विरोधी अभियान में 31 कुख्यात नक्सली मारे गये थे।

### सीईईडब्ल्यू के अरुणाभा घोष कॉप 30 के लिए दक्षिण एशिया के दूत नियुक्त



**नयी दिल्ली।** जलवायु और ऊर्जा के क्षेत्र में एशिया के प्रमुख अध्ययन संस्थानों में एक राजधानी के काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर (सीईईडब्ल्यू) के मुख्य अधिशासी अधिकारी (सीईओ) डॉ. अरुणाभा घोष को जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन - कॉप 30 के लिए दक्षिण एशिया का दूत नियुक्त किया गया है। यह सम्मेलन इस साल नवंबर में 10 से 21 तारीख तक ब्राजील में बेलेम में आयोजित किया जाएगा। सीईईडब्ल्यू की विज्ञप्ति के अनुसार डॉ घोष कॉप 30 के लिए नियुक्त हुए आठ अंतरराष्ट्रीय दूतों में से एक हैं।

### शेयर बाजार में तूफानी तेजी

**मुंबई।** अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता की प्रगति और स्थानीय स्तर पर महंगाई घटने से ब्याज दरों में कटौती होने की उम्मीद में हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में तूफानी तेजी रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1200.18 अंक अर्थात 1.48 प्रतिशत की छलांग लगाकर 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 82,530.74 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 395.20 अंक यानी 1.60 प्रतिशत उछलकर 25 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के ऊपर 25062.10 अंक पर बंद हुआ।

# राज्य के अंतिम छोर तक पहुंची विष्णु सरकार सीएम ने दंतेवाड़ा के मुलेर गांव में लगाई चौपाल

पायनियर संवाददाता < दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बस्तर संभाग के अतिदूरस्थ और आदिवासी बहुल ग्राम मुलेर का दौरा किया। यह गांव दंतेवाड़ा जिले की सीमा पर स्थित अंतिम गांवों में से एक है, जहाँ अब नियद नेल्लानार योजना के तहत समावेशी विकास कार्य तेज़ी से हो रहे हैं। मुख्यमंत्री साय का ग्रामीणों ने महुआ, आमपत्ती से बने पारंपरिक हार और गौर मुकुट पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह और पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम का भी छिंद पत्तों से बने पारंपरिक गुलदस्तों से अभिनंदन किया गया। मुख्यमंत्री साय ने इमली के पेड़ के नीचे चौपाल लगाकर ग्रामवासियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने ग्रामीणों की ज़मीनी समस्याएं सुनीं और विकास की प्राथमिकताओं पर चर्चा की। उन्होंने राशन दुकान का निरीक्षण किया, जहां हितग्राहियों से बातचीत कर राशन वितरण की नियमितता, गुणवत्ता, और उपयोग की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने खाद्यान्न का वजन भी मौके पर करवाया और एक हितग्राही का राशन कार्ड देखा। मुख्यमंत्री साय ने आंगनबाड़ी में बच्चों से आत्मीय वार्तालाप कर उनके अक्षर ज्ञान, रंग-पहचान आदि की जानकारी ली और बच्चों को चॉकलेट वितरण किया। मुख्यमंत्री साय ने मौके पर ही कई महत्वपूर्ण घोषणाएँ कीं, जिनमें अंदल कोसम माता मंदिर निर्माण के लिए 4 लाख रूपए की स्वीकृति, ग्राम में उप स्वास्थ्य केन्द्र स्थापना, नाहाड़ी तक संपर्क सड़क का निर्माण तथा गांव के सभी पारा को जोड़ने हेतु पुलिया और सीसी सड़क निर्माण के लिए 5 लाख रूपए की स्वीकृति शामिल है। उन्होंने आगे कहा कि जल्द ही शिविर लगाकर वनाधिकार मान्यता पत्र, आधार कार्ड और आयुष्मान कार्ड बनाने की कार्यवाही की जाएगी। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर प्रदेश की 10वीं बोर्ड परीक्षा में 9वां स्थान प्राप्त करने वाली दंतेवाड़ा की छात्रा रमशिला नाग से भेंट की, उसे पुष्पगुच्छ भेंटकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया, और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्राम मुलेर में मुख्यमंत्री साय का यह दौरा न केवल सुशासन की संवेदनशीलता का प्रतीक रहा, बल्कि यह भी साबित करता है कि राज्य सरकार प्रदेश के हर अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने के लिए कटिबद्ध है।



### दंतेवाड़ा जिले की ग्राम पंचायत मुलेरः योजनाओं के क्रियान्वयन से हो रहा सर्वांगीण विकास

उल्लखेनीय है कि छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले की दूरस्थ ग्राम पंचायत मुलेर विकास की नई इबारत लिख रही है। सीमित संसाधनों के बावजूद विभिन्न सरकारी योजनाओं के कुशल क्रियान्वयन ने इस गांव को सशक्ति करण, स्वावलंबन और सेवा की दिशा में एक मजबूत आधार प्रदान किया है। बड़े बचेली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मुलेर जिला मुख्यालय से लगभग 90 किमी दूर स्थित है। कुल 112 परिवारों में 474 लोग निवासरत हैं, जिनमें 100 प्रतिशत माड़िया जनजाति के लोग हैं। गांव में दो आंगनबाड़ी केन्द्र (बाल्केपारा व पटेलपारा) संचालित हैं। गांव में 6 महिला स्व-सहायता समूह कार्यरत हैं, जिनमें लक्ष्मी समूह को डीएमएफमद से ट्रैक्टर प्रदाय किया गया है। इसका उपयोग खेती के साथ-साथ किराए पर भी किया जा रहा है। बीपीएल कार्डधारी परिवारों को राशन की नियमित आपूर्ति की जा रही है। गांव में सौर ऊर्जा से होम लाइटिंग की व्यवस्था है। महतारी वंदन योजना अंतर्गत ग्राम मुलेर में महिलाएँ महतारी वंदन योजना से लाभान्वित हो रही हैं, जिससे उन्हें आर्थिक सहयोग के साथ आत्मसम्मान का अनुभव हो रहा है। मुलेर ग्राम पंचायत सुदूर आदिवासी क्षेत्र में सरकारी योजनाओं की जमीनी पहुँच और सुचारू क्रियान्वयन का एक अनुकरणीय उदाहरण है। यहां जनभागीदारी और प्रशासनिक तत्परता से विकास की दिशा में सतत और ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

# विधेयकों पर मुहर के मामले में राष्ट्रपति मुर्मु ने सुप्रीम कोर्ट से मांगी आधिकारिक राय

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उच्चतम न्यायालय से इस सवाल पर आधिकारिक राय मांगी है कि क्या न्यायालय विधेयकों को मंजूरी देने या न देने के मामले में राष्ट्रपति और राज्यपालों के लिए काई समय-सीमा निर्धारित कर सकता है। राष्टपति ने अनुच्छेद 143(1) के तहत इस मुद्दे पर शीर्ष न्यायालय से राय मांगी है। राष्ट्रपति ने 13 मई को भेजे गए इस संदर्भ में 14 प्रश्नों पर न्यायालय की राय मांगी है। इनमें यह भी पूछा गया है कि क्या संविधान के अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति द्वारा संवैधानिक विवेक का प्रयोग न्यायोचित है। उन्होंने पूछा है कि क्या संविधान के अनुच्छेद 200 और अनुच्छेद 201 के तहत किसी कानून को लागू किए जाने से पहले उस पर क्रमशः राज्यपाल और राष्ट्रपति के निर्णय न्यायोचित हैं? क्या न्यायालयों के लिए किसी विधेयक की विषय-वस्तु पर न्यायिक निर्णय लेना (किसी भी तरीके से कानून बनने से पहले) उचित है? इसमें यह भी पूछा गया कि क्या न्यायालय अनुच्छेद 142 के अंतर्गत अपनी शक्तियों का प्रयोग कर राष्ट्रपति/राज्यपाल के/द्वारा दिए गए आदेशों को किसी भी तरीके से प्रतिस्थापित कर सकता है। यह भी राय मांगी गई है कि क्या राज्य विधानमंडल द्वारा पारित विधेयक संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल की स्वीकृति के बिना लागू हो सकता है। संदर्भ में आगे पूछा गया कि क्या संविधान के अनुच्छेद 145(3) के प्रावधान के मद्देनजर, इस न्यायालय (शीर्ष अदालत) की किसी भी पीठ के लिए यह अनिवार्य नहीं है कि वह पहले यह तय करे कि उसके समक्ष कार्यवाही में शामिल प्रश्न ऐसी प्रकृति का है जिसमें संविधान की व्याख्या के रूप में महत्वपूर्ण कानूनी मुद्दा जुड़ा है और उसे कम से कम पांच न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष भेजा जाए। राज्यपति ने यह भी जानना चाहा है कि क्या संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत उच्चतम न्यायालय की शक्तियां प्रक्रिया संबंधी कानूनों तक के लिए ही सीमित हैं।

➤शेष पेज 9 पर

# समूचे आतंकी ढांचे के खात्मे तक सिंधु जलसंधि पर रोक रहेगी : जयशंकर

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारत ने दो टूक शब्दों में कहा कि सिंधु जल संधि पर रोक तभी हटाने पर विचार किया जाएगा लेकर आतंकवाद के ढांचे के समूल एवं स्थायी विनाश किया जाएगा और जम्मू कश्मीर पर सिर्फ पाकिस्तान के अवैध कब्जे को खाली कराने को लेकर बात होगी। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने होंडुरास के नये दूतावास का उद्घाटन के अवसर मीडिया से बातचीत में कहा, हमारे लिए यह बहुत अच्छी बात है कि हमारे पास होंडुरास का नया दूतावास है। होंडुरास उन देशों में से एक है जिन्होंने पहलगाम आतंकवादी हमले के समय मजबूत एकजुटता व्यक्त की थी। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के दोषियों की जवाबदेही तय करने के हमारे पक्ष को वास्तव में बहुत अधिक अंतर्राष्ट्रीय समर्थन मिला। हमारे पक्ष में एक संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) प्रस्ताव था जिसमें कहा गया था कि अपराधियों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और 7 मई को उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से जवाबदेह ठहराया गया। एक सवाल के जवाब में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान के साथ हमारे संबंध और व्यवहार पूरी तरह से द्विपक्षीय होंगे। यह वर्षों से राष्ट्रीय सहमति है, और इसमें बिल्कुल भी बदलाव नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तान के साथ बातचीत केवल आतंकवाद पर होगी। पाकिस्तान के पास आतंकवादियों की एक सूची है जिसके आधार पर आतंकवादियों को पकड़ कर हमें सौंपने और आतंकवादियों के बुनियादी ढांचे को बंद करने की आवश्यकता है। वे जानते हैं कि उन्हें क्या करना है।

# पाकिस्तान के परमाणु हथियारों को आईएईए की निगरानी में रखना चाहिए : राजनाथ सिंह

पायनियर संवाददाता < श्रीनगर
www.dailypioneer.com



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान के परमाणु हथियारों को अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की निगरानी में रखा जाना चाहिए। रक्षा मंत्री श्रीनगर में सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा पाकिस्तान ने कई बार भारत को परमाणु हमले की धमकी दी है। श्रीनगर की धरती से मैं पूरी दुनिया के सामने यह सवाल उठाना चाहता हूं कि क्या ऐसे गैरजिम्मेदार और दुष्ट देश के हाथों में परमाणु हथियार सुरक्षित हैं? मेरा मानना है कि पाकिस्तान के परमाणु हथियारों को आईएईए (अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी) की निगरानी में रखा जाना चाहिए। सिंह ने कहा कि भारत के बारे में पूरी दुनिया जानती है कि हमने हमेशा शांति को प्राथमिकता दी है। हम कभी भी युद्ध का समर्थन नहीं करते हैं। लेकिन जब ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है तो हमारे बलों को पूरे देश में सम्मान के साथ देखा जाता है। उन्होंने कहा कि एक मजबूत राष्ट्र वह होता है जो अपनी सेनाओं का सम्मान करता है और साथ ही उन्हें आधुनिक हथियारों और उपकरण से सुसज्जित करता है जिनकी उन्हें ज़रूरत होती है। मुझे गर्व है कि आज सरकार हमारी सेनाओं के लिए सब कुछ कर रही है। उन्होंने कहा कि जब देश की संप्रभुता पर हमला होता है तो जवाब देना आवश्यक हो जाता है। उन्होंने कहा कि पिछले चार दशकों से भारत पाकिस्तान की ओर से आतंकवाद का सामना कर रहा है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर इतिहास में आतंकवाद के खिलाफ भारत द्वारा की गई सबसे बड़ी कार्रवाई थी। रक्षा मंत्री ने कहा कि पहलगाम हमले को अंजाम देकर भारत को चोट पहुंचाने की कोशिश की गई और भारत की सामाजिक एकता को तोड़ने का प्रयास किया गया।

## सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन आतंकवादी ढ़ेर

वार्ता < श्रीनगर
www.dailypioneer.com

जम्मू -कश्मीर के दक्षिणी हिस्से में अवंतीपोरा में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गये हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद नादेर, त्राल इलाके में घेराबंदी की गयी और तलाशी अभियान शुरू किया गया जिसके बीच तड़के मुठभेड़ शुरू हुई। मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए। हालांकि तीनों की पहचान अभी तक नहीं हो पायी है और न ही यह जानकारी मिल पायी है कि वे किस आतंकवादी संगठन से जुड़े है। तलाशी अभियान अभी जारी है। मंगलवार के बाद से दक्षिण कश्मीर में सुरक्षाबलों और आतंकवादियो के बीच हुई यह दूसरी मुठभेड़ है। गौरतलब है कि 13 मई को शोपियां जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के तीन स्थानीय आतंकवादी मारे गए थे। मारे गए आतंकवादियों में लश्कर का स्थानीय कमांडर शाहिद कुट्टे भी शामिल था।

# कर्नल सोफियाा मामले में मंत्री विजय शाह को अंतरिम राहत देने से सुको का इनकार, सुनवाई आज

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ मध्य प्रदेश के मंत्री कुंवर विजय शाह की ओर से की गई 'अपमानजनक' टिप्पणियों के मामले में प्रदेश उच्च न्यायालय के निर्देश के खिलाफ रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया और कहा कि इस मामले पर शुक्रवार को सुनवाई की जायेगी। उच्च न्यायालय ने मंत्री की कथित आपत्तिजनक टिप्पणी पर स्वतः संज्ञान लेकर राज्य सरकार को उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिया था। शाह की ओर से उसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गयी है। शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति ए जी मसीह की पीठ ने आज इस याचिका का उल्लेख किए जाने पर कहा कि मंत्री शाह ने ऐसी टिप्पणी की है जो गैर-जिम्मेदाराना है। भाजपा नेता शाह राज्य सरकार में आदिवासी मामलों के मंत्री हैं। न्यायमूर्ति गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने मंत्री के खिलाफ मुकदमा दायर करने के मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश पर तत्काल रोक लगाने के आग्रह को अस्वीकार कर दिया और कहा कि वह इस मामले में कल सुनवाई करेगी। याचिकाकर्ता ने उच्च न्यायालय के आदेश के बाद उनके खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी पर रोक लगाने की मांग की थी। मंत्री शाह की अधिवक्ता विभा दत्ता मखीजा ने पीठ के समक्ष कहा, उन्होंने (शाह) अपनी टिप्पणियों को लेकर पश्चाताप व्यक्त किया है। उन्हें गलत समझा गया है...मीडिया ने उसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया है। हम मुकदमा - दर्ज करने के आदेश पर रोक लगाने की मांग करते हैं। पीठ ने हालांकि कहा कि शाह के एक मंत्री हैं। इस नाते उनकी टिप्पणी बेहद गैर-जिम्मेदाराना थी। न्यायमूर्ति गवई ने कहा, संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को ऐसे समय गैर-जिम्मेदारी से नहीं बोलना चाहिए।

# कांग्रेस ने कहा-राहुल गांधी लड़ रहे हैं दलित पिछड़े, आदिवासियों के न्याय की लड़ाई

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने पार्टी के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को सामाजिक न्याय का योद्धा बताते हुए कहा है कि वह एक मात्र नेता हैं जो मजबूती से दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों को न्याय देने की लड़ाई लड़ रहे हैं और इसी का परिणाम है कि बिहार में उन्हें इन वर्गों के छात्रों से संवाद करने से रोकने का प्रयास किया गया लेकिन वह नहीं माने और उन्होंने अम्बेडकर हास्टल जाकर जबरन छात्रों से संवाद किया। कांग्रेस अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) विभाग के अध्यक्ष डॉ अनिल जयहिंद तथा ऋतु चौधरी ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गांधी बिहार के दरभंगा में दलित और पिछड़ा वर्ग के छात्रों से मिलने जा रहे थे, लेकिन प्रशासन ने उन्हें रोकने की कोशिश कर तानाशाही की। गांधी दलितों और पिछड़ों के हितों और उन्हें अधिकार देने की बात करने के लिए दलित और पिछड़े वर्ग के छात्रों से मिलने जा रहे थे लेकिन नीतीश सरकार ने उन्हें रोकने के लिए बैरिकेटर लगावा दिए, लेकिन गांधी नहीं माने और वह छात्रों में मिलने पहुंच गये। उन्होंने गांधी को सामाजिक न्याय का योद्धा बताया और कहा कि वह जिस मुद्दे को हाथ में लेते हैं उसे अंजाम तक पहुंचाते हैं इसलिए कह सकते हैं कि देश में सामाजिक न्याय का समय आ चुका है और राहुल गांधी इस आंदोलन के 'न्याय योद्धा' हैं। उनका कहना था कि यदि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी या बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोचते हैं कि वे राहुल गांधी को रोक लेंगे, तो उनकी गलतफहमी है और यह साबित भी हो गया है। डॉ जयहिंद ने कहा दलित, पिछड़े और आदिवासियों को राहुल गांधी के रूप में ऐसा नेता मिला है, जो उनकी लड़ाई लड़ रहा है क्योंकि यह सरकार जब से आई है, तब से देश में दलितों, पिछड़ों, अति पिछड़ों, आदिवासियों की शिक्षा को रोकने का प्रयास कर रही है।

## घने वनों में उजाले की किरण

# दुर्गम गांवों में बिजली पहुंचाने का सपना साकार, 17 वनग्रामों में पहुंची बिजली

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित घने वनों के बीच बसे मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले के 17 वनग्रामों में पहली बार बिजली पहुंची है। यह केवल उपलब्धि नहीं, बल्कि एक बड़ी उपलब्धि है, जिसने इन ग्रामों के निवासियों के जीवन में आशा और उजाले का संचार किया है। मुख्यमंत्री मजराटोला विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत 3 करोड़ रुपये की लागत से कातुलझोरा, कट्टापार, बोदरा, बुकमरका, संबलपुर, गट्टेगहन, पुगदा, आमाकोड़ो, पीटेमेटा, टाटेकसा, कुंदलकाल, रायमनहोरा, नैनगुड़ा, मेटातोडके, कोहकाटोला, एडसमेटा एवं कुंजकन्हार जैसे अत्यंत दुर्गम गांवों में बिजली पहुंचाने का सपना साकार हुआ। इन इलाकों तक पहुंचना बेहद चुनौतीपूर्ण था। दुर्गम पहाड़ियों, सघन वनों और नक्सल खतरे के बीच कार्य को अंजाम देना किसी मिशन से कम नहीं था। जब गांवों में पहली बार ट्रांसफार्मर से बिजली की रौशनी फूटी, तब ग्रामीणों की आंखों में खुशी थी। कुछ गांवों में बच्चों ने नृत्य किया, तो कहीं बूढ़े-बुजुर्गों ने पटाखे फोड़कर अपनी खुशी जाहिर की। यह वह पल था, जिसका उन्होंने दशकों से इंतजार किया था। इन वनग्रामों के 540 परिवार अब तक सौर ऊर्जा और लालटेन पर निर्भर थे। कई गांवों में सौर प्लेट या तो चोरी हो गए थे या खराब हो चुके थे, जिससे लोगों की रातें सिर्फ काली और भयावह थी। अब 275 परिवारों को बिजली कनेक्शन मिल चुका है और बाकी बचे परिवारों के घरों में बिजली कनेक्शन लगाया जा रहा है। कार्यपालक निदेशक द्वारा ग्राम टाटेकसा में स्थापित 25 केवीए ट्रांसफार्मर को चार्ज कर चालू किया गया। इस कार्य में 45 किमी लंबी 11 केवी लाइन, 87 निम्नदाब पोल और 17 ट्रांसफार्मर स्थापित किए गए हैं। कार्यपालक निदेशक श्री सेलट ने बताया कि इन दुर्गम गांवों तक 11 केवी लाइन बिछाने के लिए वन विभाग से एनओसी प्राप्त करने से लेकर उपकरणों की ढुलाई का काम चुनौतीपूर्ण था। मुख्यमंत्री मजराटोला विद्युतीकरण योजना के संकल्प और समर्पित तकनीकी टीम के प्रयासों से यह कार्य संभव हो पाया।



# ट्रम्प का एपल से भारत में आईफोन न बनाने की गुजारिश

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एपल से भारत में आईफोन बनाने की बजाय अमेरिकी में ही इसके उत्पादन को बढाने पर ज्यादा ध्यान देने का आग्रह किया है। ट्रम्प ने कतर की यात्रा के दौरान एपल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टिम कुक के साथ मुलाकात के बाद कहा असली दिक्कत है कि टिम कुक भारत में आईफोन का निर्माण कर रहे हैं लेकिन मैं नहीं चाहता कि वह भारत में इसे बनाए। हालांकि इस बातचीत का सबसे बेहतर नतीजा यह रहा कि वह अमेरिका में भी अपना उत्पादन बढ़ाने को तैयार हैं। अमेरिकी राष्ट्रपित का कहना है कि भारत में टैरिफ सबसे ज्यादा है इसलिए वहां कुछ भी बेचना बहुत मुश्किल है। उन्होंने कहा कि उन्होंने टिम कुक से कहा है कि वह भारत में अपना संयंत्र स्थापित न करें।

# वक्फ संशोधन अधिनियम मामले पर सुप्रीम कोर्ट अब 20 मई को करेगा सुनवाई

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

उच्चतम न्यायालय ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 की संवैधानिकता के सवालों को लेकर दायर विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई 20 मई के लिए स्थगित कर दी। इस दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायालय को भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार संशोधित वक्फ कानून के तहत तब तक कोई कदम नहीं उठायेगी जब तक कि इस मामले में विस्तृत रूप से सुनवाई नहीं हो जाती है। यह मामला अब नये मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति एजी मशीह की पीठ के समक्ष है। न्यायमूर्ति गवई ने इस मामले को सुनवाई के लिए अगले गुरुवार को रखने का निर्देश दिया। उन्होंने जरूरत पड़ने पर उससे पहले भी न्यायालय की ओर से हस्तक्षेप किए जाने की संभावना का संकेत देते हुए कहा, काई अधिकारी उससे पहले कुछ करने का प्रयास करता है तो हम यहां बैठे हैं।

# इजरायल ने ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की कहा आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

इजरायल ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की सराहना करते हुए कहा है कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में वह भारत के साथ है। रक्षा मंत्रालय ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इजरायल के रक्षा मंत्रालय के महानिदेशक मेजर जनरल आमिर बारम ने रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह से चर्चा में यह बात कही। पोस्ट में कहा गया है, इजरायल के रक्षा मंत्रालय के महानिदेशक मेजर जनरल आमिर बारम ने रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह से बात की और आतंकवाद के खिलाफ भारत की उचित लड़ाई को इजरायल का पूरा समर्थन दिया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की सराहना की। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की तथा रणनीतिक सहयोग को और मजबूत करने के लिए भविष्य की रूपरेखा पर चर्चा की।

# सड़क पर मौतें, शासन मौन, मवेशियों के आतंक से कराह रहे लोग

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

शहर की सड़कों पर आज इंसान से ज्यादा हक मवेशियों का हो गया है। हर चौराहे, हर हाईवे पर झुंड के झुंड मवेशी ऐसे घूमते हैं जैसे कानून उन्हीं के लिए बना हो। न ट्रैफिक नियमों की परवाह, न प्रशासन की पकड़ और नतीजा – हादसे, खून, लाशें।

**मूक जानवर बोल नहीं सकते, लेकिन शासन बहरा क्यों है?**

हर दिन कहीं न कहीं कोई दोपहिया वाहन मवेशियों से टकराता है। कार पलट जाती है। एंबुलेंस फंस जाती है। और कभी-कभी किसी घर का चिराग ही बुझ जाता है।

**गौ सेवा के नाम पर करोड़ों की राजनीति, लेकिन जमीन पर सिर्फ**

गौशालाएं हैं - लेकिन गाय नहीं। फंड हैं - लेकिन इस्तेमाल नहीं। संस्थाएं हैं - लेकिन जिम्मेदारी लेने वाला कोई नहीं। गौ सेवा एक पवित्र काम है, लेकिन यहां यह सत्ता और अनुदान की राजनीति बन गई है।



**जनता ने जताई नाराजगी**

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि शासन-प्रशासन केवल बातें करता है, लेकिन कार्यवाही कहीं नहीं दिखती। हम रोज़ डर के साए में वाहन चलाते हैं। कभी भी कोई हादसा हो सकता है, ऐसा कहना है टोपा निवासी रूपेश नागवंशी का, जिन्होंने हाल ही में सड़क दुर्घटना में एक परिचित का गंभीर रूप से घायल हुए तत्काल जिला अस्पताल लेगा गया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उसे भर्ती नहीं किया गया। प्राथमिक उपचार के बाद युवक को बेहतर इलाज के लिए रायपुर रिफर कर दिया गया है।

**प्रशासन की आंखें बंद, जनता भगवान भरोसे**

पुलिस, जिला प्रशासन एक-दूसरे पर जिम्मेदारी टालते हैं। शिकायत करो, तो कहा जाता है- ये हमारा काम नहीं। सवाल ये है कि फिर किसका काम है? क्या सड़क पर मरने वाले किसी गिनती में नहीं आते?

**ये सिर्फ ट्रैफिक की नहीं, सोच की भी दुर्घटना है**

जब तक शासन-प्रशासन अपनी जिम्मेदारी नहीं समझेगा, और गौसेवा संस्थाएं केवल फोटो-शूट से ऊपर नहीं उठेंगी, तब तक सड़कों पर खून बहता रहेगा, और अफसर फाइलों में उलझे रहेंगे।

**अब चुप रहना भी गुनाह है। सवाल पूछिए- जोर से।**

# सड़क दुर्घटना में भालू की मौत, वन विभाग जांच में जुटा



**कांकेर।** भानुप्रतापपुर वन परिक्षेत्र अन्तर्गत ग्राम चिचगांव के पास जंगल में भालू का शव मिलने से क्षेत्रब में हड़कम्प मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और भालू के शव को बरामद कर भानुप्रतापपुर लाया गया। पशु चिकित्सकों की टीम ने शव का पोस्टमार्टम किया। जांच में सामने आया कि भालू की मौत सड़क दुर्घटना में हुई है। पशु चिकित्सक डॉ. हर्षिता साहू ने बताया कि भालू को किसी वाहन की चपेट में आने से गंभीर चोटें आई थीं, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद भालू कुछ दूर तक चलकर खेत में पहुंचा था, जहां उसकी जान चली गई। वन विभाग ने पोस्टमार्टम के बाद भालू का विधिवत अंतिम संस्कार किया। इस दौरान उपमंडलाधिकारी आई पी गैंदले, वन परिक्षेत्र अधिकारी मोहन नेताम, डिप्टी रेंजर मनोज निषाद व विभागीय अमला मौजूद रहे और सभी प्रक्रियाएं वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत पूरी की गईं। इस घटना ने एक बार फिर से जंगलों से गुजरने वाली सड़कों पर वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्षेत्र में वाहनों की तेज रफ्तार और असावधानी के चलते वन्यजीवों के साथ ऐसे हादसे लगातार सामने आ रहे हैं। वन विभाग ने वाहन चालकों से अपील की है कि वनक्षेत्रों में सावधानीपूर्वक वाहन चलाएं ताकि भविष्य में ऐसे हादसों से बचा जा सके।

# सरकारी जमीन पर दबंगों का कब्जा बरकरार तहसीलदार के आदेश के बाद भी नहीं हटा अतिक्रमण

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मरका के लिए आवंटित शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा हटाने के तहसीलदार, पिपरिया द्वारा जारी आदेश के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। उल्लेखनीय है कि खसरा नंबर 105/1 की भूमि पर सुरेरो जायसवाल और ऋषिकुमार जायसवाल द्वारा अनधिकृत रूप से भवन निर्माण किया जा रहा है। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), कवर्धा द्वारा 26 नवम्बर 2024 को जारी पत्र क्रमांक 4498/अविअ/री.-02/2024 में स्पष्ट रूप से कब्जा हटाने का निर्देश दिया गया था। इसके अनुपालन में तहसीलदार, पिपरिया ने राजस्व प्रकरण क्रमांक ईकोर्ट क.-202411081500013 ब-121 वर्ष 2024-25 के अंतर्गत आदेश पारित किया था, जिसमें कब्जाधारियों को 13 मई 2025 तक स्वेच्छा से भूमि खाली करने का निर्देश दिया गया था। लेकिन खबर लिखे जाने तक न तो कब्जा हटाया गया है और न ही कोई पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कब्जाधारी प्रभावशाली और दबंग प्रवृत्ति के हैं, जिस कारण प्रशासनिक आदेशों की खुलेआम अवहेलना की जा रही है।





## स्वास्थ्य केन्द्र के कार्य में बाधा

अवैध कब्जे के कारण स्वास्थ्य केन्द्र मरका में बाउंड्रीवॉल का निर्माण नहीं हो पा रहा है, जिससे सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार में गंभीर बाधा उत्पन्न हो रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि जिला प्रशासन इस मामले में शीघ्रता से कठोर कार्रवाई कर शासकीय भूमि को मुक्त कराए।

**प्रशासन की अगली कार्रवाई पर निगाहें**

अब सभी की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि क्या प्रशासन कानून का पालन करवाने में सक्षम सिद्ध होगा या दबंगों की मनमानी यूँ ही जारी रहेगी।

# शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने से पहले आश्रम-छात्रावास की व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणी बोरा ने राज्य के सभी जिला कलेक्टरों, परियोजना-प्रशासक (एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना) और समस्त सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को पत्र लिखकर आगामी शैक्षणिक सत्र 2025-26 के प्रारंभ होने से पहले आश्रम-छात्रावास में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के निर्देश दिए हैं। प्रमुख सचिव बोरा द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि आदिम जाति विकास विभाग द्वारा संचालित आश्रम-छात्रावास महत्वपूर्ण संस्थान है, जहां विद्यार्थी अनुशासन में रहकर शिक्षा ग्रहण करते है। इन आश्रम-छात्रावासों में प्रवेशित विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक योजनाएं संचालित है। आश्रम-छात्रावास में आदिम जाति, अनुसूचित जाति अन्य पिछड़ा व कमजोर वर्ग के विद्यार्थी आश्रम-छात्रावास में रहकर शिक्षा ग्रहण करते है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में और विभागीय मंत्री श्री रामविचार नेताम के मार्गदर्शन में इन वर्गों के समुचित विकास के लिए सरकार प्राथमिकता से कार्य कर रही है। पत्र में कहा गया है कि विभाग द्वारा आश्रम-छात्रावासों में प्रवेश हेतु निर्धारित तिथि एवं माप दण्ड के अनुरूप नए विद्यार्थियों के प्रवेश हेतु आवश्यक कार्यवाही किया जाए। कन्या छात्रावासों में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। पत्र में कहा गया है कि आश्रम-छात्रावासों से यह संज्ञान में आया है कि छात्रावासी विद्यार्थियों में खाज, खुजली व अन्य चर्म रोग की शिकायत पायी जाती है, जिसका एक बड़ कारण कपड़ों, चादरों का स्वच्छ नहीं होना है। इन रोगों की रोकथाम के लिए उपयोग की जाने वाली सामग्रियों जैसे गद्दा, चादर, पलंग आदि का नियमित साफ सफाई किया जाए, नेफथालिन की गोली आदि डालकर रखा जाए। साथ ही व्यक्तिगत स्वच्छता के तहत् प्रत्येक बच्चें के नाखून और बाल समय-समय पर कटवाएं जाएं व कपड़े साफ-सुथरे हो। छात्रावास के छत और परिसर का भी नियमित रूप से साफ-सफाई हो ताकि विद्यार्थियों के स्वच्छ वातावरण, आकर्षक और शैक्षणिक वातावरण मिल सकें। प्रमुख सचिव बोरा द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि ऐसे आश्रम-छात्रावास भवन जिनकी छत खपरैल की हो अथवा जर्जर हो तो उन्हें बरसात के पहले मरम्मत व ठीक कर लिया जाए। साथ ही शौचालय, स्नानागार, विद्युत उपकरण आदि की मरम्मत का कार्य रंगरोगन का कार्य पूर्ण करा लिया जाए और छात्रावास-आश्रमों की आंतरिक दीवारों पर महत्वपूर्ण जानकारियां व श्लोगन आदि अंकित किया जाए। पत्र में कहा गया है कि प्री-मेट्रिक छात्रावासों एवं आश्रमों में निवासरत विद्यार्थियों को शिष्यवृत्ति की राशि ऑनलाईन भुगतान की जाती है उस राशि का सही उपयोग हो। साथ ही वर्ष 2025-26 के लिए छात्रवृत्ति, शिष्यवृत्ति नवीनीकरण आश्रम-छात्रावास में प्रवेश के साथ ही अनिवार्य रूप से 30 मई तक कर लिया जाए और उन्हें प्रथम किश्त की शिष्यवृत्ति रशि 10 जून तक जारी करना सुनिश्चित किया जाए।

# महतारी भोग एग्रो प्रोडक्ट्स संस्थान का हुआ शुभारंभ, ऑटोमेटिक प्लांट में बनेगा चोकर युक्त आटा-प्रमोद केशरी

पायनियर संवाददाता < रामानुजगंज
www.dailypioneer.com



नगर पालिका क्षेत्र पावर हाउस रोड के वार्ड क्रमांक 15 में महतारी भोग एग्रो प्रोडक्ट्स संस्थान का शुभारंभ प्रोपराइटर प्रमोद कुमार केशरी एवं उनके अनुज सुनील कुमार केशरी के मामा काशीनाथ केशरी एवं फूफा कृष्ण प्रसाद केशरी के द्वारा किया गया। उक्त प्रोडक्शन के संबंध में प्रमोद कुमार केशरी ने बताया कि ऑटोमेटिक प्लांट के माध्यम से चोकर युक्त आता की सप्लाई मार्केट में की जाएगी जो सेहत के लिए फायदेमंद माना जाता है। उन्होंने बताया कि ये तो हम सभी जानते हैं कि चोकर वाला आटा खाना फायदेमंद होता है लेकिन ये फायदे क्या होते हैं इसके बारे में बहुत कम लोगों को ही पता होता है। उन्होंने आगे कहा कि अक्सर हमारे घरों में आटे के चोकर को बेकार समझकर फेंक दिया जाता है। बाजार में बिकने वाला आटा भी बहुत महीन होता है माना कि ऐसे आटे से बनी रोटियां मुलायम होती हैं लेकिन ये कितनी खतरनाक हो सकती हैं इसका अंदाजा बहुत कम लोगों को होता है। उन्होंने आगे कहा कि गेंहू की बात करें तो इसके चोकर में बहुत सारे लवण और विटामिन होते हैं इसी वजह से इसे आदर्श रेशा भी कहा जाता है चोकर वाला आटा इस्तेमाल करना इसलिए ज्यादा जरूरी है क्योंकि जो तत्व हमें चोकर से मिलते हैं वो और कहीं से नहीं मिल पाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि शुरुआती दौर में हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए 1 किलो 3 किलो और 5 किलो का पैक सप्लाई किया जाएगा। इस अवसर नगरपालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल, कन्हैया लाल अग्रवाल, मोहन प्रसाद गुप्ता, रामसेवक गुप्ता, अजय गुप्ता, रमेश गुप्ता, पृथ्वी लाल केशरी, दिलीप केशरी, दिनेश केसरी, दीपक केशरी गढ़वा, अंबिकापुर से संतोष गुप्ता, आनंद गुप्ता, अतुल गुप्ता सहित प्रमुख लोग उपस्थित थे।

## चोकर युक्त आटा खाने के अनेक फायदे

नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने उपस्थित जनों को चोकर युक्त आता सेवन करने के संबंध में बताया कि चोकर युक्त आटे का इस्तेमाल करने से कब्ज की समस्या दूर, आँतो में चिपका हुआ मल और गंदगी साफ, पेट फूलने एवं गैस से मुक्ति, ये अमाशय के घावों को भरने, कोलेस्ट्रॉल को संतुलित करने, अपेंडिसाइटिस और बवासीर जैसी बीमारियों में फायदेमंद, फाइबर का खजाना, मोटापा घटाने में कारगर होता है। इसलिए जोकर युक्त आटे का ही लोगों को सेवन करना सेहत के लिए फायदेमंद माना जाता है।

# संग्रहालय का भविष्य पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा

**रायपुर।** संस्कृति विभाग अंतर्गत संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय और इंटरनेशनल कौंसिल ऑफ म्यूजियम्स इंटर कॉम के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस 2025 के थीम तेजी से बदलते समुदायों में संग्रहालय का भविष्य पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन रायपुर में किया जा रहा है। महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय के सभागार में 16 से 18 मई 2025 तक होने वाले इस तीन दिवसीय आयोजन में बीज वक्तव्य, व्याख्यान, परिचर्चा और संग्रहालय अवलोकन के कार्यक्रम होंगे। शुक्रवार को कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। संगोष्ठी के प्रथम सत्र में अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय के निदेशक एवं मैनेजिंग कंसल्टेंट डॉ. संजीब कुमार सिंह आधार वक्तव्य प्रस्तुत करेंगे। इस संगोष्ठी में 16 और 17 मई को चार सत्रों में गुजरात, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, मध्य प्रदेश सहित छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विषय विशेषज्ञों के व्याख्यान होंगे। आमंत्रित विद्वान वरिष्ठ संग्रहालय विज्ञानी नंदन शास्त्री (गुजरात), इंटरनेशनल कौंसिल ऑफ म्यूजियम इंटरकॉम की बोर्ड मेंबर रीना दीवान (कोलकाता), हाउसियम के संस्थापक डॉ. हिरेन शाह (गुजरात), बायोडायवर्सिटी एक्सप्लोरेशन एंड रिसर्च सेंटर रायपुर में धरोहर कार्यक्रम के प्रमुख राहुल कुमार सिंह (छत्तीसगढ़), रेवेंशॉ यूनिवर्सिटी कटक के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. उमाकांत मिश्रा (ओडिशा), एंथ्रोपोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के अधीक्षण एंथ्रोपोलॉजिस्ट और उप क्षेत्रीय कार्यालय जगदलपुर के प्रमुख डॉ. पीयूष रंजन साहू (छत्तीसगढ़), इंदिरा गांधी नेशनल ट्राइबल यूनिवर्सिटी अमरकंटक के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अमित सोनी (मध्य प्रदेश) और रायपुर स्थित कॉन्फ्लिक्टोरियम संग्रहालय के प्रोग्राम एसोसिएट गार्गी वर्मा के व्याख्यान होंगे जो संग्रहालय के भविष्य और चुनौतियों के विविध पक्षों को उजागर करेंगे। इस संगोष्ठी में मॉरिशस के नागरिक शशि चंद्र देसाई, संग्रहालय विधा से जुड़े प्रोफेशनल, इतिहासकार, पुराविद, विद्यार्थी, अध्येता और छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के जिला पुरातत्व संघ के सदस्य सहभागिता करेंगे।

# बायो-सीएनजी संयंत्रों हेतु भूमि आबंटन के लिए राज्य शासन ने कलेक्टरों को लिखा पत्र

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

**सार्वजनिक उपक्रमों, तेल और गैस विपणन कंपनियों को रियायती लीज दर पर दी जाएगी जमीन**

राज्य शासन ने जैव अपशिष्ट और कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण के लिए नगरीय निकायों में स्थापित किये जाने वाले बायो-सीएनजी संयंत्रों हेतु भूमि आबंटन के लिए सभी जिलों के कलेक्टरों को परिपत्र जारी किया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा मंत्रालय से जारी परिपत्र में विगत 17 अप्रैल को हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में लिए गए निर्णय का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि मंत्रिपरिषद के निर्णय के परिपालन में राज्य के सभी नगरीय निकायों में जैव अपशिष्ट-सह-कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण के लिए स्थापित किये जा रहे बायो-सीएनजी संयंत्रों हेतु रियायती लीज दरों पर शासकीय भूमि का आबंटन किया जाना है। बायो-सीएनजी संयंत्रों की स्थापना हेतु आवश्यक कार्यवाही के लिए नगरीय प्रशासन विभाग और संबंधित नगरीय निकाय को अधिकृत किया गया है। राज्य शासन ने नगरीय निकायों में जैव अपशिष्ट और कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण के लिए स्थापित किये जा रहे बायो-सीएनजी संयंत्रों हेतु सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों एवं शासकीय तेल और गैस विपणन कंपनियों को बायो-सीएनजी संयंत्रों के लिए अधिकतम दस एकड़ शासकीय भूमि का आबंटन रियायती लीज दर एक रुपए प्रति वर्गमीटर के मान से करने के लिए कलेक्टरों को निर्देशित किया है। विभाग ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों एवं शासकीय तेल और गैस विपणन कंपनियों को अधिकतम 25 वर्षों की लीज पर भूमि आबंटित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।
















16 May 2025 Pride Of Raipur

























विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

# गलगम पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, जवानों का हौसला बढ़ाया

## नक्सल विरोधी अभियान की सफलता पर दी बधाई

पायनियर संवाददाता ✓ बीजापुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बीजापुर जिले के उसूर तहसील के अंदरूनी गांव गलगम पहुंचे, जहाँ उन्होंने सीआरपीएफ के जवानों और स्थानीय ग्रामीणों से मुलाकात कर हालिया नक्सल विरोधी अभियान की सफलता पर चर्चा की। इस अभियान में सुरक्षा बलों ने करेगुट्टा की पहाड़ी पर 21 दिनों तक चले ऑपरेशन में 31 कुख्यात माओवादी आतंकियों को मार गिराया और बड़ी मात्रा में हथियार बरामद किए। मुख्यमंत्री साय ने इस अभियान को नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ के लक्ष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बताया। मुख्यमंत्री साय ने भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी के जयकारे के उद्बोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि हमारे जवानों ने अदम्य साहस और समर्पण के साथ इस ऑपरेशन को सफल बनाया है। यह न केवल बीजापुर बल्कि पूरे राज्य के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। गलगम और करेगुट्टा का क्षेत्र लंबे समय से नक्सलियों का गढ़ माना जाता रहा है और इस अभियान ने इस इलाके को सुरक्षित बनाने की दिशा में नई उम्मीद जगाई है। सीआरपीएफ जवानों से मुलाकात के दौरान साय ने उनके साहस की सराहना की और कहा कि आपके शौर्य और निष्ठा से ही हम नक्सलवाद के खिलाफ इस लड़ाई को जीत रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमें सरकार में आए डेढ़ साल हुए हैं और इस अवधि में हमने राज्य में सुशासन स्थापित करने का प्रयास किया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आप लगातार अनेक कठिन नक्सल विरोधी ऑपरेशन को अंजाम दे रहे हैं। आप 44 डिग्री की गर्मी में भी ऑपरेशन चलाते हैं। ऐसे जवानों के अदम्य साहस को मैं नमन करता हूँ। उन्होंने बताया कि वे सुरक्षा कैम्प को सुविधा कैम्प मानते हैं क्योंकि सुरक्षा कैम्प के माध्यम से अब बस्तर के सुदूर इलाकों में अनेक तरह की सुविधाएं पहुंच रही हैं। मुख्यमंत्री साय के कहा कि जब हमारी सरकार आयी तो इस क्षेत्र में सबसे पहला कैम्प मूलेर में खोला गया। आज मूलेर समेत आसपास के गांव में राशन की सुविधा, बिजली, स्वास्थ्य, स्कूल, मोबाइल टॉवर जैसी सुविधाएं मिलने लगी हैं। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व और मार्गदर्शन में नक्सल विरोधी अभियान में लगातार सफलता मिल रही है। राज्य में मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त करने का लक्ष्य है, निश्चित रूप से फोर्स के जवानों के अदम्य साहस की बदौलत हम इस संकल्प को पूरा कर लेंगे। उन्होंने कहा बस्तर में नियद नेल्ला नार योजना ने स्थानीय लोगों से जुड़ने में अहम भूमिका निभाई है। अपने दौरे के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ग्रामीण हितग्राहियों से भी मुलाकात की और उन्हें राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड का वितरण करते हुए पीएम आवास योजनांतर्गत स्पेशल प्रोजेक्ट नक्सल पीड़ित व आत्मसमर्पित परिवारों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि सरकार क्षेत्र में विकास कार्यों को और अधिक तेज गति से करेगी साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देगी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ को पूरी तरह नक्सल मुक्त बनाने का लक्ष्य है, और इसके लिए सुरक्षा बलों के साथ-साथ स्थानीय समुदायों का सहयोग भी जरूरी है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि क्षेत्र में सड़क, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत किया जाएगा, ताकि ग्रामीण मुख्यधारा से जुड़ सकें। इसके साथ ही, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। मुख्यमंत्री साय ने गलगम कैंप में जवानों के साथ तस्वीर खिंचाई और भारत माता के जयकारे से उनका जोश बढ़ाया। जवानों ने भी नारे लगाते हुए देशभक्ति का जज़्बा दिखाया। मुख्यमंत्री ने जवानों संग बैठकर भोजन भी किया। गलगम कैम्प में हुए आयोजन में पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम ने अपने उद्बोधन में फोर्स के जवानों द्वारा किए जा रहे सिविक एक्शन को सराहा। वहीं कलेक्टर बीजापुर संबित मिश्रा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को बताया कि सुशासन तिहार-2025 के अंतर्गत बीते कल ही गलगम में समाधान शिविर का आयोजन किया गया था। इस दौरान गलगम कलस्टर में कुल 1590 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से अधिकतर आवेदन वन अधिकार पत्र के थे, जिनका परीक्षण कर सार्थक कार्यवाही की जा रही है। इस अवसर पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, बस्तर रेंज आईजी सुंदरराज पी., डीआईजी कमलोचन कश्यप, कलेक्टर संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी और सुरक्षा बलों के जवान उपस्थित थे।

# पीएम आवास योजना पूर्ण हुए आवासों में गृह प्रवेश उत्सव का हुआ आयोजन



पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के निर्देशानुसार कोण्डागांव सहित पूरे राज्य में पीएम आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियों के लिए मंगलवार को गृह प्रवेश समारोह आयोजित किया गया। इसी कड़ी में जिले के समस्त जनपदों में भी गृह प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया इस दौरान लाभार्थी परिवारों को पूरे हर्षोल्लास के और रीति रिवाजों के साथ गृह प्रवेश कराया गया। गृह प्रवेश कार्यक्रम को ख़ास बनाने हेतु प्रत्येक हितग्राही के घर में रंगोली बनाकर दीप प्रज्वलन तथा हवन-पूजन जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस आयोजन में स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया। जिससे जनभागीदारी को बढ़ावा मिला। गृह प्रवेश कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई और उन्हें संबंधित योजनाओं से जोड़ने की पहल की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य केवल एक आवास देना नहीं, बल्कि लाभार्थियों के परिवार में सामाजिक व आर्थिक बदलाव लाना है। इसी कड़ी में विकासखंड केशकाल के ग्राम पंचायत आवरा भाटा के हितग्राही झगडू राम के नव निर्मित आवास में भी विधि विधान से पूजा अर्चना कर विधिवत गृह प्रवेश कराया गया। झगडू राम ने बताया कि अब उन्हें कच्चे मकान में होने वाली परेशानियों से मुक्ति मिली है। साथ ही आवास के साथ शासन की अन्य योजनाओं का भी लाभ मिला है। अब वे अपने मकान में परिवार के साथ सुकून से जीवन यापन करेंगे। इस अवसर पर योजना का लाभ पाकर हितग्राही झगडू राम भावुक हो उठे और शासन की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ दिलाने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व शासन प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# किरन्दुल पहुंची श्री सत्य साईं प्रेम प्रवाहिनी रथ, कराया गया नगर भ्रमण





पायनियर संवाददाता ✓ किरंदुल
www.dailypioneer.com

श्री सत्य साई सेवा संगठन भारत (सेंट्रल जोन) के तहत सत्य साई प्रेम प्रवाहिनी रथ किरन्दुल में दिनांक 14 मई प्रातः 10:30 बजे मिश्रा कैम्प में आगमन हुआ।जिसका स्वागत रामचन्द्र एवं नागरिकों के द्वारा आरती, पुष्प वर्षा के साथ किया गया।भजन के साथ बाबा का रथ साई मंदिर (गणेश मन्दिर) पहुंचा। भण्डारे के आयोजन पश्चात शाम 4:30 बजे प्रवाहिनी रथ का किरन्दुल में भ्रमण कराया गया।जिसमें सभी समुदाय व जाति के लोग रथ का आरती किए।नगर भ्रमण पश्चात रथ पुनः साई मन्दिर पहुंची।इस अवसर पर वरिष्ठ व कर्मठ साई भक्तों को साल से सम्मानित व बाबा के छायाचित्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।तथा गुरुवार प्रातः 5:30 बजे से सुप्रभात संकीर्तन किया गया व 9:30 बजे साई परिवार द्वारा प्रवाहिनी रथ की विदाई की गई।

# हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाने विशेष शिविर 19 से 21 मई तक

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

एक अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत सभी प्रकार के वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाना अनिवार्य किया गया है। लोगों की सुविधा के लिये जिले में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की बुकिंग एवं फिटमेंट कार्य हेतु 3 दिवसीय शिविर का आयोजन 19 से 21 मई तक जिला परिवहन कार्यालय कोण्डागांव में किया जाएगा। एचएसआरपी नंबर प्लेट हेतु आवेदन के लिए लोगों को अपने साथ वाहन का आरसी कार्ड एवं आधार कार्ड के साथ आना होगा एवं निर्धारित शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के पश्चात् नंबर प्लेट हेतु आवेदन किया जायेगा। जिसके पश्चात एक सप्ताह के भीतर जिला परिवहन कार्यालय कोण्डागांव में आकर वाहन में नंबर प्लेट लगाया जा सकता है। साथ ही जिन लोगों का वाहन में मोबाइल नंबर अपटेड नहीं है उन वाहनों में मोबाइल नंबर अपटेड का भी कार्य जिला परिवहन कार्यालय कोण्डागांव में किया जायेगा।

**घर बैठे भी ऐसे कर सकते हैं ऑनलाइन अप्लाई** : सरकार द्वारा सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगाने हेतु अधिकृत पंजीकृत पोर्टल पर जारी किया गया है, जिसके माध्यम से ऑनलाइन एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने हेतु आवेदन किया जा सकता है। उस साइट में जाकर अपनी सभी आवश्यक विवरण जैसे वाहन नंबर, चेसिस नंबर, इंजन नंबर, पता, मोबाइल नंबर, और फ्यूल ऑप्शन आदि भरने के पश्चात् पंजीकृत मो. नंबर पर ओटीपी प्राप्त होगा जिसके पश्चात निर्धारित शुल्क भुगतान करने के पश्चात् एक रसीद मिलेगी, जैसे ही वाहन का हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट तैयार हो जाएगी, मोबाइल पर उसका मैसेज आ जाएगा।

# कलेक्टर ने पीएम श्री स्कूल में समर कैंप का किया अवलोकन



पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने बुधवार को पीएम एमजीएम स्कूल में आयोजित समर कैंप का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगोली, पेंटिंग, क्राफ्ट वर्क, डांस और हैंडीक्राफ्ट जैसी गतिविधियों की सराहना की। कलेक्टर ने बच्चों की पब्लिक स्पीकिंग और कम्युनिकेशन स्किल्स की प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चों को मंच प्रदान कर पब्लिक में बोलने के अवसर दिए जाने चाहिए, जिससे उनके आत्मविश्वास का विकास हो सके। उन्होंने समर कैंप को और अधिक रचनात्मक बनाने की सलाह दी और बच्चों को उससे जुड़ाव बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को चॉकलेट वितरित की और उनके प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान, प्राचार्य, डीएमसी, खंड शिक्षा अधिकारी तथा खंड स्त्रोत समन्वयक उपस्थित रहे सभी ने कलेक्टर का आभार व्यक्त किया। साथ ही उपस्थित पालकों ने भी समर कैंप के आयोजन की सराहना की।

# जिला चिकित्सालय में संचालित कैंटीन में खाद्य सामग्रियों की जांच की गई



पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिला चिकित्सालय कोण्डागांव में संचालित कैंटीन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी डी के देवांगन द्वारा निरीक्षण कर खाद्य सामाग्रियों के जांच हेतु नमूने लिए गए। जिला चिकित्सालय के कैंटीन में भोजन का निर्माण सिद्धीदात्री स्व सहायता समूह के द्वारा की जाती है। कैंटीन में भोजन तैयार कर हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों को वितरित किया जाता है। भोजन की गुणवत्ता जांचने के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारी के द्वारा नमूना लेने की कार्यवाही की गई, जिसमें मरीजों के लिए तैयार भोजन में से दाल और सब्जी तथा सूखा राशन का नमूना लिया गया है और इसे जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# बस्तर कमिश्नर ने बड़े कनेरा समाधान शिविर का लिया जायजा

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



सुशासन तिहार के तीसरे चरण में विकासखंड कोण्डागांव अंतर्गत ग्राम बड़ेकनेरा में आयोजित समाधान शिविर का बस्तर कमिश्नर डोमन सिंह ने जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सभी विभागों के स्टॉल में जाकर संबंधित अधिकारियों से प्राप्त आवेदनों की संख्या और निराकरण की जानकारी ली और अधिकारियों को आवेदनों पर गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान कमिश्नर ने वन अधिकार पत्रों के नामांतरण-बंटवारा प्रकरणों के समुचित निराकरण करने पर जोर देते हुए कहा कि राजस्व एवं वन विभाग के मैदानी अमले की कार्यशाला में कार्ययोजना तैयार कर कार्यान्वयन करें। इस दिशा में व्यापक प्रचार-प्रसार करने सहित सम्बन्धित वन परिक्षेत्र कार्यालय में आवेदकों से आवेदन पत्र प्राप्त कर निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों से खाद बीज उपलब्धता और भंडारण की जानकारी ली। साथ ही उद्यानिकी और मछली पालन विभाग से भी अब तक लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी लेते हुए विभागीय योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को दिलाने हेतु निर्देशित किया।

**शीतल दास को मिला कोटवार नियुक्ति पत्र** - समाधान शिविर में बस्तर कमिश्नर और उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को सामग्रियों का वितरण किया गया। इसमें उद्यानिकी विभाग द्वारा राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत 20 किसानों को सब्जी बीज मिनीकिट, कृषि विभाग द्वारा 10 किसानों को धान बीज, खाद्य विभाग द्वारा 10 हितग्राहियों को राशन कार्ड, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 05 जन्म प्रमाण पत्र और 06 आयुष्मान कार्ड, राजस्व विभाग द्वारा 07 किसानों को किसान किताब वितरित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 02 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और 02 बच्चों का अन्नप्राशन भी संपन्न कराया गया।

# समाधान शिविर : एक ही मंच में सभी समस्याओं का समाधान

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ सुशासन तिहार ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले उन लोगों के लिए किसी वरदान से कम नहीं, जो अपनी समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय तक नहीं पहुंच पाते थे। अब प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और विभागीय अमला स्वयं गांव में पहुंचकर लोगों की समस्याओं को सुन रहे हैं और मौके पर ही उनका समाधान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का यह कदम छत्तीसगढ़ में सुशासन की दिशा में एक नई पहल है, जो मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के जनसेवा पर आधारित दृष्टिकोण को धरातल पर उतारने का सशक्त माध्यम बनती जा रही है। यह कार्यक्रम न केवल प्रशासनिक प्रणाली को गाँव-गाँव तक सक्रिय रूप से पहुँचाने का कार्य कर रहा है, बल्कि आम जनता को सीधे तौर पर शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने में भी अहम भूमिका निभा रहा है। कोण्डागांव विकासखंड के ग्राम बड़े कनेरा में बुधवार को सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया था। जहाँ 11 पंचायतों के ग्रामीणों ने हिस्सा लिया और अपनी समस्याओं को प्रशासन को अवगत कराये। शिविर में कई आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया और साथ ही 59 हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं के तहत सामग्री वितरित की गई।

## सौर सुजला योजना एवं जल जीवन मिशन अंतर्गत स्थापित किये जा रहे संयंत्रों की गुणवत्ता का किया परीक्षण

# सुशासन तिहार के अंतर्गत क्रेडा सीईओ का बस्तर संभाग के जिलों में दौरा

पायनियर संवाददाता ✓ कांकेर
www.dailypioneer.com





भारत सरकार एवं राज्य सरकार की सौर आधारित महत्तवपूर्ण योजनाओं के माध्यम से राज्य के नागरिकों को लाभ पहुंचाने का कार्य गैर परम्परागत ऊर्जा स्त्रोतों के क्रियान्वयन हेतु राज्य एवं केन्द्र सरकार की नोडल एजेंसी क्रेडा द्वारा किया जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के मंशानुसार कार्यों की उत्कृष्ट गुणवत्ता एवं इसमे जीरो टॉलरेंस नीति को फलीभूत करने का कार्य क्रेडा सी.ई.ओ. राजेश सिंह राणा द्वारा सत्त रूप से किया जा रहा है। इस जीरो टॉलरेंस नीति के अंतर्गत संयंत्रों के गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए राणा द्वारा स्वयं ही ताबड़तोड दौरे किये जा रहे है। इसी की निरंतरता में राजेश सिंह राणा, सी.ई.ओ., क्रेडा द्वारा 14 मई को बस्तर संभाग के कांकेर एवं कोण्डागांव जिलों के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन योजना, सौर सुजला योजना, ग्रामीण विद्युतीकरण इत्यादि योजनाओं के अंतर्गत स्थापित सोलर संयंत्रों का औचक निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम सी.ई.ओ. क्रेडा द्वारा जिला कांकेर के विकाखण्ड चारमा के ग्राम-झिपाटोला (चिनौरी) में जल जीवन मिशन योजनांतर्गत स्थापित सोलर ड्यूल पंप का निरीक्षण किया गया एवं संयंत्र से लाभान्वित ग्रामीण दुर्गा यादव, कमलेश यादव एवं शिवबती कुंजाम से संयंत्र की उपयोगिता के विषय में जानकारी ली। जिसमें ग्रामीणों द्वारा संयंत्र के सुचारू रूप से कार्यशील होने एवं पेयजल की मूलभूत सुविधा हेतु संयंत्र के सहायक होने की जानकारी दी गई एवं संयंत्र की कार्यशीलता पर प्रसन्नता व्यक्त की गई। तदोंपरांत सी.ई.ओ. क्रेडा द्वारा कांकेर विकासखण्ड के ग्राम-माकड़ी खुना का निरीक्षण किया गया। जिसमें जल जीवन मिशन अंतर्गत स्थापित सोलर ड्यूल पंप का निरीक्षण किया गया। जिसमें संयंत्र कार्यशील पाया गया। इस दौरान सी.ई.ओ. क्रेडा द्वारा वहां उपस्थित ग्रामीणों सुजाता बढ़ई, अवधेश कुमार तथा कुमार चक्रवर्ती से संवाद किया गया। जिसमें ग्रामीणों द्वारा सोलर ड्यूल पंप के कार्यशील होने की बात कही गई, किन्तु अवगत कराया गया कि, पी.एच.ई. विभाग द्वारा पाईप लाईन का कार्य लंबित होने के चलते उनके घरों तक पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। इस पर सी.ई.ओ. क्रेडा द्वारा वहां उपस्थित क्रेडा के अधिकारियों को पी.एच.ई. विभाग से समन्वय कर यथाशीघ्र पाईप लाईप कार्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये। तत्पश्चात उनके द्वारा कांकेर विकासखण्ड के ही ग्राम-अर्जूनी की महिला किसान दशरी बाई मण्डावी/पति माया राम से उनके खेत में सौर सुजला योजना के नौवे चरण में स्थापित सोलर पंप के विषय में जानकारी ली गई। जिसमें महिला किसान द्वारा वर्तमान में स्थापित पंप का उपयोग तालाब भरे जाने में किये जाने की जानकारी सी.ई.ओ. क्रेडा का दी गई। इस पर दशरी बाई मण्डवी एवं उनके परिवार द्वारा मुख्यमंत्री एवं क्रेडा सी.ई.ओ. राणा का आभार व्यक्त किया गया। इसके पश्चात् सी.ई.ओ. क्रेडा द्वारा जिला कोण्डागांव के ग्राम-पिपरा (चिख्लाडीहपारा) में जल जीवन मिशन फेस-02 अंतर्गत स्थापित सोलर पेयजल संयंत्र का निरीक्षण किया गया। जिसमें स्थापित संयंत्र कार्यशील पाया गया। इस दौरान सी.ई.ओ. क्रेडा द्वारा ग्राम-पिपरा (चिख्लाडीहपारा) में स्थापित पेयजल संयंत्र के समीप निवासरत गोड़ जाति से आने वाले परिवार के मुखिया मोहन मरकाम से समक्ष में संयंत्र की उपयोगिता के संबंध में चर्चा की, जिसमें ग्रामीण मोहन मरकाम द्वारा गोड़ी भाषा में केन्द्र एवं राज्य शासन की इस योजना के प्रति प्रसन्नता व्यक्त की एवं सी.ई.ओ. क्रेडा से पी.एच.ई. की पाईप लाईन संयंत्र से जोड़े जाने का अनुरोध किया। जिस पर सी.ई.ओ. क्रेडा द्वारा स्थल पर उपस्थित अधिकारियों को पी.एच.ई. विभाग से समन्वय कर यथाशीघ्र पाईप लाईप कार्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये।

इसके पश्चात् राणा द्वारा जिला कोण्डागांव के विकासखण्ड-फरसगांव के ग्राम-पतोड़ा में सौर सुजला योजना के आठवे चरण में सोलर पंप से मछली पालन कर रहे हितग्राही दीनूराम नाग से संयंत्र की उपयोगिता के संबंध में चर्चा की, जिसमें हितग्राही द्वारा बड़े पैमाने पर सोलर पंप का उपयोग कर मछली पालन एवं मक्के की खेती कर व्यवसाय किये जाने की जानकारी दी गई एवं सोलर पंप की स्थापना के उपरांत से उनके जीवन में आये सकारात्मक बदलाव के विषय में सी.ई.ओ. क्रेडा को अवगत कराते हुए हर्ष व्यक्त किया गया। इसी क्रम में सौर सुजला योजना के नौवे चरण में प्रदेश स्तर पर स्थापित किये जा रहे सोलर पंप की गुणवत्ता मैदानी स्तर पर पता किये जाने हेतु सी.ई.ओ. क्रेडा द्वारा विकासखण्ड-कोण्डागांव के ग्राम-भण्डारसीवनी के किसान मानिकलाल के खेत में स्थापित सोलर पंप का निरीक्षण किया गया। संयंत्र के विषय में हितग्राही स्तर पर प्रतिक्रिया लिये जाने के उद्देश्य से राणा द्वारा सीधे किसान मानिकलाल से चर्चा की। चर्चा के दौरान किसान द्वारा संयंत्र के उपयोगी होने एवं कृषि कार्य हेतु लाभकारी होने की बात कही गई। राणा द्वारा निरीक्षण उपरांत वहॉं उपस्थित क्रेडा के अधिकारियों/ कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि क्रेडा के विभिन्न परियोजना अंतर्गत चल रहे कार्य जैसे- जल जीवन मिशन, सौर सुजला योजना, सोलर हाई मॉस्ट संयंत्र, सोलर पॉवर प्लांट एवं अन्य संयंत्रों के स्थापना के दौरान सतत् स्थल निरीक्षण करते हुए निविदा के मापदण्डानुसार गुणवत्ता सुनिश्चित कराते हुए कार्य समय पूर्ण कराएं।

# कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित टिप्पणी का विरोधः मध्य प्रदेश के मंत्री व भाजपा नेता विजय शाह का कांग्रेसियों ने किया पुतला दहन


पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com



मध्य प्रदेश के मंत्री व भाजपा नेता विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ की गई विवादित टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन किया। गांधी मैदान धमतरी में आयोजित विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं ने मंत्री विजय शाह को बर्खास्त कर उनके खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शरद लोहाना ने कहां की मंत्री शाह ने सेना की कर्नल सोफ्यिा कुरैशी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की है। उन्होंने इसे देश की बेटियों का अपमान बताया। भाजपा संगठन को सेना का अपमान करने वाले मंत्री के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। विधायक ओंकार साहू ने कहा क़ी मध्यप्रदेश भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह, जो देश की बहादुर बेटी कर्नल सोफ्यिा कुरैशी जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में अहम भूमिका निभाई उसे पहलगाम आतंकी हमला करने वाले आतंकवादियों की बहन बता रहे हैं। मुझे लगता है इससे नीच और देशद्रोही नस्ल का व्यक्ति शायद ही कोई हो और इसकी यही विशेषता को देखकर भाजपा ने मंत्री भी बनाया होगा। पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवानी ने कहा क़ी भाजपा सिर्फ देश को तोड़ सकती है, जोड़ नहीं सकती। यही है भाजपा की असली मानसिकता। भाजपा का बददिमाग मंत्री देश की बहादुर बेटी सोफ्यिा कुरैशी को आतंकवादियों की बहन बता रहा है। सेना की इस बहादुर बेटी का अपमान करने वाले मंत्री की गिरफ्तारी कब होगी। पूर्व महापौर विजय देवांगन ने कहा क़ी भाजपा नेताओं के लिए राष्ट्रवाद एक मात्र दिखावा है। उनकी जो विचारधारा है वह मंत्री के माध्यम से सामने आ गया। जिला पंचायत सदस्य कविता बाबर ने कहा क़ी देश सेवा करने के मामले में कर्नल सोफिया की यह चौथी पीढ़ी है। कर्नल सोफिया की बेटी और बेटा भी एयरफोर्स की तैयारी कर रहे हैं। देश का मान बढ़ाया है, आजादी के पहले भी परिवार ने लड़ाई लड़ी है और आजादी के बाद भी आज तक लड़ाई लड़ते आ रही है। उस परिवार और बेटी के बारे में बोलना अपने आप में शर्म की बात है। ऐसे में बीजेपी के मंत्री विजय को तत्काल मंत्री पद से बर्खास्त करना चाहिए। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद लोहाना, विधायक ओंकार साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवानी, पूर्व महापौर विजय देवांगन, जिला पंचायत सदस्य कविता बाबर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गोपाल प्रसाद शर्मा, विजय प्रकाश जैन, रामनाथ यादव, जिला कोषाध्यक्ष सलीम रोकडिया, वरिष्ठ नेता योगेश बाबर, ब्लॉक अध्यक्ष आकाश गोलछा, योगेश शर्मा, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष शास्त्री सोनवानी, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, उप नेता प्रतिपक्ष विशु देवांगन, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गोविंद साहू, पार्षद सुमन मेश्राम, सूरज गरवार, ऋषभ ठाकुर, गुड्डा दीवान, कुशल देवांगन, बसंत देवांगन, उदित नारायण साहू, आशुतोष खरे, गीतराम सिन्हा, श्रवण साहू, पूर्व पार्षद सोमेश मेश्राम, राजेश पांडे, अजय वर्मा, राजा बंज़ारे, जैनुद्दीन रिज़वी, कुलेश्वर देवांगन, सूरज पासवान, अविनाश मरोठे, तारिक रज़ा कादरी, संजू साहू, रजत सोनकर, मिथलेश साहू, सबीना खान, वातंजलि गोस्वामी, जित्तू साहू, गणेश्वरी कॉमड़े, अजय सिन्हा, शेख सोहेल, भागी ध्रुव, धर्मेन्द्र पटेल, डोमेश्वर साहू, नमन बंजारे, अजय डहरिया, रुद्रा साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सीबीएसई 10वी 12वीं घोषित परीक्षा परिणाम प्रतिभा पब्लिक के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उल्लेखनीय

पायनियर संवाददाता ✓ सरायपाली
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय स्तर पर कक्षा 12वीं तथा कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम सी.बी.एस.ई बोर्ड के द्वारा घोषित किया गया, जिसमें स्थानीय स्तर पर प्रतिभा पब्लिक स्कूल बालसी के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा कक्षा 12वीं वाणिज्य एव विज्ञान दोनो संकायों का परीक्षा परिणाम शत्प्रतिशत रहा वाणिज्य संकाय में 38 विद्यार्थी तथा विज्ञान संकाय में 52 विद्यार्थी ने प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण हुए। वाणिज्य संकाय से यश अग्रवाल 95.4, हिमानी चन्द्रा 92.6, जागृति अग्रवाल 91.6 शौर्य अग्रवाल 91.2, तथा सिया अग्रवाल ने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। विज्ञान संकाय से हरिश पटेल 89.4, अंश गोयल 89.2, अमन साहू 89.2 पीयुष पटेल 87.6 स्नेहा बारिक 87.2 प्रतिशत प्राप्त कर शाला में शीर्ष 5 स्थान अर्जित किये। कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा अंश अग्रवाल 93.2 प्रतिशत आद्या अग्रवाल 92.6 अकनीम प्रधान 92.4 समृद्धि अग्रवाल 92.4 चहक अग्रवाल 92 खुशबु अग्रवाल 91. 4 गुनगुन अग्रवाल 91.2 वंशिका उवोबेजा 91., सिया अग्रवाल 90.8 कृष्णा अग्रवाल 90.4 प्रतिशत वैभव उवोबेजा 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला में शीर्ष 11 स्थान अर्जित कर शाला एवं नगर का गौरव बढ़ाया है। इनकी सफलता पर शाला प्रबंधन से संचालक आभाष अग्रवाल समिति अध्यक्ष नरेश अग्रवाल, प्राचार्य नरहरि पटनायक उप प्राचार्य नासिर खान के साथ से समस्त शिक्षक शिक्षिकाऐं एवं शाला परिवार ने हर्ष व्यक्त करत हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने वाले 4 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

## मृतक द्वारा लिखे गए सुसाइड नोट में आरोपियों के नाम का था उल्लेख

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




**आरोपियों के नाम**
गजानंद कुर्रे उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम बिटकुली थाना सिटी कोतवाली , मानसिंग कुर्रे उर्फचनकू उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम बिटकुली थाना सिटी कोतवाली, मनहरन कुर्रे उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम बिटकुली थाना सिटी कोतवाली, सचिन कुर्रे उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम बिटकुली थाना सिटी कोतवाली।

घटनास्थल ग्राम बिटकुली मर्ग क्र. 41/2025 में घटना 15.03.2025 को मृतक अजय ध्रुव द्वारा अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया गया। घटनास्थल की जांच पर मृतक द्वारा एक कागज पर लिखा हुआ सुसाइड नोट मिला, जिसमें आरोपियों का नाम लेख करते हुए उनके द्वारा मारने पीटने एवं लड़ाई झगड़ा करने का उल्लेख था।मर्ग की संपूर्ण जांच पर एवं मृतक के परिजनों, गवाहों के कथन पर यह पता चला कि 15.03.2025 को रात्रि लगभग 12:00 बजे आरोपियों द्वारा मृतक के घर में आकर पूर्व में हुई लड़ाई झगड़ा की बात को लेकर मृतक को मारने पीटने एवं जान से मारने की धमकी देकर चले गए। आरोपियों द्वारा दिए गए इस धमकी से व्यथित एवं परेशान होकर मृतक द्वारा फांसी का फंद्दा बनाकर आत्महत्याकर लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा मर्ग जांच, पंचनामा कार्यवाही, पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं मृतक के परिजनों, गवाहों के कथन के आधार परआरोपियों के विरुद्ध अपराध क्र. 484/2025 धारा 108,296, 351(2),3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा विवेचना क्रम में 04 आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा मृतक को मारने पीटने एवं जान से मारने की धमकी देना स्वीकार किया गया कि प्रकरण में चारों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की गई।

# गोलीबारी की घटना बहुत ही अप्रिय : रंजना साहू

## सराफा व्यवसायी के दुकान में हुई घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक से मिले भाजपाई



पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com

शहर के एक सराफा व्यवसायी तथा उसकी बेटी पर दुकान में घुस कर नकाबपोश बदमाशों द्वारा जानलेवा हमला करने तथा गोलीबारी की घटना को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक से मिला। पूर्व विधायक रंजना साहू सहित प्रमुख पदाधिकारी इस प्रतिनिधि मंडल में शामिल थे। शहर में इस तरह की यह पहली घटना है जिसे लेकर नगरवासियों में दहशत का माहौल है। पूर्व विधायक रंजना साहू ने इस घटना को लेकर क्षोभ व्यक्त करते हुए कहा कि धमतरी जैसे शांत क्षेत्र में गोलीबारी की घटना बहुत ही अप्रिय एवं नाकाबिले बर्दाश्त है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से कहा कि अपराधियों को जल्द जल्द से गिरफ्तार कर उन पर कड़ी कार्यवाही की जाए। भाजपाइयों ने अवैध रूप से रह रहे लोगों की पता तलाशी कर उन्हें यहां से खदेड़ने की भी मांग की। नगर के युवाओं में नशे का बढ़ता चलना, जुआं, सट्टा इत्यादि के पूरे नेक्सस का पता लगाकर इस पर पूर्णतः रोक लगाने लगातार कार्यवाही की मांग भी भाजपाइयों ने की। प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप से कविंद्र जैन, चेतन हिंदुजा, प्रकाश गोलछा, राजेश गोलछा, पवन गजपाल, डीपेंद्र साहू, देवेश अग्रवाल सहित वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।

# गुरुकुल विद्यासागर विद्यालय लोहरसी का परीक्षा फल शत प्रतिशत



पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com

गुरुकुल विद्यासागर विद्यालय लोहरसी जिला धमतरी छत्तीसगढ़ का कक्षा आठवी एवं कक्षा पांचवी का केंद्रीय कृत परीक्षा का परिणाम शत प्रतिशत आया है जिसमें कक्षा आठवीं से कुमारी आरूती पिता गुलाब राम ने 87.83 प्रतिशत प्राप्तांको से कक्षा में प्रथम स्थान, कुमारी साक्षी पिता कुलेश्वर गजेंद्र ने 87.17 प्रतिशत प्राप्तांको से कक्षा में द्वितीय स्थान एवं कुमारी मंजीता पिता धनराज साहू ने 86.17 प्रतिशत प्राप्तांकों से तृतीय स्थान अर्जित किया है। इसी प्रकार कक्षा पांचवी से कुमारी निधि यादव पिता हेमंत यादव ने 91.50 प्रतिशत प्राप्तांकों से कक्षा में प्रथम स्थान, डायमंड यादव पिता मुकेश यादव ने 88.00 प्रतिशत प्राप्तांको से एवं मयंक सिन्हा पिता टीकाराम सिन्हा ने 88.00 प्रतिशत प्राप्तांको से दोनों छात्र कक्षा में द्वितीय स्थान एवं लक्ष्य दास मानिकपुरी पिता हेमंत मानिकपुरी ने 87.50 प्रतिशत प्राप्त अंकों से कक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा फ्ल के लिए संस्था के संचालक विनोद पांडेय ने बधाई प्रेषित किया है। साथ ही विद्यालय के प्रधान पाठक जीवन लाल ढीढी, शिक्षकगण भारत लाल साहू, झामीन साहू, डिलेश्वरी साहू, हेम बाई सिन्हा, गीतांजलि साहू, ज्ञानेश्वरी साहू, केसर सिन्हा, खोमेश्वरी साहू, लीना साहू, गुणिता साहू सभी ने उत्कृष्ट परीक्षा फ्ल हेतु बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया है। शत प्रतिशत परीक्षा फ्ल से छात्रों एवं पालकों में हर्ष व्याप्त है।

# पीएम आवास में बने रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचना : कविंद्र जैन

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com



केंद्र और राज्य की सरकार के सामूहिक प्रयासों से इन दिनों बहुत बड़ी तादाद में ग्रामीण पीएम आवास निर्माणाधीन है। अकेले धमतरी जिले की ही यदि बात करें तो लगभग 60000 पी एम आवास का निर्माण अलग अलग गांवों में हो रहा है। पीएम आवास के चलते भवन निर्माण कार्य से जुड़े व्यापार और सेवाओं में बड़ी तेजी आई है। भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष तथा लंबे समय से जल संरक्षण और जल संवर्धन के अभियान से जुड़े कविंद्र जैन ने प्रशासन तथा हितग्राहियों से अपील की है कि धमतरी जिले में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में यह कार्ययोजना बनाई जाए। जिले में निर्माणाधीन सभी 60000 मकानों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचना बनाई जाये। 60000 मकानों में एक साथ रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनने से लगभग 2 करोड़ वर्गफीट रूफ वाटर को संरक्षित किया जा सकेगा। हमारे जिले में वर्षा का जो औसत है उस हिसाब से प्रति एक हजार वर्गफीट की छत में लगभग 67 हजार लीटर जल का संचयन होता है। इस प्रकार वर्ष भर में 125 करोड़ लीटर वर्षा जल का रिचार्ज जिले में संभव हो सकेगा जो कि जल संवर्धन के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम होगा। जैन ने बताया कि एक छोटी संरचना जिसमें पिट के माध्यम से छत का पूरा पानी भूमि में औसतन 20-25 फीट का बोर खनन कर प्रवाहित किये जाने से महज कुछ हजार के ही खर्च में हितग्राहियों को साल भर उपयोग के लिए पानी मिलेगा। गर्मियों में बोर या हैंडपंप सूखने की समस्या समाप्त या न्यून हो जायेगी और हमारी आने वाली पीढ़ी को जलसंकट की त्रासदी से बहुत हद तक निजात दिलाने में मददगार साबित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन को हितग्राहियों से बात करके यह संरचना न्यूनतम लागत में बनाई जा सके इसका प्रयास करना चाहिए। इसकी वित्तीय व्यवस्था के लिए सी एस आर फंड भी एक जरिया हो सकता है। इस दिशा में व्यापक योजना बना कर धमतरी जिले से ही इस प्रोजेक्ट की शुरुआत की जा सकती है।


# न्यायमूर्ति राकेश मोहन पाण्डेय ने मनोविकास केंद्र का किया अवलोकन



पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति राकेश मोहन पाण्डेय ने मंगलवार को जिला प्रवास के दौरान नवीन कृषि उपज मण्डी परिसर स्थित मनोविकास केंद्र का अवलोकन किया। उन्होंने मनोविकास केंद्र में उपचाररत बच्चों एवं उनके अभिभावकों से बात की। न्यायमूर्ति पाण्डेय ने मनोविकास केंद्र के शिक्षण हॉल, फिजियोथिरेपी क़क्ष, विजिटिंग क़क्ष आदि का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों के ईलाज, प्रशिक्षण आदि की जानकरक ली। इसके साथ ही उपस्थित अभिभावकों से भी बात की और इस केंद्र में भर्ती होने के बाद बच्चे की स्थिति में सुधार की भी जानकारी ली। उन्होंने केंद्र में मिल रही सुविधा की तारीफकी। बच्चों ने न्यायमूर्ति को अपने हाथों से बनाए ग्रीटिंग्स भेंट किये। उन्होंने बच्चों के साथ फोटो भी खिचवाई। बताया गया कि बलौदा बाजार स्थित मनोविकास केंद्र विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के विकास और पुनर्वास के लिए समर्पित संस्थान है। यह केंद्र अंबुजा अडानी सीमेंट संयंत्र रवान के सीएसआर मद से संचालित हो रहा है और वर्तमान में 40 से अधिक बच्चों को विशेष शिक्षा, चिकित्सा सहायता, व्यावसायिक प्रशिक्षण और समग्र विकास की सुविधाएँ प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, एसडीएम अमित गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सत्ता का प्रभाव या कानून का अभाव



*भू माफिया द्वारा राजस्व विभाग के जिम्मेदार को किया जा रहा है गुमराह तहसीलदार स्वयं करें निरीक्षण तो हो जाएगा पूरा मामला साफ*

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जब सत्ता के दबाव में आकर जिम्मेदार अमला हैं भू माफिया पर कार्यवाही के बजाय उसे संरक्षण देने लग जाए तो फिर उसके हौसले बुलंद क्यों न होंगे फिर क्यों न उनके द्वारा नियम कानून को पैरों तले रौंदा जाता है भू माफिया के जड़ इतनी मजबूत है कि उनके खिलाफ कार्रवाई करने में राजस्व विभाग के अधिकारी का हाथ पैर फूलता है कहा जाता है कि बहुत हुआ तो दिखाव के लिए एक नोटिस जारी कर बाद में मामला को ठंडा बस्ते में डाल दिया जाता है य रफा-दफा कर दिया जाता है ऐसे ही मामला बलौदा बाजार जिले ग्राम ढाबाडीह प.ह.न.नंबर 13 127 / 6 / 128/7 129/ 8/ 130/2 /131/2/ 132/2/ 133/2/ 134/2 भूमि का बाकायदा पटवारी द्वारा सीमांकन किया गया है पंचनामा भी किया गया है, पटवारी कन्हैयालाल पुराना द्वारा ग्रामवासियों के सामने उसके बावजूद जमीन बेचने वाले ने कोर्ट पर बाकायदा ननकू राम वर्मा अनिल वर्मा विनोद दुबे जगदीश वर्मा विश्राम वर्मा छबिलाल गांव के निवासी हैं कोर्ट में भी बताया है बेचने वाले ने बाकायदा कोर्ट में गवाह के तौर पर बीरबल तहसीलदार के समक्ष स्पष्ट बताया एवं अपना बयान दर्ज कराया मैं 35 डिसमिल जमीन रानू को बेची है लगातार सभी साक्ष एवं गवाह पेश होने के बावजूद अभी तक राजस्व के द्वारा निर्णय नहीं दिया गया है इससे साफ जाहिर होता है कि भू माफिया के दबाव पर है। इस संबंध में नायब तहसीलदार से मोबाइल पर इस संबंध पर जानकारी मांगने पर उन्होंने मोबाइल काल रिसीव नहीं किया।

# भूमाफियाओं से मिलीभगत-राजस्व निरीक्षक, पटवारी नियम विरूद्ध कर रहे नक्शा बटांकन

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com

अविभाजित मध्यप्रदेश के समय शासन द्वारा चंबल बीहड़ के डाकुओं के आत्मसमर्पण के पश्चात उन्हें शासन की ओर से बसाये जाने की कवायद शुरू की गई थी जिसके तहत अनेक डाकुओं ने आत्मसमर्पण किया और अपनी घोषणानुरूप मध्यप्रदेश शासन ने उन्हें जमीन आबंटित की। इन्हीं डाकुओं में से एक डाकु रह चुके व्यक्ति का जब धमतरी में पदार्पण हुआ तो उससे पूछा गया था कि आप डाकू क्यों बने? तो उसने बताया कि भिण्ड मुरैना पूर्व में शांतिप्रिय क्षेत्र हुआ करता था। लेकिन उनके डाकू बनने की वजह यह थी कि पूर्व में डाकू रहे व्यक्ति की भूमि को गलत नाप दिया गया था। उसमें सुधार नहीं हुआ, इसलिये उसने संबंधित हेराफेरी करने वाले लोगों को मौत के घाट उतार दिया, तबसे मैं चंबल के बीहड़ों में ऐसे कार्य करने वाले लोगों का विरोध करते यह कार्य न चाहकर भी करता रहा। लेकिन मप्र सरकार ने जो अपील की, उसका पालन करते हुए मैं अब उस कार्य से तौबा कर सामान्य व्यक्ति की तरह जीवन यापन कर रहा हूं। जिले में भी कुछ लोगों द्वारा शासकीय अभिलेखों में हेराफेरी कर एक ओर फर्जी मुआवजा बनाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर विभाग के कुछ लोग मिलकर मालिकाना हक की भूमि को विवादित करने नक्शा बटांकन में भयंकर धांधली कर रहे हैं जिससे अनेक लोग पीड़ित हैं और वे न्यायालयीन चक्कर में उलझकर रह गये हैं। विवादित आर.आई. (राजस्व निरीक्षक)और पटवारी, भूमाफियाओं से मिलीभगत कर शहर के अनेक भूखंडों का जान बूझकर गलत नक्शा काटकर बटांकन कर तथाकथित लोगों को गलत ढंग से लाभ पहुंचाया जा रहा है वहीं संबंधित पक्षकार न्यायालय के चक्कर लगाने मजबूर हैं। जिले के कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने नक्शा बटांकन के लिये जो व्यवस्था की है, उसकी जिले में काफी प्रशंसा हो रही है जिन्होंने नक्शा बटांकन के लिये दोनों पक्षों को सूचना दिये जाने का निर्देश संबंधित पटवारियों को दिया है। इससे पूर्व जिले के कुछ क्षेत्रों सहित शहर के मध्य स्थित भूमि को लेकर एक व्यक्ति द्वारा सीमांकन कार्य करवाया गया जिसके तहत तहसीलदार ने आर.आई. को स्थल सीमांकन करने का निर्देश दिया जिसके परिपालन में पिछले दिनों उक्त स्थल का सीमांकन करने हेतु संबंधितों को सूचना जारी की गई। हद तो यह है कि जिन दो व्यक्तियों की भूमि उक्त स्थल पर मौजूद थी, उन व्यक्तियों को इस सीमांकन की सूचना ही नहीं दी गई और उनकी अनुपस्थिति में उक्त स्थल का सीमांकन कार्य कर गलत प्रतिवेदन देकर न्यायालय को दिग्भ्रमित कर दिया गया जिसके आधार पर भूमिस्वामी दोनों व्यक्तियों का नाम उक्त भूमि से काटकर एक नया विवाद पैदा कर दिया है जिससे दोनों भूमिस्वामियों को न्यायालयीन प्रक्रिया में उलझना पड़ रहा है। खबर के मुताबिक उक्त दोनों व्यक्तियों ने उक्त भूमि को क्रय किया था जिसके अनुसार उनका नाम भू अभिलेख आदि में दर्ज किया जा चुका है। लेकिन संबंधित हल्का के पटवारी ने उक्त खसरा नंबर से उनका नाम काट दिया जिससे वे व्यथित हैं। सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि मालिक होते हुए भी इन दोनों को सीमांकन की कोई जानकारी ही नहीं दी गई और इनके अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य संपन्न कर दिया गया। नियमानुसार उक्त सीमांकन में आसपास के सभी व्यक्तियों को इसकी सूचना देना अनिवार्य किया गया है किंतु इन व्यक्तियों को किसी प्रकार की सूचना नहीं दी गई।

बताया जाता है कि अपनी मालिकाना भूमि में उनका नाम को अनावश्यक एवं बिना अधिकार के जो कांट छांटकर उनके नाम को विलोपित किया गया है, वहां आज ये दोनो काबिज हैं। बकायदा इन दोनों व्यक्तियों का वहां स्थल पर घेरा बना हुआ है जिसे देखकर भी सीमांकन के समय इन्हें बुलाया जाना जरूरी नहीं समझा गया। जैसे ही इनको यह जानकारी प्राप्त हुई तो उन्होंने उक्त सीमांकन रिपोर्ट आदि की नकल प्राप्त की और जब उन्होने उक्त नकल को देखा तो उनके पैरो तले जमीन खिसक गई और उन्होंने सीमांकन के समय सूचना नहीं दिये जाने पर नाराजगी जाहिर की और सीमांकन में आपत्ति दर्ज कराई गई। तब तक उक्त स्थल में किसी अन्य का कब्जा संबंधित हल्का के पटवारी द्वारा दर्ज कर दिया गया। हालांकि दोनों व्यक्तियों ने इसे लेकर अपने अधिवक्ता के माध्यम से अग्रिम कार्यवाही शुरू की है। लेकिन जिस प्रकार हल्का पटवारियों द्वारा भूमिस्वामी हक की भूमि पर नाम काटकर किसी अन्य का नाम चढ़ाये जाने की कार्यवाही की गई है, वह नियमानुसार विधि विरूद्ध है। पहले सीमांकन के समय इन्हें सूचना नहीं दिया गया और नाम देखकर भी नाम काटने की भी जानकारी इन्हें नहीं दी गई और नाम काटने के पूर्व अपने अधिकारियों से इसकी अनुमति भी प्राप्त नहीं की गई और अपने पद का दुरूपयोग करते हुए नियम विरूद्ध ऐसा कृत्य किया गया है। खबर तो यह भी है कि इसी तरह की कार्यवाही कर पूर्व में भी हल्का पटवारी काफी चर्चित रहे हैं। अब देखना है कि इस संबंध में चर्चित एवं विवादित आर.आई.(राजस्व निरीक्षक) और पटवारी पर वरिष्ठ अधिकारी क्या कार्यवाही करते हैं।



**मुख्यमंत्री, राजस्व मंत्री से शिकायत की तैयारी**

# झीट समाधान शिविर से संबंधित पंचायतों का विभिन्न विभागों द्वारा 5618 आवेदन निराकृत

पायनियर संवाददाता ◀ अम्लेश्वर पाटन
www.dailypioneer.com

जिले में सुशासन तिहार लोगों के मांग एवं शिकायतों से संबंधित आवेदनों के निराकरण का सशक्त माध्यम बन गया हैं। सुशासन तिहार के प्रथम चरण में 08 अप्रैल से 11 अप्रैल तक विभागों को प्राप्त आवेदनों का विभागीय अधिकारियों द्वारा गुणावत्तापूर्वक निराकरण कर समाधान शिविर के माध्यम से आवेदकों को अवगत कराया जा रहा हैं। साथ ही समाधान शिविर में शासकीय योजना के हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया गया हैं। आज जिले के पाटन विकासखण्ड के ग्राम झीट में आयोजित समाधान शिविर में ग्राम पंचायत उफरा, झीट, रूही, जामगांव (एम), अमेरी, करंगा/गभरा, करसा, घुघवा (क), रवेली, राखी, लोहरसी, तर्रा, सावनी एवं चंगोरी इस तरह 14 पंचायतों से मांग/शिकायतों से संबंधित कुल 5673 आवेदन में से 5618 आवेदन विभागों द्वारा निराकृत किये गए हैं। अधिकारियों ने शिविर के माध्यम से निराकरण के संबंध में आवेदकों को अवगत कराया। समाधान शिविर में 10 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति



पत्रक, 2 हितग्राहियों को ऋण पुस्तिका, 4 हितग्राहियों को वृद्धावस्था पेंशन, 02 हितग्राहियों को लर्निंग ड्रायविंग लाइसेंस, 09 कृषकों को किसान क्रेडिट कार्ड, 06 बच्चों को सुपोषण किट, 45 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 02 मछुआ समितियों को जॉल एवं आईसबाक्स, 11 मनरेगा श्रमिकों को जॉब कार्ड से लाभान्वित किया गया। लाभान्वित हितग्राहियों में प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति पत्रक प्राप्त करने वाले हितग्राहियों में पुनउतीन, बैसाखू राम, झनी राम, लिलेश कौशिक ग्राम झीट एवं होरी लाल, महेन्द्र, नारायण, मदन लाल एवं दीपक कुमार ग्राम जामगांव (एम) शामिल है। राजस्व विभाग द्वारा ऋण पुस्तिका प्राप्त करने वाले हितग्राहियों में ग्राम गभरा के रविशंकर साहू और विष्णु प्रसाद शामिल है। समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृति पत्रक लाभान्वित हितग्राहियों में प्यारेलाल ग्राम सावनी, पुरानिक जांगड़े और धरमदास ग्राम चंगोरी, समारू ठाकुर ग्राम अमेरी को शामिल है। परिवहन विभाग द्वारा लर्निंग लाइसेंस से लाभान्वित हितग्राहियों में चुम्मन एवं साहिल ग्राम सांकरा शामिल है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड से लाभान्वित कृषकों में बाला राम, लीलाधर वर्मा, अर्जुन साहू, कन्हैया, तुलसी राम सिन्हा, हेमलाल टंडन, तिरिथ सिन्हा, मनोहर बंजारे और मोहन लाल सार्वे शामिल है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 06 बच्चों को सुपोषण किट प्रदान की गई। इन बच्चों में ग्राम झीट के तनवी सिन्हा, हर्ष कुमार पटेल, तृशा सिंगौर, प्रॉची साहू, पूरब साहू एवं नयन पटेल शामिल है। मत्स्य विभाग द्वारा ग्राम कुरूद के मत्स्य कृषक मनीष कुमार को जॉल एवं आईसबाक्स तथा ग्राम झीट के आदिवासी मछुआ सहकारी समिति के धनंजय ठाकुर को जॉल एवं आईसबाक्स देकर लाभान्वित किया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 11 मनरेगा श्रमिकों को रोजगार जॉब कार्ड प्रदान किया गया। जिसमें ग्राम उफरा के केकती बाई साहू, नर्मदा बाई, यामिनी ठाकुर, किशोर साहू, राम्हीन साहू एवं बीना साहू और ग्राम झीट के हितेश्वरी, देवला साहू, कीर्ति साहू, दामिनी साहू और मनीषा शामिल है। इसी प्रकार खाद्य विभाग द्वारा विभिन्न ग्रामों के 47 हितग्राहियों को राशन कार्ड से लाभान्वित किया गया।

# रिसाली निगम ने किया टॉपर का सम्मान

## आवेदक अगर आवेदन भरने में त्रुटि करे तो अधिकारी मार्गदर्शन करे : ललित चंद्राकर

पायनियर संवाददाता ◀ रिसाली
www.dailypioneer.com

आवेदक अगर त्रुटि पूर्ण आवेदन प्रस्तुत कर रहा है तो अधिकारी-कर्मचारी उसे बताए कि सही लिखे। आवेदक का मार्गदर्शन करे। उसे दोबारा कार्यालय आने विवश न करे। उक्त बाते दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहीं। वे नगर पालिक निगम रिसाली के सुशासन शिविर में पहुंचे थे। गुरुवार को आत्मानंद स्कूल में चौथा शिविर का आयोजन किया गया था। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि नागरिकों को बार-बार कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े इसलिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अधिकारी शिविर हो या फिर कार्यालय इस बात का ध्यान रखे कि आवेदक या शिकायत कर्ता अपनी बात को सही तरह से लिखा है कि नही उसे बताकर आवेदन को सही कराए। भीषण गर्मी में भी शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचने की बात को दुर्ग ग्रामीण विधायक ने अधिकारो के प्रति जागरूक होना



परिभाषित किया। उन्होंने ने कहा कि सरकार भी शिविर के माध्यम से शिकायतों का निराकरण कर राहत पहुंचा रही है। विधायक के पहले शिविर को महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू ने संबोधित किया। इस अवसर पर एम.आई.सी जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, ममता यादव, डॉ. सीमा साहू, पार्षद मनीष यादव, धर्मेन्द्र भगत, रमा साहू, जमुना ठाकुर, राहुल राय, विलास बोरकर, मण्डल अध्यक्ष अनुपम साहू, राजू जंघेल उपस्थित थे।

**रिसाली का बढ़ाया मान, किया सम्मान**-कक्षा दसवी की परीक्षा में रिसाली का मान बढ़ाने वाली रिहा देवांगन का निगम ने सम्मान किया। विधायक ललित चंद्राकर ने रिहा को शॉल ओढ़ाया। वही महापौर शशि सिन्हा ने पुष्प गुच्छ और श्रीफल देकर सम्मानित किया। आयुक्त मोनिका वर्मा ने पेन भेट की।

**650 से अधिक पहुंचे शिविर में**-सुशासन शिविर में 10 वार्डो का कलस्टर तैयार कर लगाया गया था। शिविर में 650 से अधिक लोग पहुंचे थे। विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर व महापौर समेत क्षेत्रीय पार्षदों ने गर्भवती ममता चैरसिया, रीना यादव, पितांजली, अंजली प्रजापति की गोदभराई रश्म की। वही विधायक ने गौरंग यादव, भूमिका यादव, पूनम सोनी व दिव्यांश रात्रे को सुपोषण कीट दिया। इसके अलावा शिविर में राशन कार्ड, लर्निंग लाइसेंस का वितरण किया।

# पौंड कलियर के माध्यम से शिवनाथ नदी इंटकवेल के समीप रुके हुए जलकुंभी को निकाला

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर निगम दुर्ग के पौंड कलियर के माध्यम से शिवनाथ नदी इंटकवेल के समीप रुके हुए जलकुंभी को निकाला गया इंकट्वेल के पहले बने अनिकेत में फंसी हुई जलकुंभी को निकालने में पूर्णरूप से तीन दिवस लगे। बता दे कि नगर पालिक निगम दुर्ग के ऑपरेटर डेमन साहू एवं अमित ताम्रकार हेल्पर द्वारा 3 दिन लगातार पूरी जिम्मेदारी से कार्य को अंजाम देकर निगम हित में सराहनीय कार्य किया। शिवनाथ नदी के इंटकवेल के आस पास जमा जलकुंभी को सफलतापूर्वक निकाला गया है। यह कार्य जलकुंभी के जमा होने के कारण इंटकवेल में पानी के प्रवाह को बाधित होने से रोकने के लिए किया गया, महापौर अलका



बाघमार और आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश में यह कार्य पूर्ण हुआ, इसके पश्चात अब पौंड क्लीनर को अनिकेत के उस पार शिफ्ट कर पुलगांव नाला की ओर की जलकुंभी को निकाला जाएगा जो लगातार नदी को को बेहतर सफाई किया जाएगा। सफाई कार्य से शिवनाथ नदी इंटकवेल में कचरा फसने की शिकायत नहीं होगी। निगम महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद के मार्गदर्शन में उनकी टीम द्वारा जलकुंभी को हटाने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया। यह सुनिश्चित करने के लिए कि इंटकवेल में पानी का प्रवाह बाधित न हो, जलकुंभी को सावधानीपूर्वक निकाला गया और फिर इसे हटा दिया गया. यह कार्रवाई दुर्ग में शिवनाथ नदी के पानी की गुणवत्ता को बेहतर बनाने और इंटकवेल के उचित संचालन को सुनिश्चित करने में सहायक होगी।

# पीएम श्री स्वामीआत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुम्हारी में समर कैंप का शुभारम्भ

पायनियर संवाददाता ◀ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार पी एम श्री विद्यालय कुम्हारी में 13 से 25 मई तक समर कैंप का आयोजन किया गया है। आपको बता दें आयोजन का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप जलाकर संकुल समन्वयक अजय सिंह एवं विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य विजया श्रीवास्तव के कर कमलो द्वारा किया गया। प्राथमिक, माध्यमिक एवं हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी के छात्र/छात्राओं द्वारा रंगोली बनाने से सम्बंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे छात्र/छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया एवं रोचक रंगोली बनाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत रोचक छत्तीसगढ़ी गीतों पर नृत्य पारंपरिक छत्तीसगढ़ी वेश भुषा में किया गया 14 से 25 मई को नृत्य एवं संगीत



की कार्यशाला का आयोजन हो रहा है। जिसमे खैरागढ़ विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त कुमारी जम्मी स्नेह द्वारा भारत नाट्यम के विभिन्न विधाओ से लगभग 100 छात्र/छात्राओ को परिचित कराय गया छात्र/छात्राव ने अपने प्रशिक्षक के साथ सामूहिक नृत्य का प्रस्तुतीकरण दिया इसी तरह कुमारी सूफी खातून प्रशिक्षक द्वार संगीत के विभिन्न विधाओ का परिचय कराया गया जिसमे सभी ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इसी क्रम में 15 मई 25 को नाटक एवं कबाड़ से जुगाड़ का कार्यक्रम सुचारू रूप से संचालित हो रहा है जिसमे छत्तीसगढ़ के प्रसिद्द कलाकार महेश वर्मा एवं राजेंद्र कुमार साहू द्वारा नाटक की विभिन्न विधाओ/रंगमंच की गरिमा, अभिनय, वेशभूषा एवं प्रस्तुतीकरण पर व्याख्यान दिया गया विद्यालय के छात्र/छात्राओं द्वारा बालिका शिक्षा, आधुनिक शिक्षा में मोबाइल का महत्व एवं आधुनिक परिवेश में विद्यार्थियों की भूमिका पर नाटक प्रस्तुत् किया गया। जिसमे छात्रों के अभिनय पर महेश वर्मा एवं राजेंद्र कुमार साहू द्वारा समालोचनात्मक टिप्पणी और गुण सिखाये गए।

# प्रदेश में नागरिको को सर्टिफिकेट डिलीवरी में मोर संगवारी को मिला तीसरा स्थान

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com

मोर संगवारी योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना चल रही है, घर बैठे-बैठे शासकीय कार्यों का निराकरण करवा सकते हैं। नगर निगम भिलाई के द्वारा मोर संगवारी योजना में हितग्राहियों को जो लाभ प्रदान किया जा रहा है, उसमें नगर निगम भिलाई का पुरे राज्य में तीसरे स्थान पर है। नागरिको को जो भी निगम संबंधी दस्तावेज की आवश्यकता है, उसे घर बैठे-बैठे टोल फ्री नबंर 14545 पर कॉल करके बनवा सकते हैं। मोर संगवारी के एजेंट आपके घर आयेगे, संबंधित कार्य के लिए दस्तावेज लेकर आफिस में आकर बनवा देगें। बनवाकर प्रमाण पत्र ले जाकर घर में पहुंचा देगें। इन सभी कार्यो के लिए उनका शुल्क मात्र 50 रूपये है। घर पर ही बैठे-बैठे प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते है। शासन की बहुत ही अच्छी योजना चल रही है, इस कार्य के लिए निगम या सरकारी दफतर आने की आवश्यकता नहीं है। मोर संगवारी के नोडल अधिकारी दिप्ती साहू ने बताया कि निगम भिलाई द्वारा संगवारी के माध्यम से प्रदान किए गए प्रमाण पत्र इस प्रकार से है। विवाह प्रमाण पत्र



2765, मृत्यु प्रमाण पत्र 1204, जन्म प्रमाण पत्र 1991, दुकान एवं स्थापना पंजीयन/गुमस्ता लाइसेंस 354, 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार पंजीयन 12685, पैन कार्ड सेवा 271, आधार मोबाईल नबंर अपडेट 13287, मूल निवासी प्रमाण पत्र 1354, अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र 61, पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र 281, आय प्रमाण पत्र 3392, एपीएल राशन कार्ड 266, विवाह सुधार 125 इस प्रकार कुल 40336 प्रमाण पत्र बनाकर नागरिकों को लाभान्वित किया जा चुका है। नागरिको को पहले इसी कार्य के लिए नगर निगम भिलाई में आकर अपना समय, पेट्रोल एवं पैसा खर्च करना पड़ता था। अब यही सब काम घर बैठे-बैठे मात्र 50 रूपये देकर मिल रहा है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, महापौर नीरज पाल ने सभी नागरिकों से अपील की है कि मोर संगवारी को 14545 पर कॉल करें।

# बारातियों से भरी बस 50 फीट खाई में गिरी दो की मौके पर मौत तो तीस घायल



पायनियर संवाददाता ◀ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

जिले के शंकरगढ़ से झारखंड जा रही एक बाराती बस दोपहर चांदो थाना अंतर्गत कंठी घाट में 50 फीट नीचे जा गिरी इस हादसे में बस में सवार लगभग 30 लोग घायल हो गये जबकि दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई व्ही रास्ते से गुजर रहे लोगों के द्वारा घटना कि सुचना पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारियों को दी गयी जिसके बाद मौके पर पहुंचे पुलिस व स्थनीय लोगों की मदद से बचाव व राहत कार्य शुरू किया गया। बताया जा रहा है कि वाहन में लगभग 60 लोग सवार थे जिनमें से एक महिला तथा एक बच्ची की मौके पर ही मौत हो गयी तथा लगभग 30 लोग बुरी तरह से घायल हो गये हैं सभी घायलों को किसी तरह गाड़ी से निकालकर बलरामपुर जिला चिकित्सालय ले जाया गया। अस्पताल में उपचार के दौरान एक अन्य ने भी दम तोड़ दिया है। वहीं गंभीर रूप से घायल आठ लोगों को अम्बिकापुर रेफर कर दिया गया है। मौके पर पुलिस बल को तैनात कर उक्त हादसा किन कारणों हुई हैं इस बात की तसदिक पुलिस द्वारा कि जा रही है।

# आरक्षक की हत्या में संलिप्त चार रेत तस्कर गिरफ्तार बलरामपुर जिले के सनावल क्षेत्र का मामला





पायनियर संवाददाता ◀ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 07 रामानुजगंज के सनावल थाना क्षेत्र में आरक्षक शिवबचन सिंह की ट्रैक्टर से कुचल कर हत्या करने के मामले में पुलिस ने चार रेत तस्करों को झारखंड प्रदेश के गढ़वा जिले से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपितों में आरी फूल हक 24 वर्ष,जमील अंसारी 41 वर्ष,शकील अंसारी 22 वर्ष सभी खाला टोला सेराज नगर थाना धुरकी जिला गढवा (झारखण्ड) एवं अकबर अंसारी 50 वर्ष,अरसली थाना भवनाथपुर जिला गढ़वा शामिल हैं। उक्त आरोपियों के पास से दो ट्रैक्टर जप्त किया गया है वहीं अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने की बात कही जा रही है। उक्त आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 27/2025 धारा-103 (1), 109, 121 (1),132,221,61 (2)3 (5), 303 (2),238,249 बीएनएस धारा- 33 (1) (ख), 52 भारतीय वन अधिनियम 1927, धारा 04/21 खान एवं खनिज अधिनियम 1957 कायम की गई है। गौरतलब है कि 12 में 2025 की दरमियानी रात पुलिस व वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम लिबरा घाट कन्हर नदी में अवैध रेत परिवहन करने वालो पर कार्यवाही करने हेतु गई थीं तभी टीम में शामिल आरक्षक क0 809 शिवबचन सिंह के द्वारा अवैध रेत परिवहन कर रहे ट्रैक्टर को रोकने का प्रयास करने पर आरोपियों के द्वारा ट्रैक्टर से आहत कर गंभीर चोट पहुँचा कर उसकी हत्या कर दी गई थी।

# एक मुश्त संपत्तिकर भुगतान करने पर 6.25 प्रतिशत का छूट

पायनियर संवाददाता ◀ भिलाई
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत स्थित भवन/भूमि स्वामियों को उनके स्वामित्व के भवन/भूमियों पर चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु देय संपत्तिकर पर 31 मई 2025 तक एक मुश्त भुगतान करने पर 6.25 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। जिसका भवन/भूमि स्वामी लाभ उठावें। भवन/भूमि स्वामी अपनी संपत्ति की सही जानकारी संपत्तिकर स्व-विवरणी में अंकित करें। जॉच के दौरान असत्य विवरणी पाये जाने पर नियमानुसार 5 गुना शास्ति राशि अधिरोपित की जावेगी। भवन/भूमि स्वामी को वित्तीय वर्ष 2025-26 में बिना अधिभार के स्व-विवरणी प्रस्तुत करने एवं देय राशि जमा करने की अंतिम अवधि 31 मार्च 2026 तक निर्धारित है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के बाद अर्थात 31 मार्च 2026 के पश्चात कुल देय राशि पर 18 प्रतिशत की दर से अधिभार के अतिरिक्त नगर पालिक निगम अधिनियम




1956 की धारा 138 की उपधारा (2-क) के अंतर्गत यदि ऐसा व्यक्ति जिसका दायित्व था, कि वह 31 मार्च के पूर्व स्व-निर्धारण पत्रक प्रस्तुत करे। के द्वारा यह पत्रक प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो उस पर चूक हेतु एक हजार रूपये की शास्ति अधिरोपित की जाएगी। भूमि/भूमि स्वामी निगम को देय राजस्व करो का समय पर भुगतान करें एवं अनावश्यक कार्यवाही से बचें। अधिक जानकारी एवं आनलाईन भुगतान हेतु पोर्टल https://chhattishgarhmunicipal.com हेल्पलाईन/ व्हाटसअप नबंर 9153986401 पर संपर्क कर सकते है। नगर निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सभी संपत्तिकर दाताओ से अपील किए है। कि अभी 31 मई तक 6.25 प्रतिशत छूट के साथ संपत्तिकर जमा कर सकते है। इसके लिए ऑनलाईन भुगतान के साथ-साथ अवकाश के दिनों में भी निगम के मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय के काउंटर खुले है। अवकाश के दिनों में गर्मी को देखते हुए संपत्तिकर काउंटर सबुह 8 बजे से खुले है। संपत्तिकरदाता अधिक से अधिक संख्या में लाभ उठावें।

# मेयर ने कहा राजनीति नहीं कार्रवाही करने निकले है

पायनियर संवाददाता ◀ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम महापौर अल्का बाघमार ने सभापति श्याम शर्मा, एमआईसी शेखर चन्द्राकर, शिव नायक, लीलाघर पाल, पार्षद मनोज सोनी के साथ खुद खड़े होकर क्षेत्र की नाली की सफाई कराई। यह नाली कई महीनों से साफनहीं की गई थी। महापौर ने सभापति श्याम शर्मा, एमआईसी टीम के साथ दीपक नगर वार्ड 23 क्षेत्र का दौरा कर क्षेत्र के आसपास नाली स्लैब को हटवाकर सफाई कराई। इसके बाद दीपक नगर



के गलियों के अलावा दीपक नगर से स्टेशन जाने वाली मार्ग से गली न. 2,3,4,5 सहित विभिन्न गलियों का निरीक्षण करते हुए सफाई करवाई। महापौर ने कहा राजनीति नही कार्रवाही करने निकले है,भाजपा, कांग्रेस की बात नही सभी के अतिक्रमण हटाये जायेगे नही होगा कोई भेदभाव।


## छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग

### कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

### // ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //

eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

निआसू क्रमांक 01, 02, 03, 04/वलेलि/2025-26 जगदलपुर, दिनांक : 13/05/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। अमानत राशि रू. 1.50 लाख।

| क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निर्धारित समयावधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 |
| 01 | 168060 | बस्तर जिले के विकासखंड दरभा के कोयनार स्टापडेम सह सोलर पंप का निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | 290.63 लाख | 10 माह वर्षाकाल सहित |
| 02 | 168061 | बस्तर जिले के विकासखंड बस्तर के विश्रामपुरी जलाशय में बांध के ऊपर मिट्टी कार्य, नवीन स्लूस वेस्ट वियर कार्य एवं नहर लाईनिंग एवं स्ट्रक्चर का निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | 290.63 लाख | 10 माह वर्षाकाल सहित |
| 03 | 168062 | बस्तर जिले के विकासखंड दरभा के पेदापारा (मण्डवा) स्टापडेम सह सोलर पंप का निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | 292.95 लाख | 10 माह वर्षाकाल सहित |
| 04 | 168064 | बस्तर जिले के विकासखंड तोकापाल के बड़े आरापुर स्टापडेम सह सोलर पंप का निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | 292.95 लाख | 10 माह वर्षाकाल सहित |

1. बिड प्रारंभ की तिथि - **20.05.2025 17:31 Hours**
2. बिड सबमिशन की अंतिम तिथि - **30.05.2025 17:30 Hours**

**रिमार्क :-** उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 20.05.2025 समय 17:31 बजे से डाउनलोड किये जा सकते है।

**कार्यपालन अभियन्ता**
**टी.डी.पी.पी. जलसंसाधन संभाग, जगदलपुर**
**कृते मुख्य अभियंता महानदी परियोजना**
**जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)**

G-252600848/6



## आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

(CIN: L65922RJ2011PLC034297) पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

Aavas FINANCIERS LTD
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

### सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र

कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्न सूची के अनुसार ऋणी का खाता एन.पी.ए. होने के कारण निम्न तालिका के अनुसार ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूमिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 ''की धारा 13( 2 )के अन्तर्गत 60 दिन का नोटिस दिया गया था। नोटिस के अनुसार यदि ऋणी/गारण्टर 60 दिवस के अंदर बकाया ऋण राशी जमा नहीं कराते हैं तो ऋण की वसूली बंधक सम्पत्ति को नीलाम करके की जायेगी। डिमाण्ड नोटिस की तामील ना होने के कारण नोटिस की छायाप्रति बंधक सम्पत्ति पर चस्पा की जा चुकी है। अतः आपको यह सूचित किया जाता है कि नोटिस प्रकाशित दिनांक से 60 दिन के अन्दर-अन्दर निम्न तालिका के अनुसार रुपया तथा भविष्य का ब्याज, वसूली में होने वाला खर्चा जमा कराये अन्यथा एक्ट की धारा 13( 4 )एवं 14 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्न सूचि के अनुसार साम्यिक बंधक सम्पत्ति का भौतिक कब्जा लेने एवं इसे नीलामी कर ऋण राशि की वसूली कराने के लिए प्राधिकृत अधिकारी स्वतंत्र होंगे।

| ऋणी का नाम | मांग सूचना की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| **महादेव सिन्हा**, सोहद्रा सिन्हा<br>खाता सं. LNRPR00622-230236587 | 10 मई 2025<br>₹ 1265901/-<br>8 मई 2025 | केएच नं. 137/39 का भाग की सम्पत्ति, पी.एच. नं. 53, मौजा-कुम्हारी में स्थित, आर.एन.एम.-अहिवारा, वार्ड नं. 07, रामनगर वार्ड, तहसील-धमदा, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ **क्षेत्रफल 1080 वर्ग फीट** |
| **किशन लाल केकटी**, धनेश्वरी केकटी, भैयाराम भैयाराम<br>खाता सं. LNBHI03721-220192271 | 10 मई 2025<br>₹ 2022268/-<br>8 मई 2025 | पीएच नं. 18, खसरा नं. 398/1 व 400/7 का भाग, गांव-खुर्शीपर, तहसील-डोंगरगांव, जिला-राजनंदगांव, छत्तीसगढ 491661 **क्षेत्रफल 0.053 हैक्टेयर** |
| **जय प्रकाश बंजारे**, रतना बंजारे<br>जमानतदार : रवि कुमार बंधे<br>खाता सं. LNRAI17523-240327977 | 10 मई 2025<br>₹ 312971/-<br>8 मई 2025 | सम्पत्ति बियरिंग ब्लॉक नं. 19, मकान नं. 16, ग्राउण्ड फ्लोर, वार्ड नं. 7 में स्थित, कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड, पीएमएवाई एचएफए एएचपी के अन्तर्गत, लाभांडी स्कीम में व दलदलसेउनी, छत्तीसगढ **क्षेत्रफल 34 वर्ग मीटर** |

स्थान : जयपुर दिनांक 16.05.2025 प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

## संपादकीय

### मोदी का संबोधन आतंकवाद से युद्ध

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने राष्ट्र को संबोधित करते हुए स्पष्ट कर दिया कि युद्धविराम के बावजूद आतंकवाद के विरुद्ध युद्ध जारी रहेगा। राष्ट्र के नाम प्रभावशाली संबोधन में मोदी ने पाकिस्तान से सैनिक टकराव और उससे पैदा तनाव के मुद्दे पर अपनी चुप्पी तोड़ी। उन्होंने घोषणा की कि भारत ने केवल सैनिक कार्रवाई 'स्थगित की है' और प्रतिज्ञा की कि किसी भावी आतंकी कार्रवाई का करारा जवाब दिया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने 'आपरेशन सिंदूर' के बाद राष्ट्र को पहली बार संबोधित किया। उनकी यह टिप्पणी दोनों देशों के संभावित पांचवें युद्ध के कगार पर पहुंचने के कुछ ही दिन बाद आई जिसमें मिसाइल हमलों के साथ नियंत्रण रेखा तथा अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तोपखाने से गोलाबारी हुई थी। मोदी ने नई दिल्ली से टेलीविजन संबोधन में कहा, 'यह युग युद्ध का नहीं है, पर यह युग आतंकवाद का भी नहीं है।' उन्होंने जोर दिया कि अब भारत 'आतंकवादी समूहों तथा आतंकवाद का समर्थन करने वाली सरकारों' के बीच अंतर नहीं करेगा और किसी उकसावे के प्रति देश की प्रतिक्रिया 'अपनी शर्तों पर होगी।'

भारत के 'आपरेशन सिंदूर' में तीनों सेनाओं के बीच सैनिक कार्रवाई में प्रभावशाली समन्वय दिखाई दिया जिसका उद्देश्य पाकिस्तान और पाक-अधिकृत कश्मीर में आतंकी ढांचे को नष्ट करना था। यह आक्रमण 22 अप्रैल, 2025 को हुए पहलगाम आतंकी हमले की सीधी प्रतिक्रिया थी जिसमें 26 नागरिकों की निर्मम हत्या हुई थी। आतंकी हमला 'लश्करे तैयबा'-एलईटी से जुड़े संगठन 'द रेजिस्टेंस फोर्स'-टीआरएफने किया था। 6 मई को भारत ने पाक-अधिकृत कश्मीर तथा पाकिस्तान के भीतर काफी दूर स्थित 9 आतंकी ठिकानों को मिसाइलों से ध्वस्त कर दिया। हालांकि, पाकिस्तान ने आतंकी हमले में अपना हाथ होने से इनकार किया, पर उसकी संलिप्तता के सारे प्रमाण उपलब्ध हैं। भारत द्वारा आतंकी अड्डे ध्वस्त किए जाने के बाद पाकिस्तान ने भारत के सैनिक ठिकानों व नागरिकों पर व्यापक मिसाइल व ड्रोन हमले किए जिसके जवाब में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के 8 हवाई अड्डों को निशाना बना कर उसकी युद्धक क्षमता को भारी नुकसान पहुंचाया। इसके बाद पाकिस्तान ने दुनिया भर के देशों से युद्धविराम कराने की गुहार लगानी शुरू की तथा पाकिस्तानी सैनिक कार्रवाई महानिदेशक-डीजीएमओ ने भारतीय डीजीएमओ से युद्धविराम की प्रार्थना की। भले ही अमेरिकन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसका श्रेय लेने का प्रयास किया हो, पर प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्र के नाम संबोधन में अपना दृष्टिकोण स्पष्ट कर दिया। मोदी ने पाकिस्तान की कठोर आलोचना करते हुए कहा कि उसने 'आतंकवाद से लड़ने के बजाय भारत पर हमला कर दिया' जिसके जवाब में भारतीय सेना ने उसकी कमर तोड़ दी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि 'आपरेशन सिंदूर' अभी स्थगित किया गया है और भारत पाकिस्तान के हर कदम पर नजर रखेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब भारत पाकिस्तान के 'न्यूक्लियर ब्लैकमेल' से जरा भी प्रभावित नहीं होगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन में भारत द्वारा सिंधु जल समझौता रद्द करने का भी संकेत करते हुए कहा कि 'टेरर और ट्रेड एकसाथ नहीं हो सकता है तथा पानी और खून भी एकसाथ नहीं बह सकता है।' उनका संकेत पीपीपी नेता व पाकिस्तान सरकार में मंत्री बिलावल भुट्टो के भाषण की ओर था जिसमें उन्होंने कहा था कि सिंधु नदी में या तो पानी बहेगा या उनका खून। युद्धविराम के बावजूद भारत की सेना पूरी तरह सतर्क है। भारतीय सेनाओं के डीजीएमओ लेफ्टीनेंट जनरल राजीव घई ने जोर देकर कहा है कि 'संप्रभुता और सुरक्षा पर किसी खतरे का निर्णायक शक्ति से जवाब दिया जाएगा।' युद्धविराम के बाद पहले बंद किए हवाईअड्डों को खोल दिया गया है तथा जम्मू कश्मीर व अन्य सीमावर्ती प्रदेशों में स्थिति सामान्य हो रही है। मोदी ने अपने संबोधन में स्पष्ट कर दिया है कि 'आपरेशन सिंदूर' स्थगित करने के बावजूद भारत किसी भी आतंकी कार्रवाई को युद्ध समझेगा और उसके खिलाफ अपनी शर्तों पर व अपने तरीके से कठोर कार्रवाई करेगा। वर्तमान स्थितियों में भारत को अपनी सैनिक शक्ति बढ़ाने के साथ ही आतंकवाद के खिलाफ सारी दुनिया की राय बनाने का प्रयास जारी रखना होगा।

# आतंकवाद-विरोध की नई रणनीति

राजनय और रणनीति के बीच संतुलन बनाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सीमापार से प्रायोजित आतंकवाद का मुकाबला करने की नई रणनीति बनाई है। इससे प्रतिरोध के प्रति भारत के सैनिक दृष्टिकोण में मूलभूत परिवर्तन स्पष्ट होता है।



**अशोक. के. मेहता**
(लेखक, मेजर जनरल हैं)



राजनय और रणनीति के बीच संतुलन बनाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सीमापार से प्रायोजित आतंकवाद का मुकाबला करने की नई रणनीति बनाई है। इससे प्रतिरोध के संबंध में भारत के सैनिक दृष्टिकोण में मूलभूत परिवर्तन स्पष्ट होता है। मंगलवार को 22 मिनट लंबे 'राष्ट्र को संबोधन' में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'आपरेशन सिंदूर' स्थगित करने की घोषणा की। हालांकि, यह भाषण अतीत में प्रधानमंत्री मोदी के लंबे-लंबे संबोधनों को देखते हुए छोटा था, पर यह परंपरागत मानक युद्ध संबोधनों के दृष्टिकोण से लंबा था जिसकी झलक पिछले सप्ताह लंदन में चर्चिल के 'वी सिम्बल' में दिखाई पड़ी थी। इस संबोधन में नरेन्द्र मोदी एक परिपक्व राजनयिक के रूप में नजर आए और वे आश्चर्यजनक ढंग से 'अ-राजनीतिक' भी थे। उन्होंने पाकिस्तान को भारत की दृढ़ता तथा तेजी से बढ़ती सैनिक शक्ति के बारे में शक्तिशाली संदेश और संकेत दिए।

इसके साथ ही उन्होंने 'राष्ट्र के नाम' संबोधन से पूरे अंतरराष्ट्रीय समुदाय व खासकर अमेरिकी ट्रंप प्रशासन को भी स्पष्ट संदेश दिए। उनका संबोधन चार दिन चले युद्ध के बाद आया जिसमें दोनों देशों की सेनाओं के बीच कोई सीधा संपर्क नहीं हुआ और केवल ड्रोन, यूएवी और मिसाइलों ने ही वास्तविक नियंत्रण रेखा-एलओसी व अंतरराष्ट्रीय सीमा-आईबी पार की। लेकिन इसके पहले किसी भी अन्य भारतीय प्रधानमंत्री ने ऐसी दर्जनों बैठकें नहीं की होंगी जिसकी तस्वीरें मीडिया के माध्यम से जारी की गई थीं। इन बैठकों में रक्षा मंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार-एनएसए, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष-सीडीए, तीनों सेनाओं के प्रमुखों तथा कैबिनेट मंत्रियों ने युद्ध के बारे में विचार-विमर्श किया। आतंकवादियों के खिलाफ इस कार्रवाई का नाम 'आपरेशन सिंदूर' रखा गया जो पहलगाम में धर्म पूछ कर लोगों की हत्या करने वाले आतंकी हमले के बाद भावनात्मक रू से जनता से जुड़ता था। इसी प्रकार संक्षिप्त 72 घंटे की कार्रवाई तथा एक अघोषित युद्ध के बारे में केवल एक ब्रीफिंग दी गई क्योंकि शायद खबरें ज्यादा नहीं थीं अथवा इनका खुलासा नहीं किया गया।

हमले में उपलब्धियों व कमियों की उचित व संतुलित तस्वीर और मोटेतौर से पूरे परिदृश्य की जानकारी के लिए कम से कम बीबीसी, सीएनएन व अल जजीरा को देखना और पढ़ना जरूरी था, लेकिन इन माध्यमों के भी अपने पूर्वाग्रह हैं। भारत में लोकप्रिय टीवी चैनल अत्यधिक आक्रामक और देशभक्त वरिष्ठ लोगों व सेवानिवृत्त सैनिक अधिकारियों से भरे थे और इसके साथ ही ऐसे अति-उत्साही एंकर उनसे प्रतियोगिता कर रहे थे जो किसी युद्ध की कवरेज में सक्षम ही नहीं थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन में सभी बावर्दी सैनिकों व अर्धसैनिक बलों, जासूसी एजेंसियों, वैज्ञानिकों तथा भारत की जनता को धन्यवाद दिया। इस संबोधन से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान से पैदा होने वाले या उसके द्वारा प्रायोजित सीमापार-आतंक के प्रति भावी प्रतिक्रिया के आयाम भी निर्धारित कर दिए। वैसे आमतौर से नेता कभी युद्ध में अपनी खुफिया एजेंसियों का उल्लेख नहीं करते हैं। लेकिन मोदी ने पहली बार सीमापार से आतंकवाद का मुकाबला करने में उनकी भूमिका का उल्लेख किया। पाक-अधिकृत कश्मीर में 2016 में हुए 'सर्जिकल स्ट्राइक' से लेकर बालाकोट में हुई 'एयर स्ट्राइक' व पाकिस्तान के खैबर-पख्तूनख्वा में 2019 में हुई कार्रवाई तक इस्लामाबाद ने दावा किया था कि उन्होंने 'लक्ष्य पर प्रहार नहीं किया।' लेकिन 'आपरेशन सिंदूर' ने स्पष्ट रूप से आतंकवादी अड्डों के सफाए तथा पाक-अधिकृत कश्मीर व पाकिस्तान में आतंकवादी नेताओं के मारे जाने के स्पष्ट प्रमाण दिए जिनको कोई भी देख सकता है। दूसरा, 'आपरेशन सिंदूर' ने हमले में आश्चर्य का पूरा तत्व शामिल किया। तीसरा, नियोजन, क्रियान्वयन तथा दंड के आयामों के मामलों में पूर्ण सटीकता सामने आई। चौथा, भारत ने इस आपरेशन में पाकिस्तान से इनकार करने का तत्व पूरी तरह समाप्त कर दिया तथा किसी जांच या डोजियरों के आदान-प्रदान से इनकार कर दिया। संयोग से चार प्रमुख आतंकी हमले में बच गए जिनमें से दो का संबंध लश्करे तैयबा से था। ऐसा पहली बार हुआ है कि कि जघन्य आतंकी हमलों के जिम्मेदार हमले में बच गए। पांचवां, इस कार्रवाई से आंशिक प्रतिरोधक बहाल हुआ जो परंपरागत प्रतिरोधक से पूरी तरह गायब था।

छठा, लंबे समय बाद आतंकवादियों और उसके प्रायोजक पाकिस्तानी सेना के बीच भ्रम दूर कर दिया गया। शुरुआत में सेना ने कहा था कि उसका निशाना केवल आतंकी ढांचा था, नागरिक या सैनिक नहीं। लेकिन बाद में पाकिस्तान द्वारा सैनिक ठिकानों को निशाना बनाए जाने पर भारत ने छद्म तत्वों तथा प्रायोजकों के बीच सीमारेखा हटा दी और मोदी ने इसका संकेत भी दे दिया। सातवां मोदी ने रावलपिंडी द्वारा नाभिकीय क्षमता का ब्लैकमेल भी समाप्त कर दिया। पहली बार उसकी नाभिकीय क्षमता और खासकर टैक्टिकल नाभिकीय आयुधों का भ्रम तोड़ दिया गया। हालांकि, ट्रंप ने कहा कि उन्होंने नाभिकीय युद्ध रोक कर लाखों लोगों का जीवन बचा लिया।

आठवां, भारत ने युद्ध भड़काने के तर्क के मामले में अपना प्रभुत्व स्थापित किया और इसकी जिम्मेदारी पाकिस्तान पर थोप दी। बालाकोट में शुरुआती हमलों के बाद वायुसेना ने आपरेशन समाप्त होने की घोषणा कर दी थी। उसने किसी पाकिस्तानी दु:साहस का संदर्भ नहीं दिया था क्योंकि इसके खंडन की संभावना थी। नवां, मोदी ने घोषणा कर दी है कि किसी भी आतंकी हमले को युद्ध माना जाएगा। इस प्रकार उन्होंने नई लाल रेखा खींच दी है जिसे बनाए रखना आसान नहीं होगा। ऐसी स्थिति में 'आतंकवादी हमला' परिभाषित करने की आवश्यकता सामने आती है। इससे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद-यूएनएससी के अनुच्छेद 51 को चुनौती मिल सकती है जिसमें अनावश्यक शक्ति प्रयोग का निषेध किया गया है। सरल भाषा में कहें तो इस मुद्दे पर स्पष्टीकरण की जरूरत है नहीं तो इसे क्षेत्र में उथलपुथल और अस्थिरता पैदा हो सकती है। दसवां, मोदी ने अमेरिका या ट्रंप का अपने संबोधन में कोई उल्लेख नहीं किया, जबकि उनका प्रशासन हवा, भूमि और समुद्र में सभी गोलीबारी रोकने की बात कर रहा था। अमेरिकी हस्तक्षेप का खुलासा अमेरिकन विदेश सचिव मार्को रूबियो, उप-राष्ट्रपति जे.डी. वैंस व स्वयं ट्रंप ने किया था। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ट्रंप को शांति स्थापना में उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया। इसके पहले हर बार भारत-पाकिस्तान संकट के समय अमेरिका ने उसे समाप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और 1984 के बाद ऐसे एक दर्जन से अधिक अवसर आए हैं। भारत की रणनीतिक स्वायत्तता को सिद्ध करने के लिए अमेरिकन संलिप्तता की सीमा पर स्पष्टीकरण जरूरी है। इस्लामाबाद द्वारा गैर-काइनेटिक लेवी पर भारतीय सीसीएस की प्रतिक्रिया पर लगे आरोप पर भारत ने पाकिस्तान राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के 25 अप्रैल के प्रस्ताव में निहित द्विपक्षीयता पर जोर दिया है। अन्य संभावित जवाबी कार्रवाइयों के बारे में पाकिस्तान ने कहा है कि वह 'शिमला समझौते समेत सभी द्विपक्षीय समझौतों को स्थगित करने का उस समय तक अधिकार रखता है, जब तक भारत पाकिस्तान में आतंकवाद प्रेरित करना बंद न करे।' मोदी ने विदेशी सहयोग से 'मेड इन इंडिया' आयुधों का उल्लेख किया है जो नए युग के युद्ध में आयातित आक्रामक व रक्षात्मक उपकरणों का विकल्प हो सकते हैं। लेकिन भारत को अभी अनेक क्षेत्रों में उच्च तकनीकी विशेषज्ञता प्राप्त करनी ह जिनमें जेट इंजनों का निर्माण शामिल है। इसके अलावा भारत द्वारा अद्यतन उपकरणों के परीक्षण पर चीन की भी नजर है।

भारत को चीन द्वारा पाकिस्तान को सप्लाई किए उपकरणों के प्रदर्शन पर नजर रखना जरूरी है। मोदी ने कहा है कि पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ सभी आतंकी कार्रवाइयां और आक्रमण बंद करने का आश्वासन दिया है। हालांकि, पहले की तरह इस बार पाकिस्तान में किसी विजय उत्सव की योजना नहीं है, लेकिन शहबाज शरीफ ने 'आपरेशन बुनियान उल मरसून' की सफलता का दावा किया है। भारतीय जनता पार्टी ने 'आपरेशन सिंदूर' का राजनीतिक लाभ उठाने की पूरी योजना बनाई है और उसकी 11 दिवसीय 'तिरंगा यात्रा' का आयोजन शुरू हो गया है। मोदी ने राष्ट्र के नाम संबोधन में कहा है, 'टेरर और टाक एकसाथ नहीं चलेंगे, टेरर और ट्रेड एकसाथ नहीं चलेंगे तथा पानी के साथ खून एकसाथ नहीं बहेगा।' इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि केवल आतंकवाद और पाक-अधिकृत कश्मीर पर ही बात होगी। देखना होगा कि क्या इस रास्ते से सीमापार से आतंकवाद समाप्त होगा।

# पारम्परिक व्यवस्था की विफलता के परिणाम

> हर युद्ध में, घोषित या अघोषित, युद्ध के मैदान से परे हमेशा हताहत होते हैं। और मासूमियत, अक्सर, सबसे पहले गिरती है।

**आशा अय्यर कुमार**
(लेखिका, एक स्तम्भकार व लेखनी विशेषज्ञ हैं)

7 मई की रात को मुझे एक मित्र से एक बेचैन संदेश मिला: युद्ध शुरू हो गया है। युद्ध? क्या युद्ध इतनी अचानक शुरू हो सकता है? एक भारतीय के रूप में, जो क्रूर पहलगाम आतंकी हमले पर रोया था, मैंने असहाय क्रोध के एक क्षण में, एक मजबूत प्रतिशोध की उम्मीद की थी - कुछ ऐसा जो हमलावरों को उनके स्थान पर ले जाए। लेकिन एक पूर्ण पैमाने पर युद्ध? यह असंभव सा लग रहा था।

आखिर किसके पास आर्थिक ताकत या नैतिक लापरवाही है जो एक नाजुक क्षेत्र को संकट के जबड़े में धकेल दे? फिर भी, यह संदेश किसी ऐसे व्यक्ति से आया जिस पर मुझे भरोसा था। मैंने त्रश्नश्चद्दद्र की ओर रुख किया, आधी उम्मीद थी कि यह सोशल मीडिया अलार्मवाद होगा। लेकिन यह सच था, हालांकि सही मायने में नहीं। भारत ने पाकिस्तान में रणनीतिक आतंकी ठिकानों पर सटीक हवाई हमले किए थे, जो उकसावे के जवाब में अब एक जाना-पहचाना हस्ताक्षर है। लेकिन ऐसी घटनाओं के रंगमंच पर, जहां राज्य की कार्रवाई का जश्न मनाया जाता है और हैशटैग झंडों की तरह उड़ते हैं, एक सवाल अंतरात्मा के शांत कोनों को सताता है: असली कीमत कौन वहन करता है? कांच की मीनारों में बैठे निर्णयकर्ता या टेलीविजन स्क्रीन पर पंडित नहीं, बल्कि संप्रभुता के गर्व और राजनीतिक प्रतिशोध की ज्वाला के बीच फंसे हुए मासूम।

यह हवाई हमले के सायरन से जागने वाला स्कूली बच्चा है, वह किसान जिसका खेत सीमांत बन जाता है, और वह माँ जो नहीं जानती कि उसका बेटा गश्त से लौटेगा या नहीं। सुर्खियाँ रणनीति और सफलता की घोषणा कर सकती हैं, लेकिन अंतर्निहित हमेशा उन्मादी राष्ट्रीय बयानबाजी में लिपटा मानवीय दुख होता है। छुट्टी मनाने वाले लोगों को उस चीज़ के लिए अपनी जान क्यों गंवानी पड़ी जिसमें उनका कोई हाथ नहीं था - कश्मीर पहेली? गाजा के लोगों को भूख, मलबे और टूटे सपनों के साथ क्यों भुगतान करना चाहिए, इतिहास ने उन्हें बिना सहमति के, औपनिवेशिक मजबूरियों द्वारा गढ़े और राजनीतिक गर्व से पोषित संघर्षों के लिए दिया? एक यूक्रेनी दादी को हफ्तों तक अपने तहखाने में क्यों रहना पड़ता है, एक सूडानी बच्चे को सीमाओं पर गोलियों से बचना पड़ता है, जिसका वह नाम नहीं बता सकता, अफगान लड़कियां अपने भविष्य को भू-राजनीति के पर्दे के नीचे गायब होते हुए देखती हैं?

स्थान बदल सकते हैं, लेकिन पैटर्न वही रहता है। नेताओं की विफलताओं और विचारधाराओं के अहंकार के लिए हमेशा आम आदमी, मासूम महिला, अनाम बच्चे को ही खून बहाना पड़ता है। और फिर दूसरा युद्ध शुरू होता है - शब्दों, संपादनों और वायरल वीडियो के माध्यम से। मीडिया, विशेष रूप से संघर्ष के क्षणों में, तलवार और ढाल दोनों बन जाता है, जो न केवल हम जो जानते हैं उसे आकार देता है, बल्कि हम कैसा महसूस करते हैं। हवाई हमलों के बाद के दिनों में, गलत सूचनाओं, डॉक्टरेट किए गए दृश्यों और अपुष्ट दावों की बाढ़ हमारे फ़ीड में भर गई। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कौन सा पक्ष बोल रहा था। दोनों ही सार्वजनिक तर्क की रक्षा करने की तुलना में जनता की भावना को जीतने में अधिक निवेश करते दिखे। तभी मैंने विवरणों का पालन करना बंद कर दिया। मैं जानना चाहता था- क्या यह बढ़ेगा या हल होगा? शोर ने मुझे बीमार कर दिया। हम, लोग - थके हुए, चिंतित, शांति की उम्मीद करते हुए - एक मनोवैज्ञानिक युद्ध के मैदान में अनिच्छुक मोहरे बन जाते हैं। टेलीविजन एंकर बारीकियों को चिल्लाते हैं। सोशल मीडिया एल्गोरिदम क्रोध को बढ़ाते हैं। देशभक्ति आक्रामकता के साथ मिल जाती है। तर्कसंगत प्रवचन जिंगोइस्टिक जोश में डूब जाता है। और इस सबके बीच, दर्शक चिंतित और भ्रमित रह जाता है, उसकी भावनाओं को आधे-अधूरे सच और अतिशयोक्ति से प्रभावित किया जाता है। यह घटना नई या अनोखी नहीं है।

हमने इसे रूस-यूक्रेन युद्ध और हर भारत-पाक झड़प के दौरान देखा। जब प्रचार लोगों की जगह ले लेता है, जब सूचना गोला-बारूद बन जाती है, तो सत्य संपार्श्विक क्षति बन जाता है। और लंबे समय में, यह केवल बम नहीं होते जो जीवन को नष्ट करते हैं, बल्कि विकृति पर आधारित विश्वास प्रणाली होती है, जहाँ सहानुभूति एक शांत, अनदेखी मौत मर जाती है। युद्ध की त्रासदी केवल उसके विस्फोटों में नहीं है। यह इस बात में है कि हम कैसे दूसरे को अमानवीय बनाना शुरू करते हैं।

कैसे युवा दिमाग पड़ोसियों पर अविश्वास करते हुए बड़े होते हैं। कैसे पीढ़ियों को संदेह और घृणा में पाला जाता है। यह इस बात में है कि हम कितनी जल्दी भूल जाते हैं कि सीमाओं के पार और वर्दी के नीचे, दिल की धड़कन एक जैसी है। नागरिकों के रूप में, शायद सबसे ज़िम्मेदार चीज़ जो हम कर सकते हैं वह है सोचना; सवाल करना और सामूहिक रोष में बह जाने का विरोध करना। हमें पूछना चाहिए : युद्ध से किसे फ़ायदा होता है? वास्तव में कौन पीड़ित होता है?

और हम समाचार के नाम पर क्या खा रहे हैं? हमें शोर को ज्ञान या जुनून को सिद्धांत समझने की भूल नहीं करनी चाहिए। हमें अपनी अंतरात्मा को भावनात्मक रूप से आवेशित अर्ध-सत्यों से अपहृत नहीं होने देना चाहिए। हमें याद रखना चाहिए कि किसी राष्ट्र की ताकत उसकी सबसे ऊंची आवाज में नहीं, बल्कि उसकी सबसे बुद्धिमानी में निहित है। सबसे बढ़कर, हमें तब जयकार करने से मना कर देना चाहिए जब हमें पूरी तरह से समझ में न आए कि हम किस बात के लिए ताली बजा रहे हैं।

क्योंकि हर युद्ध में, घोषित या अघोषित, युद्ध के मैदान से परे हमेशा हताहत होते हैं। और मासूमियत, अक्सर, सबसे पहले गिरती है।

## आप की बात

### शांति के प्रयास

**प्रधानमंत्री** मोदी द्वारा राष्ट्र के नाम संबोधन में पाकिस्तान के साथ युद्धविराम की स्थिति पर पूरी स्पष्टता देना महत्वपूर्ण कूटनीतिक कदम माना है। उन्होंने कहा कि भारत ने पाकिस्तानी डीजीएमओ की प्रार्थना पर गौर करते हुए युद्धविराम का निर्णय किया। यह कदम न केवल क्षेत्रीय स्थिरता, बल्कि दक्षिण एशिया में शांति के नए युग की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। इसके साथ ही रूस और यूक्रेन के बीच प्रत्यक्ष बातचीत की प्रक्रिया शुरू होना भी सकारात्मक संकेत है। वर्षों से चल रहे संघर्ष के बीच यह संवाद नई आशा की किरण लेकर आया है। यदि यह बातचीत सफ्ल रहती हैए तो इससे न केवल यूक्रेन और रूस के नागरिकों को राहत मिलेगी, बल्कि ऊर्जा संकट और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर भी सकारात्मक असर पड़ेगा। चीन और अमेरिका के बीच व्यापार और तकनीकी प्रतिस्पर्धा को लेकर लंबे समय से तनाव रहा है। अब उनके बीच बातचीत से टकराव के समाधान की संभावना है। इससे वैश्विक आर्थिक स्थिरता को बल मिलेगा और विकासशील देशों को भी लाभ होगा। यह परिदृश्य दर्शाता है कि संवाद और कूटनीति के माध्यम से किसी भी विवाद का समाधान संभव है। इन सकारात्मक घटनाओं से पूरी दुनिया में आशा-विश्वास का नया माहौल पैदा हुआ है।

**-सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

### पाकिस्तानी झूठ

**आतंकी गतिविधियों** का आरोप लगने पर पहले पाकिस्तान हमेशा पल्ला झाड़ता रहा है। इस बार भी उसने हमारे एयरबेस को नुकसान पहुंचाने की बात कही थी, लेकिन आदमपुर में अचानक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जाकर और वहां जवानों को शाबाशी देकर पाक को बता दिया कि एयरबेस का बाल भी बांका नहीं हुआ। उसने भारत के एस-400 वायुरक्षा प्रणाली को नष्ट करने का भी झूठ बोला था, जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने उसी के पास खड़े होकर यह झूठ भी उजागर कर दिया। पाकिस्तान युद्ध में हुए अपने नुकसान को छुपाकर और भारत के नुकसान को बढ़ा-चढ़ाकर बताने से भी नहीं चूकता है। लेकिन स्मार्ट फोन और सोशल मीडिया के युग में स्वयं पाकिस्तानी जनता ही वीडियो बना-बना कर सारी दुनिया को बता रही है कि भारतीय मिसाइलों ने उसके कौन-कौन से हवाईअड्डे तबाह कर दिए। पाकिस्तान अघोषित रूप से अपने परमाणु हथियार भी छिपा कर रखता है जो अंतरराष्ट्रीय मानकों का घोर उल्लंघन है क्योंकि सभी परमाणु आयुध संपन्न देश वहां हमला न करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इससे वह लाखों पाकिस्तानी लोगों का जीवन खतरे में डाल रहा है। विश्व समुदाय को इस पर कार्रवाई करनी चाहिए।

**- महेश नेनावा**, इंदौर

### ई-पासपोर्ट

**भारत** द्वारा चिप आधारित ई-पासपोर्ट को आधिकारिक रूप से अपनाना साधारण प्रशासनिक कदम नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर निर्णायक पहल है। यह भारत को अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, जापान, ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर जैसे देशों की कतार में ला खड़ा करती है जहाँ डिजिटल पहचान, साइबर सुरक्षा और सीमा प्रबंधन का अत्याधुनिक ढांचा लागू है। यह स्थिति भारत को भविष्य के वैश्विक तकनीकी नीति निर्धारण में प्रभावशाली बनाती है। ई-पासपोर्ट में लगी इलेक्ट्रॉनिक चिप यात्री की व्यक्तिगत और बायोमीट्रिक जानकारी को सुरक्षित रूप से संग्रहित करती है जिससे पासपोर्ट की प्रामाणिकता सुनिश्चित होती है और उसके फर्जी होने की संभावना समाप्त होती है। इससे न केवल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर पहचान सत्यापन की प्रक्रिया तेज होती है, बल्कि अवैध प्रवास, मानव तस्करी और वैश्विक आतंकवाद के विरुद्ध सशक्त तकनीकी दीवार खड़ी होती है। भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश के लिए यह तकनीक प्रशासनिक भार को कम करते हुए पारदर्शिता व सुरक्षा की नई परिभाषा गढ़ती है। भारत का यह कदम राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति, आदि में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। इससे भारत विकसित देश बनने की दिशा में बढ़ा है।

**- अवनीश गुप्ता**, आजमगढ़

### देशभक्ति की भावना

**पहलगाम** हमले के बाद से देश की जनता में देशभक्ति का उभार देखने को मिला है। सोशल मीडिया इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस पर प्रचारित संदेशों के कारण ही छुट्टी रद्द होने के कारण कार्यस्थल पर जाने वाले सैनिकों को आम जनता सम्मान के साथ स्वयं कष्ट उठा कर भी ट्रेन में बैठने की जगह दे रही है। आम जनता तुर्की के उत्पादों का स्वत: बहिष्कार कर रही है क्योंकि उसने भारत के खिलाफ पाकिस्तान का पक्ष लिया था। फ्ल व्यपारियो ने तुर्की से आयात होने वाले सेव खरीदने के इनकार कर दिया। भारतीय ट्रेवल एजेंसियों ने भी तुर्की के ट्रैवल पैकेज रद्द करते हुए खुलेआम घोषणा की जो देश भारत के खिलाफ है, हम वहां लोगों को नहीं भेजेंगे। उन्होंने भारतीय पर्यटकों से भी अपील की कि वे तुर्की न जाएं। पर्यटन किसी भी देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पिछले साल प्रधानमंत्री मोदी का मालदीव के मंत्रियों द्वारा अपमान किए जाने पर भारतीय पर्यटकों ने मालदीव का बहिष्कार कर दिया था। इससे मालदीव सरको झुकना पड़ा। हमें स्वदेशी और स्वालंबन अपनाना चाहिए।

**-ललित शंकर**, गाजियाबाद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# नगर सरकार अब तक पेश नहीं कर पाई नए वित्त वर्ष का बजट, बालोद की जनता को उत्सुकता से इंतेजार




पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

भाजपा की नई शहर सरकार अब तक शहर का अपना पहला बजट प्रस्तुत नहीं कर पाई है। कायदे के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 के लिए मार्च में बजट पेश हो जाना चाहिए था। नगर पालिका बालोद में अभी भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ काबिज है। 20 पार्षदों वाले परिषद में भाजपा के 12 पार्षद हैं। इधर, जनता को इस साल पालिका के बजट का काफी उत्सुकता से इंतजार है। नगरवासियों को उम्मीद है कि इस बार कोई बड़ी सुविधा पालिका नगरवासियों को देगी। लेकिन पालिका के अधिकारी और जनप्रतिनिधियों की लापरवाही के कारण पालिका में अब तक बजट पेश नहीं हो पाया। बजट पेश नहीं होने के कारण शहर के विकास में एक बार फिर से ग्रहण लगेगा। जिसका खामियाजा नगर वासियों को भुगतना पड़ेगा। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि जनप्रतिनिधि अपने इस तरह के व्यवहार से शहर की भोली-भाली जनता के साथ अन्याय ही कर रही हैं।

## पिछले बजट की घोषणाएं अब भी अधूरी

ट्रिपल इंजन वाली भाजपा की शहर सरकार मई माह के दूसरे सप्ताह तक बजट वर्ष 2025-26 को लेकर किसी तरह के प्रयास नहीं कर सकी। ऐसे में पिछले बजट में पारित संकल्पों का अध्ययन किया जाए तो न तो पानी टंकी बन पाया ना ही सर्वसुविधायुक्त मंगल भवन शुरू किया जा सका। ज्यादातर संकल्प बजट के अभाव में फाइलों में दबकर रह गए।

## आय व्यय के साथ साल भर की कार्ययोजना होती है तैयार

दरअसल नगर सरकार द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले सालाना बजट में नगर सरकार आय व्यय के साथ वित्त वर्ष के दौरान नगर के विकास के लिए किए जाने वाले कार्यो का लेखा जोखा प्रस्तुत करती है। हर वितीय वर्ष में फरवरी या मार्च में नगरीय निकायों का बजट पेश किया जाना होता है। इसमें सालभर में संभावित आय-व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया जाता है। साथ ही बीते वित्तीय वर्ष का आय-व्यय का ब्यौरा भी रखा जाता है। रूल अनुसार व जानकारों की माने तो एक जनवरी तक सीएमओ को हर हालत में बजट बनाना होता है, जब तक पीआइसी में बजट पास नही हुआ है, तब तक सीएमओ का बजट मान्य है, फिर बजट पीआइसी में लेंगे, बजट पीआइसी में पास होने के बाद वो बजट भी तब तक मान्य है जब तक सामान्य सभा में बजट पारित नही हुआ हैं। उसके लिए नियम यह है कि यथासंभव बजट 31 मार्च तक प्रस्तुत कर दिया जाए।

## बिना बजट के हो रहे भुगतान, समझ से परे

नपा के सूत्रों की माने तो इस सप्ताह भी बजट के स्वीकृत होने के कोई आसार नजर नहीं आ रहे है। बजट पास के लिए माह मार्च एवं अप्रैल समाप्त हो चुके है और मई माह को भी प्रारंभ हुए एक सप्ताह से अधिक हो गया है। ऐसे में माह अप्रैल और मई प्रथम सप्ताह तक होने वाले तमाम खर्च को नगर पालिका परिषद कैसे भुगतान कर रही यह समझ से परे है। जबकि अब जीएसटी के चलते अधिकांश वस्तुओं के दाम भी बदल गए है।

## चुनावी वादे गर्त में, स्ट्रेचर पर विकास

नगर पालिका चुनाव की दौरान भाजपा की तरफसे किए गए लोक-लुभावने वादे अब तक धरातल पर उतरते नहीं दिख रहे हैं। शहर के लोग अब वादे पूरे होने की आस लगाए बैठे हैं। सवाल ये है कि ट्रिपल इंजन वाली शहर सरकार उनसे किया वादा कब निभाएगी। चुनाव के दौरान कई लोक-लुभावन वादे किए थे। नगर पालिका में बड़ी जीत के पीछे इन वादों की बड़ी भूमिका रही। कुछ बड़े वादे जैसे शहर के सभी 20 वार्डों में नई पाइपलाइन (वाटर फिल्टर प्लांट) के माध्यम से पर्याप्त शुद्ध पेयजल की आपूर्ति एवं कमजोर आय वर्ग के लोगो को निशुल्क नल कनेक्शन, भूमिहीन कच्चे आवास के रहवासी नागरिकों के लिए पक्के आवास का निर्माण, शहरी गौधाम योजना का संचालन, सभी तालाबों का सौंदर्याकरण, पूर्व में आबंटित गुमटियों का पक्के दुकान में परिवर्तन सहित शहर में आने वाले मुसाफिरों के लिए सर्व सुविधायुक्त वातानुकूलित भवन निर्माण के चुनावी वादे गर्त पर है।

## निकम्मेपन का है नमूना : बंटी शर्मा

अबतक बजट पास न होने को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता व शहीद गैंदसिंह वार्ड क्रमांक-16 के पार्षद विनोद बंटी शर्मा का कहना है कि यह नगर पालिका का निकम्मापन है, जिनको शहर विकास की कोई चिंता नहीं है। मार्च माह तक में बजट पास न होना घोर बेपरवाही है। नपा के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि का फोटो खिंचाने में ध्यान है।

'पीआईसी की बैठक बुलाए है, इस महीने में बजट पेश कर दिया जाएगा, बजट वही पेश करेंगे जो काम कर पाए, जो वादे हमने किये थे उसे पूरा करने पूरी कोशिश करेंगे, कुछ तो बदलाव करेंगे।'

**प्रतिभा चौधरी, अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद, बालोद**

'कुछ दीर्घकालिक और कुछ अल्पकालिक बजट है, जो समयानुसार पूरा किया जाएगा, शहर की जनता पर कोई अतिरिक्त भार नही डाला जाएगा, सब वर्ग को ध्यान में रख जल्द बजट लाया जाएगा, अच्छा बजट होगा।'

**सौरभ शर्मा, सीएमओ, बालोद**

# सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत कुम्हारी नगर पालिका समाधान शिविर में नए हितग्राहियों को वितरित किये गए राशनकार्ड

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा सुशासन की स्थापना और जन समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु चरणबद्ध किये जा रहे सुशासन तिहार आयोजन में आम जनता की समस्याओं का समाधान सुगमता और पारदर्शी तरीके से करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर पालिका कुम्हारी के सांस्कृतिक भवन वार्ड क्रमांक 06 में सुशासन तिहार 2025 के अन्तर्गत तृतीय चरण समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसके प्रथम चरण में वार्ड क्रमांक 01 से 08 तक कुल 380 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें से 380 आवेदनों की जानकारी विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा मंच के माध्यम से दिया गया। सुशासन तिहार 2025 में हितग्राही मूलक संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। जिसके अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 01 से 08 तक राशन कार्ड हेतु आवेदन किये गये पात्र हितग्राही 09 का राशन कार्ड शिविर में वितरण किया गया, साथ ही 16 आधार कार्ड, 04 आयुष्मान कार्ड, 91 नागरिकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। शिविर में मुख्य रूप से अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भिलाई-3, महेश सिंह राजपूत, तहसीलदार पवन ठाकुर, पालिका अध्यक्षा मीना वर्मा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर, उपाध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत, पार्षदगण अश्वनी देशलहरे, उमाकांत साहू, आर. प्रवीण राव, डीकेश पटेल, उमेश्वरी साहू, ओंकार प्रसाद मारकण्डे, लोकेश कुमार साहू, पूर्व पार्षद मिथिलेश यादव, नोडल अधिकारी अतुल कुमार सिंह, उप अभियंता, साधना अहिरवार, छाया साहू एवं विभिन्न विभागों के विभाग प्रमुख एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित हुए।

# समाधान शिविर में हो निर्बाध विद्युत आपूर्ति : प्रणव शर्मा



**उतई।** छत्तीसगढ़ के भाजपा सरकार द्वारा मनाए जा रहे सुशासन तिहार के माध्यम से आम जनता की शिकायत एवं मांग के ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आवेदन पत्र संबंधित समाधान शिविर ग्राम पंचायत झीट में आयोजित किया गया। जिसमें जनपद पंचायत पाटन के सभापति प्रणव शर्मा ने उपस्थित होकर जनता की समस्याओं व मांग पर विषेश रूप से ध्यान देते हुए वर्तमान सबसे बड़े समस्या हाल में हुए आंधी तूफान एवं बारिश से बाधित हुए विद्युत आपूर्ति संबंधित समस्या के समाधान पर तत्काल विभाग के अधिकारियों के ध्यान दिए जाने की मांग की, आंधी तूफान से पाटन क्षेत्र में बहुत से स्थानों पर 24 से 48 घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित होने के साथ-साथ भारी गर्मी की समस्या और पेय जल आपूर्ति भी बाधित हो गई थी, जिससे लोग बहुत ज्यादा परेशान होते रहे। अचानक आए आंधी तूफान से पाटन क्षेत्र में कई घरों के छप्पर उड़ गए ऐसे मामलों में आर्थिक सहायता संबंधित मुवाउजा राशि राजस्व विभाग द्वारा जल्द से जल्द प्रदान की जाने की भी मांग की गई।

# दिल्ली में बिशाल सिंह ध्रुवे को मिला नेशनल अवार्ड

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय घिवरी के उत्कृष्ट शिक्षक कलाकार बिशाल सिंह ध्रुवे व्याख्याता को समता साहित्य अकादमी इंडिया द्वारा विगत दिवस आयोजित नेशनल इँटरनेशनल अवार्ड 2025 कार्यक्रम स्थल महामना मालवीय स्मृति भवन नई दिल्ली सभागार में साहित्य एवं कला नेशनल अवार्ड से मुख्य अतिथि डॉ. अभिषेक वर्मा राष्ट्रीय संयोजक इंडिया एलाइंस एवं शिव सेना के राष्ट्रीय सँयोजक के करकमलों सम्मानित किया गया, देश के ख्यातिलब्ध बावन साहित्यकारों व कलाकारों को सम्मानित किया गया, समारोह में बिशाल ने अपनी लोकप्रिय रचना पेश किया। छत्तीसगढ से कुल चार अवार्डी सम्मलित हुए। इस अवसर पर सर्वोच्च न्यायालय के एड्होकेट जनरल सँजीव सहगल, नेपाल के केबिनेट कृषि मँत्री विश्वेन्द्र पासवान, अनुप कुमार वर्धन, सचिव डा. के. जी. सुरेश निर्देशक, इंडियन एयरफोर्स के ग्रुप कैप्टन महेश उपासने, मालवीय मिशन के प्रधान ट्रस्ट्री हरिशंकर, डॉ. देवानँद ताँडेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष समता साहित्य अकादमी इँडिया, राकेश देवानाथ भारतीय साहित्य संस्कृति अकादमी राष्ट्रीय सचिव उपस्थित रहे, बिशाल सिंह ध्रुवे को उनके द्वारा किये गये उल्लेखनीय कार्य शिक्षा साहित्य, कला, संस्कृति पर्यावरण, नशा उन्मुलन एवं सामाजिक जागरण आदि क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान हेतु यह अवार्ड प्रदान किया गया है। अवार्ड प्राप्ति पर शाला परिवार घिवरी व ईष्ट मित्रों ने हर्ष व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन अनुप कुमार वर्धन महाराष्ट्र ने किया।

# विचक्षण जैन विद्यापीठ के सीबीएसई का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा




पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

विचक्षण जैन विद्यापीठ के छात्रों ने सीबीएसई कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए हैं। छात्रों की मेहनत, अनुशासन और लगन ने एक बार फिर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा (शैक्षणिक सत्र 2024-25) में विद्यालय का परिणाम 100 प्रतिशत रहा है। इस वर्ष कुल 36 छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से कॉमर्स संकाय के छात्र अर्हम जैन ने 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। वहीं 10 वीं बोर्ड परीक्षा में भी विद्यालय का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। इसमें कुल 42 छात्रों ने इस वर्ष परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से पार्श्व पिंचा ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय ने समस्त सफल विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी यह उपलब्धि शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग का ही प्रतिफल है।

# सुशासन तिहार हर नागरिक की समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित करता है : विधायक साहू



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका परिषद द्वारा सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत बेमेतरा शहर के भद्रकाली मंदिर परिसर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर वार्ड क्रमांक 15 से 21 तक के नागरिकों की समस्याओं और जनमांगों के प्राप्त 349 आवेदनों के समाधान के साथ अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गयी। शिविर मे मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू, अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अध्यक्ष रजककार प्रहलाद रजक, पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, मोंटी साहू, निशा चौबे पार्षद गौरव साहू लक्की साहू निखिल साहू नीतू कोठारी आकिब मलकानी सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिक उपस्थित रहें रहें थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा की हमारी सरकार, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में केवल बातें नहीं करती, बल्कि धरातल पर काम कर दिखाती है। 'सुशासन तिहार' इसी सोच का परिणाम है, यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि हर नागरिक तक सरकार की पहुँच और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का माध्यम है। समाधान शिविर एक ऐसा मंच है जहाँ आमजन को सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते, बल्कि शासन स्वयं उनके पास पहुँचता है। यह सरकार बोलने में नहीं, काम करके दिखाने में विश्वास रखती है। विधायक साहू ने कहा की कोई भी नागरिक अपनी समस्या को बेझिझक हमारे समक्ष रखें, हम उसे प्राथमिकता से हल करेंगे। उन्होंने अंत मे कहा हम माँ भद्रकाली मंदिर, तालाब और आसपास के क्षेत्र को संवारने के लिए भी विशेष योजनाएं बनाई जा रही हैं। विधायक दीपेश साहू ने अधिकारियो स्पष्ट निर्देश करते हुए कहा की कि हर अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि एक भी नागरिक बिना समाधान के शिविर से न लौटे।

## हमारा उद्देश्य है- जनसेवा के माध्यम से विश्वास का निर्माण

शिविर मे नागरिकों से विभिन्न विभागों के लिए सैकड़ों आवेदन प्राप्त किए गए। जिनका शिविर में ही प्राथमिक स्तर पर समाधान किया गया। शिविर मे महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं के तहत नोनी सुरक्षा योजना और प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। सुकन्या समृद्धि योजना अंतर्गत लाभार्थी बालिकाओं को बैंक पासबुक प्रदान की गई। आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया जिससे लोगों को स्वास्थ्य सुविधा से जोड़ने में मदद मिलेगी। अंत मे विधायक दीपेश साहू ने शिविर मे लगे विभिन्न स्टॉलो का निरिक्षण कर विभिन्न योजनाओं की जानकारी। नागरिकों ने शिविर की पारदर्शिता और त्वरित समाधान प्रक्रिया की सराहना की। अध्यक्ष, नगरपालिका विजय सिन्हा ने कहा राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे समाधान शिविर यह सुनिश्चित करते हैं कि शासन की योजनाएं केवल कागज़ों में नहीं, बल्कि जमीन पर भी दिखाई दें। शिविरों के माध्यम से जनता को उनके अधिकार समय पर मिल रहे हैं, यही सुशासन का उद्देश्य है। नगरपालिका अधिकारी ने आभार प्रकट किया।

# रेत के अवैध खनन एवं परिवहन पर सख्ती के निर्देश खनिज सचिव ने कलेक्टरों की बैठक लेकर दिए कड़े निर्देश

## पायनियर ने लगातार समाचार का प्रकाशन कर शासन-प्रशासन का ध्यान किया है आकर्षित



पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

प्रदेश में रेत के अवैध खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण लगाने तथा बरसात से पूर्व निर्माण एवं विकास कार्यों के सुचारु संचालन हेतु रेत की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खनिज साधन विभाग के सचिव पी. दयानंद ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के प्रमुख जिलों के कलेक्टरों एवं खनिज अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में रेत से संबंधित गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा कर अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि रेत के अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। इस अवसर पर खनिज संचालक रजत बंसल भी उपस्थित थे। सचिव पी. दयानंद ने कहा कि रेत के अवैध खनन व परिवहन को रोकने के लिए जिला स्तर पर गठित टास्क फोर्स के माध्यम से निरंतर निगरानी एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि खनिज राजस्व की हानि रोकना शासन की प्राथमिकता है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। उल्लेखनीय हो कि जिले के विवादित भैंसमुडी रेत खदान में अवैध रूप से रेत उत्खनन को लेकर पायनियर ने लगातार समाचार प्रकाशन कर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है।

## किसी भी अवैध स्त्रोत से आपूर्ति के मामले के कड़ी कार्रवाई की जाए : दयानन्द

सचिव पी. दयानंद ने निर्देशित किया कि स्वीकृत रेत खदानों का संचालन पर्यावरणीय स्वीकृति में निर्धारित अनुमेय मात्रा के अनुरूप विधिसम्मत रूप से किया जाए तथा खनिज राजस्व की समय पर वसूली सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वीकृत खदानों से ही रेत का खनन एवं परिवहन हो तथा किसी भी अवैध स्त्रोत से आपूर्ति के मामले के कड़ी कार्रवाई की जाए। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि आगामी तीन माह में अधिकाधिक रेत खदानों को चिन्हांकित कर ई-नीलामी के माध्यम से आबंटन हेतु निविदा जारी की जाए। बड़ी मात्रा में रेत की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए पाँच हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल वाली खदानों को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृत करने के निर्देश भी दिए गए। वही पर्यावरणीय स्वीकृति के लंबित प्रकरणों की सतत समीक्षा करने एवं शीघ्र निराकरण की जिम्मेदारी कलेक्टर्स को सौंपी गई। इसके अतिरिक्त, 10 जून से 15 अक्टूबर तक लागू खनन निषेध अवधि को दृष्टिगत रखते हुए स्वीकृत भंडारण अनुज्ञप्तियों के माध्यम से रेत की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने हेतु अग्रिम योजना बनाने के निर्देश भी दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य निर्माण कार्यों के लिए आवश्यक रेत की आपूर्ति केवल अधिकृत स्त्रोतों से सुनिश्चित की जाए, इस पर भी विशेष बल दिया गया। सचिव पी. दयानंद ने यह भी स्पष्ट किया कि खनिज अधिकारियों की गोपनीय चरित्रावली में रेत प्रबंधन से संबंधित निर्देशों के पालन को एक महत्वपूर्ण मूल्यांकन बिंदु के रूप में शामिल किया जाएगा।

## खदान शुरू करने की मिल रही जानकारी

सूत्रों की माने तो खनिज माफिया के द्वारा फिर भैंसमुड़ी रेत खदान का संचालन करने की तैयारी की जा रही है। बीते दो दिनों से पायनियर में लगातार समाचार का प्रकाशन करने के बाद खनिज माफिया के द्वारा मौके से चैन माउंटेन मशीन को हटाकर कहीं अन्य जगह छिपा कर रख दिया गया था। वहीं गुरुवार को जब खनिज विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो उन्हें मौके पर कुछ भी नहीं मिला। जैसा की पायनियर ने समाचार में बताया था। अक्सर देखा जाता है कि रेत खदान में खनिज विभाग की टीम तब पहुंचती है जब मौके से चैन माउंटेन मशीन एवं अन्य वाहनों को हटा दिया जाता है। इससे साफपता चलता है कि खनिज विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की खनिज माफिया के साथ संलिप्ता है।

# रिसाली कालेज के दर्पण सदृश्य पत्रिका प्रसून मंजरी का विमोचन





पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com

शासकीय नवीन महाविद्यालय रिसाली की वार्षिक गतिविधियों की दर्पण सदृश्य पत्रिका प्रसून मंजरी के प्रथम अंक का विमोचन मुख्य अतिथि अपर संचालक दुर्ग संभाग, दुर्ग डॉ. राजेश पांडे जी के कर कमलों से हुआ। डॉ. पांडे रिसाली महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य भी रह चुके हैं और वर्तमान में वे शासकीय दानवीर तुलाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय उतई के प्राचार्य पद पर कार्यरत हैं। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अनुपमा अस्थाना द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ भेंट करके किया गया। उन्होंने मुख्य अतिथि के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रसून मंजरी पत्रिका की संपादकीय टीम (डॉ. पूजा पांडेय, विनीता, प्रो.वेद प्रकाश, देव प्रभा साहू, व्यास नारायण देवांगन) एवं समस्त महाविद्यालय परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि डॉ.राजेश पांडे ने अपने व्यक्तव में कहा कि महाविद्यालय द्वारा पत्रिका का प्रकाशन एक महत्वपूर्ण एवं प्रशंसनीय कदम हैं। उन्होंने कहा कि निःसंदेह रिसाली महाविद्यालय अपने कुशल प्राचार्य डॉ अनुपमा अस्थाना के नेतृत्व एवं सानिध्य में विकास की और अग्रसर हो रहा है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ममता एवं आभार प्रदर्शन डॉ. नागरत्ना गनवीर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालय परिवार की उपस्थिति रही।

# निकाय चुनाव से पूर्व स्वीकृत 2.50 करोड़ रुपए के विकास कार्यों को जल्द पूर्ण करने भाजपाईयों ने सौंपा ज्ञापन

## ट्यूबलर पोल में बनाए गए फाउंडेशन में पानी से तराई नहीं की गई, बेहद ही दुर्भाग्य जनक : जीतू गुप्ता

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत अर्जुंदा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सीएमओ दिलीप कुमार यदु को नगर विकास के लिए चुनाव से पूर्व छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार द्वारा ढाई करोड़ रुपए के स्वीकृत विकास कार्य को जल्द पूर्ण करने ज्ञापन सौंपा। भाजपाईयों ने कहा कि निकाय चुनाव बीत जाने के महीने बाद भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव के मंशानुरूप जनता को ढाई करोड़ रुपए के विकास कार्य अप्रारंभ होने के चलते लाभ नहीं मिल पा रहा है। अर्जुन्दा मंडल अध्यक्ष विश्वास जीतू गुप्ता ने बताया कि इन कार्यों में प्रमुख रूप से बस स्टैंड में शॉपिंग कॉम्लेक्स के लिए हमारी सरकार ने 40 लाख रुपए की स्वीकृति शामिल है। यही नहीं इसके साथ साथ वार्ड क्रमांक 1 में रामलाल यादव घर से राधे ठेठवार घर तक सीसी रोड़ हेतु 16.37 लाख, वार्ड 3 राम खिलावन घर से उत्तम सोनकर घर तक सीसी रोड एवं आरसीसी नाली निर्माण हेतु 11.26 लाख, बृजेश चंद्राकर फैक्ट्री से उड़िया बाड़ी तक आरसीसी नाली निर्माण हेतु 11.45 लाख, साप्ताहिक बाजार में पेवर ब्लाक हेतु 18.53लाख, खाद गोदाम के सामने गौठान में पेवर ब्लॉक हेतु 10.78 लाख, बस स्टैंड के पास नाली निर्माण हेतु 11.54 लाख, ट्यूबलर पोल हेतु 64.30 लाख, नगर पंचायत कार्यालय के पास पेवर ब्लॉक हेतु 12.36 लाख सहित वार्ड क्रमांक 5, 7 एवं 9 में भी सीसी रोड और आरसीसी नाली का निर्माण कार्य स्वीकृत है। जिसमें से कुछ एक काम को छोड़कर सारे काम अप्रारंभ है। और जो काम प्रारंभ भी हुए है। वह भी गुणवत्ताहीन है। ट्यूबलर पोल में बनाए गए फाउंडेशन में पानी से तराई ही नहीं की गई है, जो बेहद ही दुर्भाग्य जनक है।

### निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो

जिला भाजपा उपाध्यक्ष नरेश यदु व भाजपा मंडल अध्यक्ष विश्वास जीतू गुप्ता ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सभी नगरीय निकायों में तेजी से विकास कार्य हो रहे है। पर अर्जुन्दा नगर में नगरीय निकाय चुनाव से पूर्व हमारी सरकार विष्णुदेव की सरकार के मंत्री अरुण साव ने ढाई करोड़ रुपए की सौगात दे चुके है। पर अब तक जनता को विष्णुदेव सरकार की इस सौगात का लाभ नहीं मिल पाया है। इसके लिए हमारी सीएमओ से बात हुई है। यही नहीं निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो इसका भी विशेष ध्यान रखा जाए। और छोटे छोटे कामों को लेकर नगरवासियों को नगर पंचायत के चक्क र ना काटना पड़े। इसके लिए नगर पंचायत सीएमओ से बात हुई है। उन्होंने कहा कि हम आने वाले समय में नगर के विकास के लिए विभागीय मंत्री अरुण साव से मिलकर नगर की आराध्य देवी मां शीतला मंदिर सहित विभिन्न मांगो को लेकर अपनी मांग रखेंगे। सीएमओ को ज्ञापन सौंपने प्रमुख रूप से जिला भाजपा उपाध्यक्ष नरेश यदु, मंडल अध्यक्ष विश्वास जीतू गुप्ता, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रहास रेवाराम देवांगन, वरिष्ठ नेता चंद्रहास देवांगन, अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति अर्जुंदा छांगू यादव, पार्षद गुमान भोलू यादव, उमेश देवांगन, विनोद सिन्हा, रमेश सोनी, ज्ञान सिंह ठाकुर, खोमन चंद्राकार सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# लोगों के लिए खौफ बने भू-माफियाओं की नजरे

## अब सरकारी भूमि, सेवा भूमि,पीएम आवास,पट्टे की भूमि-आवास सहित आबादी भूमियों पर गड़ी

पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ की प्रमुख ऐतिहासिक, धार्मिक एवं व्यवसायिक नगरी शिवरीनारायण श्रीराम वन गमन पर्यटन परिपथ स्थल के रूप में विकसित हो रहे हैं तथा यहां रेलवे का मुख्यालय भी प्रस्तावित है। छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा मंदिर नर-नारायण है और प्रदेश का सबसे बड़ा मेला माघी पूर्णिमा को भरता है। ऐसे महत्वपूर्ण नगर में इन दिनों में भू-माफियाओं की गिद्ध नज़रें लगी हुई है। यहां की लगभग निन्यानबे प्रतिशत भूमि में आज विवाद की स्थिति निर्मित हो चुकी है। चाहे सरकारी भूमि हो, निजी भूमि, सेवा भूमि अथवा बाग या घास भूमि, पीएम योजना के तहत आवास या अन्य योजना की पट्टे की भूमि- आवास, कोटवारी अथवा आबादी भूमि ही क्यों न हो। इन पर भू-माफियाओं के नज़रे लगी हुई है और ये जमीन हड़पने-हथियाने किसी भी हद तक जा सकते हैं। इनके द्वारा लोगों को विभिन्न प्रकार के प्रलोभन, मारपीट अथवा एससी-एसटी एक्ट व छेड़छाड़ और बलात्कार की प्रकरण में फसाने, तथा जान से मारने की धमकी आम बात हो गई है। छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रांत के पर्यटक यात्रियों के साथ ही यहां रायपुर, बिलासपुर, सारंगढ़ बलौदा-बाजार जांजगीर के मध्य में होने से यहां यात्री-सैलानियों की भीड़ दिनों दिन बढ़ती जा रही है तथा सीजनल वस्तुओं के खरीदारी के लिए काफी दूर-दूर से लोग यहां प्रतिदिन आते रहते हैं। यह एक महत्वपूर्ण व्यापारिक स्थल है यहां अनेक ज्वेलर्स कपड़े, विभिन्न वाहन आदि की अनेक शो रूम है। लगभग 40 किलोमीटर की परिधि में यह सबसे बड़ा व्यापारिक स्थल होने से यहां भूमि की कीमत करोड़ों में पहुंच गई है। ऊंची पहुंच रखने वालों की नजरें यहां की जमीनों पर टिकी हुई है। ये भू माफिया-जमीन दलाल विवादित भूमि को भी नहीं छोड़ रहे है। हालिया यहां एक ताजा मामला प्रकाश में आया है। जिसमें रितेश विरुद्ध हेमंत कुमार शर्मा वगैरह शिवरीनारायण अपीलीय प्रकरण क्रमांक 29 अ/2018 निर्णय डिक्री 22/6/2018 निष्पादित हुआ है। नगर का एक पीड़ित पक्षकार हेमंत शर्मा ने बताया की राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा इसका विधिवत परिपालन न होने और निर्णय डिक्री के विरुद्ध होने से त्रस्त हम लोग कुट रचना और धोखा धडी का शिकार होकर अपनी बेशकीमती जमीन जो करोड़ो का है महज कुछ छोटी राशि में रजिस्ट्री कर बैठे। हेंमत का कहना है कि क्रेता ऐसी भूमि को बकायदा राजस्व पंजीयक कार्यालय और स्थानीय पुलिस को संलिप्त कर कार्य को अंजाम देते हैं। इसकी शिकायत होने पर संबंधित अधिकारियों द्वारा दरकिनार कर दी जाती है और प्रताड़ित पक्षकार न्याय के लिए दर-दर भटकने को मजबूर होते है। अधिकारियों से मिली भगत कर व इन भ्रष्ट व्यवस्था के चलते भू-माफियाओं की पकड़ इतनी गहरी है कि जमीन रजिस्ट्री व पॉवर ऑफ अटर्नी की दस्तावेज और तिथि तक लॉक करा देते है।

# चंद्रपुर पुलिस की नशे के खिलाफ कार्रवाई, अवैध रूप से रखी गई 14 लीटर महुआ शराब की जब्त

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com




थाना चन्द्रपुर जिला सक्ती अंतर्गत अपराध क्रमांक 41/2025 अपराध क्रमांक 42/2025 की धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के दो प्रकरण में 14 लीटर कच्ची महुआ शराब बिक्री करने हेतु अपने कब्जे में रखा आरोपी गिरफ्तार चन्द्रपुर पुलिस की लगातार कार्यवाही हुई है, पुलिस अधीक्षकअंकिता शर्मा (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव (रा.पु.से.), एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) चंद्रपुर-डभरा अंजली गुप्ता (रा.पु.से.) के द्वारा क्षेत्र में हो रहे, अवैध जुआ, सट्टा, शराब और नशीले मादक पदार्थों पर रोकथाम के लिए दिये गए कड़े निर्देश के परिपालन में थाना प्रभारी चन्द्रपुर के द्वारा थाना क्षेत्र में मुखबिर तैनात किया गया था। घटना क 14.05.2025 को जरिये मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम परसापाली पुल के पास रोड किनारे एवं ग्राम मडवा तालाब के किनारे मेड पर अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब रखकर बिक्री करने हेतु ग्राहक का इंतजार कर रहा है सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराकर बताये स्थान पर जाकर रेड कार्यवाही हेतु घेराबंदी कर पकड़कर आरोपी मनमोहन सोने पिता चीनी लाल सोने उम्र 34 वर्ष एवं राकेश रात्रे पिता जयराम रात्रे उम्र 26 वर्ष दोनों साकिन मेढ़ापाली थाना डभरा के कब्जे से 06 लीटर एवं 08 लीटर, कुल 14 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया। दोनों आरोपी के विरूद्ध अपराध आबकारी एक्ट कायम कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी चन्द्रपुर निरीक्षक गगन बाजपेई, प्र. आर. उमाशंकर सिदार, रामनारायण राठौर, आर. महेन्द्र राठौर, मधु सिदार, राधेश्याम बरेठ एवं थाना स्टाप का विशेष योगदान रहा।

# जनपद पंचायत सभापति प्रणव शर्मा ने समाधान शिविर में निर्बाध विद्युत आपूर्ति की रखी मांग


पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ के भाजपा सरकार द्वारा मनाए जा रहे सुशासन तिहार के माध्यम से आम जनता की शिकायत एवं मांग के ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आवेदन पत्र संबंधित समाधान शिविर ग्राम पंचायत झीट में आयोजित किया गया। जिसमें जनपद पंचायत पाटन के सभापति प्रणव शर्मा ने उपस्थित होकर जनता की समस्याओं व मांग पर विशेष रूप से ध्यान देते हुए वर्तमान सबसे बड़े समस्या हाल में हुए आंधी तूफान एवं बारिश से बाधित हुए विद्युत आपूर्ति संबंधित समस्या के समाधान पर तत्काल विभाग के अधिकारियों के ध्यान दिए जाने की मांग की, आंधी तूफान से पाटन क्षेत्र में बहुत से स्थानों पर 24 से 48 घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित होने के साथ-साथ भारी गर्मी की समस्या और पेय जल आपूर्ति भी बाधित हो गई थी, जिससे लोग बहुत ज्यादा परेशान होते रहे। अचानक आए आंधी तूफान से पाटन क्षेत्र में कई घरों के छप्पर उड़ गए ऐसे मामलों में आर्थिक सहायता संबंधित मुवाउजा राशि राजस्व विभाग द्वारा जल्द से जल्द प्रदान की जाने की भी मांग की गई।

# सी.बी.एस.ई 10वी 12वीं घोषित परीक्षा परिणाम प्रतिभा पब्लिक के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उल्लेखनीय





पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय स्तर पर कक्षा 12वीं तथा कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम सी.बी.एस.ई बोर्ड के द्वारा घोषित किया गया, जिसमें स्थानीय स्तर पर प्रतिभा पब्लिक स्कूल बालसी के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा कक्षा 12वीं वाणिज्य एव विज्ञान दोनो संकायों का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा वाणिज्य संकाय में 38 विद्यार्थी तथा विज्ञान संकाय में 52 विद्यार्थी ने प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण हुए । वाणिज्य संकाय से यश अग्रवाल 95.4, हिमानी चन्द्रा 92.6, जागृति अग्रवाल 91.6 शौर्य अग्रवाल 91.2, तथा सिया अग्रवाल ने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। विज्ञान संकाय से हरिश पटेल 89.4, अंश गोयल 89.2, अमन साहू 89.2 पीयुष पटेल 87.6 स्नेहा बारिक 87.2 प्रतिशत प्राप्त कर शाला में शीर्ष 5 स्थान अर्जित किये। कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा अंश अग्रवाल 93.2 प्रतिशत आद्या अग्रवाल 92.6 अकनीम प्रधान 92.4 समृद्धि अग्रवाल 92.4 चहक अग्रवाल 92 खुशबु अग्रवाल 91. 4 गुनगुन अग्रवाल 91.2 वंशिका उवोबेजा 91., सिया अग्रवाल 90.8 कृष्णा अग्रवाल 90.4 प्रतिशत वैभव उवोबेजा 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला में शीर्ष 11 स्थान अर्जित कर शाला एवं नगर का गौरव बढ़ाया है।

# बीबीए प्रथम सेमेस्टर में मनेंद्रगढ़ के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन




पायनियर संवाददाता ◄ मनेंद्रगढ
www.dailypioneer.com

जेएनसीटी प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, भोपाल के जय नारायण कॉलेज ऑफबिजनेस मैनेजमेंट में आयोजित बीबीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में मनेंद्रगढ़ के होनहार विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वार्ड क्र. 10की पार्षद नीलू विनीत जायसवाल के पुत्र शिवम जायसवाल ने 9.35 एसजीपीए अर्जित कर प्रथम रैंक, तथा मनेन्द्रगढ़ की ही आस्था अग्रवाल ने 9.25 एस जीपीए प्राप्त कर द्वितीय रैंक हासिल की है। इन दोनों विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर परिवार, शिक्षकवृंद, मित्र एवं समस्त नगरवासियों में गर्व और हर्ष की लहर है। कॉलेज प्रशासन ने दोनों टॉपर्स को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा कि, आपकी कड़ी मेहनत, अनुशासन, फोकस और जुनून ने वाकई में रंग दिखाया है। आप दोनों हमारे संस्थान के गौरव हैं। इन विद्यार्थियों की सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत है और यह सिद्ध करती है कि लक्ष्य के प्रति समर्पण और परिश्रम से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। इस अवसर पर उनके माता-पिता एवं गुरुजनों ने उन्हें आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुये कहा कि आप इसी तरह आगे बढ़ते रहें, अपने नगर और देश का नाम रोशन करें – यही हमारी शुभकामनाएं हैं।

# समारोह में कक्षा 10वीं और 12वीं में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले 30 छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं 5,000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई

पायनियर संवाददाता ◄ मनेंद्रगढ
www.dailypioneer.com



एस ई सी एल हसदेव क्षेत्र द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व सी एस आर के तहत शासकीय विद्यालयों के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने हेतु एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह में कक्षा 10वीं और 12वीं में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले 30 छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं 5,000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय, हसदेव क्षेत्र में किया गया। इस मौके पर संजय सिन्हा (महाप्रबंधक, संचालन) ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहाः आप सभी विद्यार्थियों ने जो उपलब्धि हासिल की है, वह आपके परिश्रम, आत्मविश्वास और लगन का परिणाम है। हम आशा करते हैं कि आप भविष्य में और भी ऊँचाइयों को छुएं। एसईसीएल हमेशा शिक्षा और युवाओं के विकास के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। आप हमारे भविष्य के निर्माता हैं और आपके सपनों को साकार होते देखना हम सभी के लिए गर्व की बात है। विशेष उद्बोधन में क्षेत्रीय महाप्रबंधक उमेश चंद्र शर्मा ने कहाः एसईसीएल का यह प्रयास सिर्फएक प्रोत्साहन नहीं, बल्कि एक प्रेरणा है-हमारे विद्यार्थियों के लिए, उनके परिवारों के लिए और पूरे समाज के लिए। शिक्षा वह दीपक है जो अंधकार को प्रकाश में बदलता है। मैं इन सभी प्रतिभावान छात्रों को बधाई देता हूँ और उनसे आग्रह करता हूँ कि वे इसी लगन और समर्पण के साथ आगे भी प्रयास करते रहें। हम सबका दायित्व है कि हम शिक्षा को प्राथमिकता दें और इसके लिए आवश्यक संसाधनों को छात्रों तक पहुँचाएं। कार्यक्रम स्टाफ ऑफिसर (सिविल) ओ. पी. सिंह के सहयोग एवं मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

**सम्मानित विद्यालयः** इस अवसर पर बंजी, बुंदेली, छिपछिपी, पाराडोल, लेदरी, झगराखांड तथा खोंगापानी के हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सभी स्कूल हसदेव क्षेत्र के 25 किलोमीटर के दायरे में स्थित हैं।

**वितरण विवरणः** इस अवसर पर कुल 1,50,000 की प्रोत्साहन राशि का वितरण किया गया, जिससे छात्रों को न केवल आर्थिक सहयोग मिला, बल्कि उनके मनोबल में भी वृद्धि हुई।

**समापन संदेशः** इस प्रेरणास्पद अवसर पर एसईसीएल हसदेव क्षेत्र द्वारा छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। मेरी ओर से भी सभी लाभान्वित विद्यार्थियों को ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई। एसईसीएल का यह सराहनीय कदम शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगा।

# सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा में एकेडेमिक हाइट्स स्कूल के विद्यार्थी रहे अव्वल

पायनियर संवाददाता ◄ मनेंद्रगढ
www.dailypioneer.com



केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली ने कक्षा दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए, मनेंद्रगढ़ जिले के एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी इस वर्ष पुनः शहर के टॉपर्स का रिकॉर्ड अपने नाम किया द्य कक्षा दसवीं के विद्यार्थी चिराग अग्रवाल ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मनेन्द्रगढ़ शहर में प्रथम स्थान पर रहे। द्वितीय स्थान पर तरुण 95.6 प्रतिशत, तीसरे स्थान पर काव्य दुगड़ एवं वीर जैन 95.4, पांचवे स्थान पर मोहिल अग्रवाल 92.4, छटवें स्थान पर नील सेतुआ 92, सातवें स्थान पर आयुष अग्रवाल 91.8, आठवें स्थान पर मानसी यादव 91 तथा नौवें स्थान पर अनन्या पूरी 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पुरे शहर में अपना नाम रोशन किया है। तरुण कुमार ने विज्ञान विषय में 100/100 अंक प्राप्त किया, वहीं कई विद्यार्थियों ने गणित में 99, विज्ञान में 99, अंग्रेजी विषय में 96, इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी में 99, सामाजिक विज्ञान में 96 और हिन्दी में 99 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम सत प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं के 20 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त कर अपना जौहर दिखाया। कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय के छात्र निपुण जैन ने 93.2% अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान पर रहे। आदित्य अग्रवाल विज्ञान संकाय 88.4% द्वितीय स्थान एवं प्रार्थना जैन कॉमर्स संकाय 88 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान तथा रजत सोनी 91.2% अंक प्राप्त का चौथे स्थान पर रहे। कक्षा 12वीं में विद्यार्थियों ने बायोलॉजी में 97, अंग्रेजी में 91, अर्थशास्त्र में 90, फिजिकल एजुकेशन में 97 और इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी में 98 अंक प्राप्त कर अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। बोर्ड परीक्षा में इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के पीछे विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों का मार्गदर्शन एवं माता पिता एवं परिवार के सदस्यों का आशीर्वाद रहा। विद्यालय परिवार विद्यार्थियों के इस अभूतपूर्व परीक्षा परिणाम के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देता है तथा उनके सपने साकार होने के लिए उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

## आमजनों की समस्याओं का निराकरण आप गुणवत्तापूर्वक करें

# सांसद के गांव से हुआ विष्णु देव की सुशासन वाली सरकार के समाधान शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com




जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र की सांसद कमलेश जांगड़े के गृह ग्राम मसनिया में 14 मई 2025 को छत्तीसगढ़ प्रदेश की विष्णु देव की सुशासन वाली सरकार के सुशासन तिहार के अंतर्गत समाधान शिविर का भव्य आयोजन किया गया, इस शिविर में जहां शक्ति जिले के कलेक्टर, जिला पंचायत के सीईओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी- कर्मचारी मौजूद रहे, वहीं सांसद जी के गांव में आयोजित इस समाधान शिविर में लोगों ने उत्साह के साथ पहुंचकर सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त किया, जनपद पंचायत सक्ती अंतर्गत ग्राम पचायत मसनियाकला के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सुशासन तिहार 2025 समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस समाधान शिविर के मसनियाकला में सक्ती जनपद पंचायत के ग्राम जोंगरा, आमापाली, बैलाचुवा, मसनियाकला, रगजा, गढगोढी, अमलडीहा, कांदानारा, मरकामगोढी, नंदेली, परसदाखुर्द, बोईरडीह, केरीबंधा से कुल 3146 आवेदन प्राप्त हुआ जिसमे सभी आवेदनो का त्वरित निराकरण किया गया। मसनिया कल के समाधान शिविर में सर्वाधिक आवेदन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को मिला था। सांसद कमलेश जांगड़े ने कहा हमारी सरकार में जन्म से लेकर मृत्यु तक विभिन्न योजनाएं चल रही है ये सभी योजनाओं को हर अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की कोशिश सुशासन तिहार के माध्यम से किया जा रहा। जिससे आमजनों के क्षेत्र या गांव में ही समस्याओं का समाधान हो सके। सांसद कमलेश जांगड़े ने कहा कि अभी कुछ दिनों बाद मानसून लगने वाला है जिससे किसानों को बीज एवं खाद के लिए परेशानी होना न पड़ें और व्यवस्थित ढंग से सही समय पर खाद उपलब्ध हो सके। स्वास्थ्य विभाग का लापरवाही की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि जिला अस्पताल में जो भी समस्या है उसका तत्काल निराकरण करे, कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने कहा कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य यह है कि यहां उपस्थित जितने भी आमजन है जिंनकी जो समस्याएं हैं उन सभी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाए। मै सभी अधिकारियों से कहना चाहता हु की आमजनों की समस्याओं का निराकरण आप गुणवत्तापूर्वक करें और जो यथासंभव हो सके उतना ही बढ़िया ढंग से निराकरण करके दे। ताकि गांवों के लोग ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित हो सके। जितने भी विभागीय स्टॉल है सभी अधिकारी अपनी योजनाओं के बारे में बताएं और नई नई योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराएं। शिविर में कलेक्टर ने सांसद कमलेश जांगड़े के बातों को संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य विभाग में अपर कलेक्टर के. एस. पैंकरा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया। उक्त शिविर में उपस्थित विभिन्न विभाग के अधिकारी/कर्मचारियो द्वारा प्राप्त आवेदनो का त्वरित निराकरण किया गया, विभिन्न विभाग द्वारा शासन के संचालित योजनाओ को आमजन के समक्ष शिविर के माध्यम से जानकारी दी गई हितग्राहियो को लाभान्वित किया गया जिसमे महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अन्न प्राशन, गोद भराई का कार्य किया गया, मनरेगा अंतर्गत जॉब कार्ड का वितरण, खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड का वितरण किया गया। आयुर्वेद विभाग द्वारा शिविर में उपस्थित लोगो का जांच उपरांत दवाई वितरण किया गया जिसके तहत विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी दी गई। समाधान शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया गया था। स्वास्थ्य जांच कर आवश्यकतानुसार दवाई भी उपलब्ध कराया गया। स्वास्थ्य जांच के बाद उन्हें स्वास्थ्य विभाग की ओर से आवश्यकता अनुसार दवाईयों का वितरण किया गया। वही आयुर्वेद विभाग के स्टॉल में जनसामान्य को मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए दवाईयों का वितरण किया गया, मसनियाकला में आयोजित शिविर में जिला पंचायत सदस्य विद्या सिदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत वासु जैन, सक्ती एसडीएम अरुण कुमार सोम, तहसीलदार बाराद्वार गरिमा मनहर,जनपद अध्यक्ष नीतू रॉय, सत्य प्रकाश महंत, राजू राठौर, टंकेश्वर पटेल, टिकेश्वर पटेल सहित विभिन्न जनप्रतिनिधिगण, समस्त विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण, स्व. सहायता समूहो के सक्रिय महिला सदस्य, ग्रामीणजन आदि उपस्थित रहे।

# एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन आज

पायनियर संवाददाता ◄ मनेंद्रगढ
www.dailypioneer.com





एक राष्ट्र, एक चुनाव जैसे राष्ट्रीय महत्व के विषय पर आज चिरमिरी स्थित तानसेन भवन में एक भव्य जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी लोकतंत्र को सशक्त बनाने और चुनाव प्रक्रिया में सुधार की दिशा में सार्थक संवाद स्थापित करने का प्रयास थी। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री एवं स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जैसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र की विधायक एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह तथा जिलाध्यक्ष चम्पादेवी पावले भी अपने विचार रखते हुए विषय की महत्ता पर अपनी बात रखेंगी। संगोष्ठी में जिले के प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारीगण, कार्यसमिति सदस्य, सभी मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के प्रतिनिधि, शक्ति केंद्र प्रभारी, पंचायत एवं नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में आम नागरिकों को आमंत्रित किया गया है. अभियान के जिला संयोजक रामेश्वरजी पांडे ने बताया कि एक राष्ट्र, एक चुनाव से न केवल प्रशासनिक खर्च में कमी आएगी, बल्कि देशभर में सुशासन को बल मिलेगा।

# माता के नाम से अंत्योदय कार्ड बनवाकर बेटी का आरटीई के तहत स्कूल में कराया दाखिला

## सहायक ग्रेड-2 प्रवीण सिंह राजपूत को जिला शिक्षा अधिकारी ने तत्काल किया गया निलंबित

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कार्यालय कलेक्टर जिला बेमेतरा के माध्यम से आवेदक आशुतोष पांडेय पिता कमल नारायण पांडेय वार्ड नंबर 5 बेमेतरा द्वारा प्रस्तुत शिकायत पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेज अनुसार प्रवीण सिंह राजपूत पिता दवन सिंह राजपूत के द्वारा रचना राजपूत पति दवन सिंह राजपूत जाति संवर्ग सामान्य पता जिला बेमेतरा नगरी निकाय बेमेतरा अग्रसेन वार्ड के नाम से अंत्योदय कार्ड बनवाकर छात्रा शैलश्री सिंह पिता प्रवीण सिंह राजपूत का एलंस पब्लिक स्कूल बेमेतरा में शिक्षा सत्र 2024-25 में आरटीई के तहत प्रवेश दिलाया गया था। संलग्न दस्तावेज में परिवार के सदस्यों का विवरण में 1- रचना राजपूत स्वयं, 2- प्रवीण राजपूत पुत्र, 3- निधि राजपूत बहू अंकित है। चूंकि परिवार सूची विवरण में प्रवीण राजपूत सहायक ग्रेड 2 के पद पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बेमेतरा में पदस्थ है। (स्वयं शासकीय सेवक है) प्रवीण राजपूत स्वयं अपने माता के नाम से अंत्योदय कार्ड बनवाकर अपनी पुत्री शैलश्री सिंह को आरटीई के तहत दाखिला दिलाया है। एवं शिक्षा सत्र 2025-26 में आवेदन पत्र क्रमांक आरटीई 202500823153 द्वारा शैलश्री सिंह पिता प्रवीण सिंह राजपूत को एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल लोलेसरा में दाखिला कराया है। प्रवीण सिंह राजपूत कार्यालय सहायक ग्रेड 2 का उक्त कृत्य छ ग सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के उपनियम (1)(2)(3) के विपरीत होने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी नवागढ़ निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।


कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा
जिला बेमेतरा (छ.ग.)
फैक्स फोन नं. 07824-296022, ई-मेल cg.deo.bemetara2@gmail.com

।। आदेश ।।

क्रमांक/ 2788 /शिकायत/2025-26 बेमेतरा, दिनांक 15/05/2025

कार्यालय कलेक्टर, जिला-बेमेतरा के माध्यम से आवेदक श्री आशुतोष पाण्डेय S/O श्री कमल नारायण पाण्डेय, वार्ड 05, बेमेतरा द्वारा प्रस्तुत शिकायत पत्र एवं दस्तावेज अनुसार श्री प्रवीण सिंह राजपूत, पिता श्री दवन सिंह राजपूत द्वारा श्रीमती रचना राजपूत पति श्री दवन सिंह राजपूत, जाति संवर्ग सामान्य, पता-जिला-बेमेतरा, नगरीय निकाय-बेमेतरा, वार्ड-अग्रसेन वार्ड के नाम से अन्त्योदय कार्ड बनवाकर छात्रा शैलश्री सिंह पिता श्री प्रवीण सिंह का एलन्स पब्लिक स्कूल बेमेतरा में शिक्षा सत्र 2024-25 में आर.टी.ई. (R.T.E.) के तहत प्रवेश दिलाया गया था। संलग्न दस्तावेज में परिवार के सदस्यों का विवरण में 1.रचना राजपूत स्वयं 2.प्रवीण राजपूत, पुत्र 3. निधी राजपूत, बहू अंकित है। चूंकि परिवार सूची में प्रवीण राजपूत सहायक ग्रेड-02 के पद पर कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा में पदस्थ है। (स्वयं शासकीय सेवक है) अपने माता का अन्त्योदय कार्ड बनवाकर अपनी पुत्री को आर.टी.ई. (R.T.E.) के तहत् प्रवेश दिलाया है एवं शिक्षा सत्र 2025-26 में आवेदन क्रमांक RTE202500823153 द्वारा शैलश्री सिंह पिता श्री प्रवीण सिंह को एकेडमिक वर्ल्ड पब्लिक स्कूल लोलेसरा में प्रवेश दिलाया है।

श्री प्रवीण सिंह राजपूत, कार्यालय सहायक ग्रेड-02 का उक्त कृत्य छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के उपनियम (1)(2)(3) के विपरीत होने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी नवागढ़ निर्धारित किया जाता है, निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन-निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

जिला शिक्षा अधिकारी
बेमेतरा

पृ.क्र./ 2789 /शिकायत/2025-26 बेमेतरा, दिनांक 15/05/2025
प्रतिलिपि :-
1. संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग (छ.ग.) की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. कलेक्टर जिला-बेमेतरा की ओर सूचनार्थ सादर सम्प्रेषित।
3. विकासखंड शिक्षा अधिकारी नवागढ़ को सूचनार्थ।
4. विकासखंड शिक्षा अधिकारी बेमेतरा को सूचनार्थ। संबंधित सहायक ग्रेड-02 को आदेश तामिल कराकर प्राप्ति अभिस्वीकृति इस कार्यालय में भेजना सुनिश्चित करें।
5. श्री प्रवीण सिंह राजपूत, सहायक ग्रेड-02 द्वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी बेमेतरा को सूचनार्थ।

जिला शिक्षा अधिकारी
बेमेतरा

# 7 वर्ष की आयु में बना बाल आरक्षक,एसएसपी बेमेतरा ने सौपा अनुकंपा नियुक्ति पत्र

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक मार्मिक क्षण देखने को मिला, जब मात्र 07 वर्षीय मासूम आलोक वर्मा को अनुकंपा आधार पर बाल आरक्षक के पद पर नियुक्त किया गया। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू द्वारा आलोक को नियुक्ति आदेश सौंपते हुए उसके सिर पर स्नेह से हाथ फेरते हुए कहा गया, अब आप भी पुलिस के सदस्य हो गए हैं। आलोक अपनी मां प्रीतिलता वर्मा एवं चाचा संजय वर्मा के साथ एसएसपी कार्यालय पहुँचा था। इस दौरान अधिकारियों ने आत्मीय व्यवहार के साथ नियुक्ति प्रक्रिया को पूर्ण कराया। परिजनों ने इस सहयोग व संवेदनशीलता के लिए वरिष्ठ अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। आलोक वर्मा के पिता संदीप वर्मा, जो इस इकाई में आरक्षक के पद पर पदस्थ थे, का 03 मार्च 2025 को आकस्मिक निधन हो गया था। इस दुखद घटना के बाद, दुर्ग रेंज के पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग के द्वारा अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। सभी प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत आलोक को पुलिस विभाग में बाल आरक्षक के पद पर नियुक्त किया गया। इस अवसर पर मुख्यलिपिक उप निरीक्षक (अ) हरिओंम विश्वकर्मा, स्थापना/एसआरसी लिपिक दीपक गर्जेवाल, उप निरीक्षक आर. के. कश्यप, एसपी रीडर सउनि विष्णु सप्रे, बाल आरक्षक की मां प्रीतिलता वर्मा, चाचा संजय वर्मा एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहें।

# सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2024-25 में कोलंबिया ग्लोबल स्कूल ने रचा नया कीर्तिमान, सिटी टॉपियर में एक-एक विद्यार्थी 10वीं और 12वीं के

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




कोलंबिया ग्लोबल स्कूल ने एक बार फिर उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा 2024-25 में शानदार परिणाम हासिल किया है। यह उपलब्धि स्कूल, शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों के सामूहिक प्रयास और समर्पण का प्रतिफल है। कक्षा 10वीं एवं 12वीं के सभी विद्यार्थियों ने उत्तीर्ण होकर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। कुछ छात्रों ने 90त्न से अधिक अंक प्राप्त कर मेरिट में भी स्थान बनाया है। स्कूल के टॉपर्स ने विषयवार शानदार प्रदर्शन किया है और उनका यह परिणाम आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा। यह निश्चित रूप से स्कूल के लिए गर्व का क्षण था। क्योंकि यह कोलंबिया ग्लोबल स्कूल के दसवी की चौथी बैच थी और सभी छात्र शानदार अंकों के साथ उत्तीर्ण हुए। आयुष मीणा (97.6%) आयुष वर्मा (91.2%), अवीर सिंह खालसा (90.8%), के साथ 10वीं कक्षा के टॉपर रहे। आयुष मीणा ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर स्कूल को गौरवान्वित किया है। कक्षा 12 के तीसरे बैच ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कॉमर्स ग्रुप से पलक अग्रवाल (95.8%) के साथ शहर की टॉपर्स में से एक बनी। मयंक लालवानी, मुस्कान वर्मा और भावेश कुमार अन्य शीर्ष स्कोरर रहे। साइंस ग्रुप से साक्षी वर्मा ने 88.2%, आफताब आलम ने 88% और अवेन्द्र कुमार साहू ने 85.8% प्राप्त किये। टॉपर रहने के साथ-साथ पलक अग्रवाल और साक्षी वर्मा ने क्रमशः बिजनेस स्टडीज और योगा में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर अपने परिवार तथा अपने विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। छात्रों की इस अभूतपूर्व सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य आईविन स्मिथ ने कहा यह सफलता केवल परीक्षा परिणाम नहीं, बल्कि मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास का प्रतीक है। हम अपने शिक्षकों, छात्रों और उनके माता-पिता का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। डायरेक्टर रविंदर सिंह हूरा तथा विद्यालय प्रबंधन जन प्रगति शिक्षा सोसाइटी के सदस्यों ने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी हैं और भविष्य में भी इसी प्रकार गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने के अपने संकल्प को दोहराया है।

# हल्बा समाज का चुनाव एवं आमसभा 18 मई को

पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ हल्बा आदिवासी समाज भिलाई नगर (पं.क्र. 5046) जिला दुर्ग का 23 वां वार्षिक आमसभा एवं नये प्रबंध कारिणी समिति का चुनाव 18 मई दिन रविवार को प्रातः 9 बजे से केन्द्रीय कार्यालय हल्बा शक्ति भवन आशिष नगर रिसाली में सम्पन्न होगा। आयोजन के प्रथम सत्र में सचिव प्रतिवेदन, कोषाध्यक्ष द्वारा आय-व्यय प्रस्तुतिकरण, अध्यक्षीय उदबोधन पश्चात् वर्तमान कार्यकारिणी को भंग कर निर्वाचन प्रक्रिया हेतु मुख्य चुनाव अधिकारी को मंच सौंपा जाएगा। समाज के महासचिव ईश्वर भंडारी ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि उक्त अधिवेशन एवं नये प्रबंधकारिणी चुनाव के संबंध में निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। प्रबंध कारिणी समिति में नियम -5 (अ ब स) में दर्शाए गए सदस्यों जिनके नाम पंजी रजिस्टर में दर्ज हो चुनाव में भाग ले सकते हैं। बहुमत के आधार पर निम्नलिखित पदाधिकारियों तथा प्रबंध कारिणी समिति के सदस्यों का निर्वाचन होगा। जिसमें अध्यक्ष 1 पद, उपाध्यक्ष 3 पद, महासचिव 1 पद, संयुक्त सचिव 1 पद, कोषाध्यक्ष 1 पद, सहसचिव 1 पद, उपकोषाध्यक्ष 1 पद, संगठन सचिव 5 पद और कार्यकारिणी सदस्य 5 पद, उपाध्यक्ष का 1 पद महिला हेतु आरक्षित होगा। इस प्रकार सम्पूर्ण कार्यकारिणी 19 सदस्यों की होगी। चुनाव प्रक्रिया के तहत निर्वाचक नामावली (मतदाता सूची) का अंतिम प्रकाशन 11 मई 2025 को केन्द्रीय कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। जिसके अनुसार सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न होगा। प्रबंधकारिणी चुनाव हेतु मुख्य चुनाव अधिकारी के रूप में डॉ के एस करभाल एवं सहायक चुनाव अधिकारी के रूप में गोकुल रावटे, मुकेश रावटे, सतीश ठाकुर एवं डॉ आर एस केराम रहेंगे। विभिन्न पदों हेतु 18 मई 2025 को ही नामांकन दाखिला, छानबीन, नाम वापसी, उपरोक्त पदों हेतु सर्वसम्मति से निर्विरोध अथवा प्रत्यक्ष मतदान, मतगणना पश्चात निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी।

# पीएटी, पीवीपीटी भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा आयोजित प्री एग्रीकल्चर टेस्ट (पीएटी) एवं प्री वेटरनरी पॉलिटेक्निक टेस्ट (पीवीपीटी) भर्ती परीक्षा 2025 का सफलतापूर्वक आयोजन संपन्न हुआ। जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से आयोजित की गईं। परीक्षा के सुचारू संचालन एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेने कलेक्टर रणवीर शर्मा ने स्वयं विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों में पहुंचकर सभी कक्षाओं का भ्रमण किया तथा परीक्षा में तैनात शिक्षकों और कर्मचारियों से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर शर्मा ने साफ-सफाई, पेयजल, बैठने की समुचित व्यवस्था और सुरक्षा संबंधी तैयारियों की भी गहन समीक्षा की। उन्होंने परीक्षा में पारदर्शिता बनाए रखने हेतु विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए और किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचने को कहा। कलेक्टर शर्मा ने कहा कि परीक्षार्थियों को शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने परीक्षा से जुड़े सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और शिक्षकों को बेहतर व्यवस्था हेतु निर्देशित किया। जिले में तीन परीक्षा केंद्रों पर कुल 1072 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 641 परीक्षार्थी उपस्थित और 431 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। शासकीय पं.ज.ला.ने. कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे कुल परीक्षार्थी 480, जिसमे उपस्थित 251, अनुपस्थितः 229, लक्ष्मण प्रसाद बैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय मे कुल परीक्षार्थी 287, उपस्थित 161, अनुपस्थित 126 7 शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे कुल परीक्षार्थी 305, उपस्थित 229, अनुपस्थित 76 7 जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा के सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं, जिससे परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।


# नगर के दो मकानों में मूर्ति एवं आभूषणों की चोरी

## पुलिस को चोरी हुए वस्तुओं के कागजात का इंतजार

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर के करियाटोला वार्ड 9 स्थित दो मकानों में चोरी की वारदात हो गई है। 14 मई को अज्ञात चोरों ने सेंध लगाकर लाखों रुपये के आभूषण, भगवान की मूर्ति व नकदी को पार कर दिया है। घटना के समय दोनों मकानों के मालिक अपने गृहग्राम गए हुए थे। हालांकि कार्रवाई हेतु पुलिस को वैध कागजात का इंतजार है। चोरी की पहली घटना भगवानी निषाद के मकान में हुई। वे 13 मई को अपने परिवार सहित गृहग्राम धिरी गए थे। 14 मई को लौटने पर उन्होंने पाया कि उनके आवास के तीनों कमरों का ताला टूटा हुआ है। अंदर सभी सामान बिखरे पड़े थे। चोरों ने आलमारी में रखे सोने-चाँदी के आभूषण जैसे लच्छा, माला सेट, चाँदी के सिक्के, भगवान श्रीगणेश, लक्ष्मी एवं सरस्वती की चाँदी की मूर्तियाँ और नगद राशि पार कर दी। चोरी की दूसरी घटना सुंदर लाल चतुर्वेदी के निवास में हुई। वे 11 मई को अपने गृहग्राम भोलापुर गए थे। 14 मई को लौटने पर उन्होंने देखा कि उनके मकान के दोनों कमरों का ताला टूटा हुआ था। जांच में पता चला कि चोरों ने सोने के झुमके 2 नग, चाँदी का करधन, पैर का लच्छा और करीब 50 हजार रुपये नकद चोरी कर लिए। दोनों पीड़ितों ने डोंगरगाँव थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामला संज्ञान में लिया है। टीआई अवनीश श्रीवास के मुताबिक मकान मालिक चतुर्वेदी द्वारा चोरी हुए वस्तुओं से सम्बंधित कोई वैध कागजात मुहैया करने के बाद कार्रवाई तेज की जायेगी। बहरहाल चोरों का कोई सुराग नहीं लग पाया है।





# विकास कार्यों में सुस्ती पर विधायक भावना बोहरा ने अफसरों को लगाई फटकार



पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की धीमी गति और जनता की बढ़ती शिकायतों को लेकर विधायक भावना बोहरा ने नाराजगी जाहिर की। आज पंडरिया स्थित विधायक कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने नगर पालिका पंडरिया, जनपद पंचायत पंडरिया और नगर पंचायत पांडातराई के कार्यों का जायजा लिया। बैठक के दौरान उन्होंने अधूरे कार्यों, योजनाओं के लचर क्रियान्वयन और जनहित की अनदेखी पर चिंता जताते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध और पारदर्शी कार्यप्रणाली अपनाने के निर्देश दिए। बैठक में यह बात उभरकर सामने आई कि कई निर्माण कार्य, जैसे कि सड़कों की मरम्मत, पुल निर्माण, और जल आपूर्ति की योजनाएं अभी तक अधूरी हैं या धीमी गति से चल रही हैं। हरिनाला पुल, अटल चौक, पांडातराई बायपास जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में देरी पर विधायक ने विशेष ध्यान देते हुए प्रगति रिपोर्ट तलब की। उन्होंने नगर में अवैध अतिक्रमण, पार्किंग अव्यवस्था, ट्रांसफॉर्मर विस्थापन और गर्मी में पेयजल संकट की शिकायतों पर प्रशासनिक तैयारियों को अपर्याप्त बताया और कार्यों में गंभीरता लाने की आवश्यकता बताई। विधायक ने यह भी कहा कि भले ही केंद्र और राज्य सरकार से करोड़ों की स्वीकृति मिली हो, लेकिन जब तक जमीनी स्तर पर कार्य नहीं होते और जनता को उसका लाभ नहीं मिलता, तब तक शासन की मंशा अधूरी ही मानी जाएगी। बैठक में नगर पालिका पंडरिया, नगर पंचायत पांडातराई और जनपद पंचायत पंडरिया के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित थे। सभी को विधायक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता दें और विकास कार्यों में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# कलार समाज बेमेतरा ने किया जनप्रतिनिधियों का सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



टाउन हाल बेमेतरा में जिला स्तरीय जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह कलार समाज द्वारा आयोजित किया गया। त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव में समाज के नेताओं को अपने बीच पाकर स्वजातियों में बहुत ही हर्ष का माहौल था। बताना जरूरी है कि कलार समाज द्वारा पूरे जिले में 108 ग्राम पंचायत पंच 01 नगर पालिका अध्यक्ष 01 नगर पंचायत अध्यक्ष 13 पार्षद 04 जनपद सदस्य 09 सरपंच 04 उपसरपंच प्रयच्छ मतदान के द्वारा जनता द्वारा चुने गए, जिसका सम्मान सांसद विजय बघेल स्थानीय विधायक दीपेश साहू प्रदेश अध्यक्ष युवराज सिंहा नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुआ। सांसद विजय बघेल ने राज्य में बढ़ते कलार समाज की लोकप्रियता की जमकर सराहना किया एवं बधाई प्रेषित किया सभा को विधायक दीपेश साहू ने भी संबोधित किया एवं कहा कि व्यक्ति का पहचान समाज से ही शुरू होता है। सामाजिक समरसता के लिए इस प्रकार का कार्यक्रम समाज को जन हित में सही दिशा प्रदान करेगी वही प्रदेश अध्यक्ष युवराज सिंहा ने सामाजिक सरोकार की बात कही प्रदेश समाज की ओर से अनेक प्रतिनिधि ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। बेमेतरा पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा देवकर नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश सिहोरे बेमेतरा कलार समाज जिला अध्यक्ष विरेंद्र जायसवाल जिला मंत्री मोहन सिन्हा प्रदेश युवा महामंत्री तेखन सिन्हा प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य पुसउ राम सिन्हा देवलाल सिन्हा प्रदेश युवा उपाध्यछ कवर्धा जिला अध्यक्ष रूपेंद्र जायसवाल बेमेतरा महिला मंच जिला अध्यक्ष बिंदिया जयसवाल तथा सभी मंडल के मंडलेश्वर में अजय सिन्हा नवागढ़ साजा टीकाराम डडसेना बेमेतरा अशोक जायसवाल थानखमरिया लोकनाथ सिन्हा बेरला ईश्वर सिन्हा सहित सभी मंडल के संरक्षक ग्राम प्रमुख महिला प्रमुख युवा प्रमुख पूर्वसामाजिक पधाधिकारी सहित बड़े संख्या में स्वजातियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। अंत में आभार प्रदर्शन जिला युवा अध्यक्ष शिवझड़ी सिन्हा ने किया कार्यक्रम में मंच संचालन देवलाल सिन्हा एवम दिलीप जायसवाल ने किया।

# विधेयकों पर मुहर के मामले में राष्ट्रपति मुर्मु ने सुप्रीम कोर्ट से मांगी आधिकारिक राय

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

न्यायालय से यह भी पूछा गया है कि क्या अनुच्छेद 131 के तहत दायर मामलों को छोड़ कर किसी अन्य मामले में उसे (न्यायालय को) केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच विवादों को हल करने का और कोई अधिकार नहीं है। राष्ट्रपति ने महसूस किया है कि मौजूदा परिस्थितियों में जब राज्य अक्सर संविधान के अनुच्छेद 32 और 131 का हवाला देते हुए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाते हैं, तो कानूनी सवालों पर शीर्ष अदालत की राय लेना समय की मांग है। उल्लेखनीय है कि संवैधानिक व्यवस्थाओं के तहत शीर्ष न्यायालय राष्ट्रपति द्वारा उठाए गए उन 14 प्रश्नों पर विचार-विमर्श करने और राय देने के लिए बाध्य है। हालांकि, शीर्ष अदालत की राय राष्ट्रपति के लिए बाध्यकारी नहीं होती है। विधायी प्रस्तावों को मंजूरी देने में लंबे समय से हो रही देरी को लेकर राज्य सरकारों और राजभवनों के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर यह मामला महत्वपूर्ण हो गया है। राष्ट्रपति की ओर से यह संदर्भ भेजे जाने के बाद मुख्य न्यायाधीश इस पर विचार के लिए कम से कम पांच न्यायाधीशों वाली एक संविधान पीठ का गठन कर सकते हैं। गौरतलब है कि न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन (शीर्ष अदालत) की पीठ ने गत 08 अप्रैल के अपने फैसले में तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि के 10 ऐसे विधेयकों को राष्ट्रपति के लिए आरक्षित करने के फैसले को अवैध ठहराया था जिन्हें विधान सभा में पारित करा कर दोबारा मंजूरी के लिए राज्यपाल के पास भेजा गया था। शीर्ष अदालत ने व्यवस्था दी है कि राष्ट्रपति को राज्यपाल द्वारा विचार के लिए आरक्षित विधेयकों पर तीन महीने की अवधि के भीतर निर्णय करना जरूरी है। इस फैसले को न्यायिक अतिक्रमण और शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत का उल्लंघन बताते हुए कुछ हलकों में इसकी तीखी आलोचना हुई है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने भी अनुच्छेद 142 का उपयोग करने के न्यायालय के तरीके पर प्रश्न उठाए थे।

# खुली लूट : मक्के पंचायत में फर्जी हाजिरी मशीनों से खुदाई, नियमों की उड़ाई जा रही धज्जियां

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का उद्देश्य ग्रामीण बेरोजगारों को एक सौ पचास दिन का सुनिश्चित रोजगार उपलब्ध कराना है, लेकिन कबीरधाम जिले की मक्के पंचायत में इस योजना का स्वरूप ही विकृत हो चुका है। यहां न तो मजदूर कार्यस्थल पर दिख रहे हैं, न ही पारदर्शिता के लिए आवश्यक सूचना पटल। कार्य मशीनों से कराए जा रहे हैं और मजदूरों के नाम पर मस्टररोल में फर्जी हाजिरी भरी जा रही है।

**380 मीटर पक्की नाली में फर्जीवाड़ा का आरोप** - ग्राम मक्के में नंद राम साहू के घर से आंगनवाड़ी बैजलपुर तक 380 मीटर लंबी पक्की नाली का निर्माण कार्य (खसरा नंबर 61/1) मनरेगा के तहत स्वीकृत हुआ है। लेकिन स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि इस कार्य में न मजदूर लगाए गए, न ही नियमों का पालन हुआ। नाली निर्माण कार्य में खड्डा की खुदाई जे सी बी मशीनों से कराया गया, जो मनरेगा नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है।

**फर्जी मस्टररोल** - ग्रामीणों का कहना है कि कार्यस्थल पर मजदूर कभी उपस्थित नहीं रहे, लेकिन सरकारी दस्तावेजों में दर्जनों मजदूरों की रोजाना उपस्थिति दर्ज की गई है। मस्टररोल में नाम दर्ज कर सरकारी राशि की निकासी की जा रही है, जबकि ग्रामीणों को न तो मजदूरी मिली और न ही रोजगार का अवसर।

**सूचना पटल गायब** - मनरेगा के तहत प्रत्येक कार्यस्थल पर नागरिक सूचना पटल अनिवार्य है, जिस पर कार्य की लागत, मजदूरों की संख्या, कार्य की अवधि व अन्य विवरण अंकित होना चाहिए। लेकिन मक्के पंचायत में यह बुनियादी पारदर्शिता भी अनुपस्थित है। कार्यस्थल पर न तो सूचना पटल है और न ही निगरानी का कोई इंतजाम।

**जिम्मेदारों की भूमिका संदेह के दायरे में** - ग्रामीणों का आरोप है कि इस फर्जीवाड़े में रोजगार सहायक, तकनीकी सहायक और पंचायत सचिव की मिलीभगत है। कार्य की पूर्णता का प्रमाण पत्र भी फर्जी तरीके से जारी किया जाएगा जबकि मौके पर कार्य अधूरा या कम गुणवत्तायुक्त है।

**क्या कहता है मनरेगा कानून** - मनरेगा अधिनियम 2005 के अनुसार योजना में मशीनों का उपयोग प्रतिबंधित है, केवल श्रम आधारित कार्य मान्य हैं। हर कार्यस्थल पर सूचना पटल लगाना अनिवार्य है। मस्टररोल में मजदूरों की उपस्थिति भौतिक सत्यापन के आधार पर दर्ज होनी चाहिए। कार्यों में पारदर्शिता व सार्वजनिक भागीदारी सुनिश्चित करना प्रशासन का दायित्व है।

**जांच की आवश्यकता** - इस पूरे प्रकरण को लेकर ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से तत्काल उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उनका कहना है कि अगर दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो मनरेगा भ्रष्टाचार का अड्डा बन जाएगा, और ग्रामीणों को मिलने वाला रोजगार पूरी तरह बंद हो जाएगा।

**प्रशासन की चुप्पी पर उठ रहे सवाल** - वर्तमान में इस मामले में कोई स्पष्ट जांच या प्रशासनिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। जनपद पंचायत और जिला पंचायत के अधिकारी भी चुप्पी साधे हुए हैं। यह चुप्पी संदेह को और गहरा कर रही है। मनरेगा जैसी जनहितकारी योजना का इस प्रकार दुरुपयोग होना न केवल गरीबों के अधिकारों का हनन है, बल्कि शासन और प्रशासन की जवाबदेही पर भी गंभीर प्रश्नचिन्ह है। यदि समय रहते प्रशासन ने ठोस कदम नहीं उठाए, तो यह मामला केवल एक पंचायत तक सीमित नहीं रहेगा।

## राष्ट्रीय स्तर पर देश और प्रदेश का नाम रोशन करने वाली एथलिट्स सम्मानित, राज्य महिला आयोग अध्यक्ष के हाथों मिला पुरस्कार

पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक द्वारा कार्यालय मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर में कलेक्टर डी. राहुल वेंकट, एसडीएम लिंगराज सिदार, एडिशनल एसपी अशोक वाडेगावंकर एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभम बंसल की उपस्थिति में बुजुर्ग महिला एथलिट्स शकुन्तला सिंह उम्र 70 वर्ष, कमला देवी मंगतानी उम्र 67 वर्ष, संजीदा खातून उम्र 55 वर्ष एवं 12वीं की छात्रा कुमारी श्रुति मंगतानी को शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। सभी एथलिट्स इस उम्र में भी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर सैकड़ों मैडल जीत कर प्रदेश के साथ-साथ देश का भी नाम रोशन कर रहीं हैं। आपको बता दें की एमसीबी जिले की एथलेटिक्स शकुन्तला सिंह ने एथलेटिक्स पावर की प्रतियोगिता मे ना सिर्फ जिला बल्कि राज्य समेत राष्ट्रीय अंतराष्ट्रीय स्तर पर परचम लहराया है। 70 वर्षीय शकुन्तला सिंह 15 गोल्ड मेडल राष्ट्रीय 10 गोल्ड मेडल अन्तराष्ट्रीय स्तर अपने नाम किया है। इसके अलावा शकुंतला सिंह को महिला बाल विकास विभाग जिला एमसीबी और विभिन्न शासकीय गैर शासकीय मंचो द्वारा भी सम्मानित किया गया है।

## मोबाइल छीन लेने पर छठवीं कक्षा के छात्र ने लगाई फांसी

पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



एमसीबी जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ शहर के आमाखेरवा क्षेत्र में बीते दिवस छठवीं कक्षा में पढ़ने वाले एक 12 वर्षीय नाबालिग छात्र ने मोबाइल छीन लेने पर आवेश में आकर बकरी बांधने वाली रस्सी से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया। बच्चे के आत्मघाती कदम से परिवार का चिराग बुझ गया। वहीं परिजन सदमें में हैं। सूचना पर कोतवाली पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मनेंद्रगढ़ शहर के वार्ड क्रमांक 22 आमाखेरवा क्षेत्र में एक 12 वर्षीय नाबालिग बच्चा एक निजी शैक्षणिक संस्थान में कक्षा छठवीं में पढ़ता था। वह अपने माता पिता का इकलौता पुत्र था। उसे मोबाइल गेम की लत थी। बताया जा रहा है कि बच्चा अपने पिता व एक बहन के साथ घर पर रहता था और उसकी मां पुणे महाराष्ट्र में मजदूरी का काम करने गई थी। परिजनों के अनुसार बच्चा मोबाइल पर गेम खेलने और यूट्यूब पर रील्स देखने का आदी था। स्कूल से लौटने के बाद वह रोज घंटों मोबाइल पर समय बिताता था।

## मोटोरोला ने लॉन्च किया रेज़र 60 अल्ट्रा, पावरफुल एआई फ्लिप फोन 3एक्स 50 एमपी कैमरा और प्रीमियम डिज़ाइन के साथ, सिर्फ 89,999 में

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




मोटोरोला, मोबाइल टेक्नोलॉजी और इनोवेशन में दुनिया की प्रमुख कंपनी और भारत के अग्रणी एआई स्मार्टफोन ब्रांड, ने अपनी प्रीमियम रेजर सीरीज में नए स्मार्टफोन - रेजर 60 अल्ट्रा को लॉन्च किया। यह फ्लिप फोन श्रेणी में एक नया मानक स्थापित करेगा। स्मार्टफोन अनुभव की बात करें तो नया मोटोरोला रेज़र 60 अल्ट्रा 'सिम्प्ली अनमैच्ड' है, जिसमें स्नैपड्रैगन 8 एलीट प्रोसेसर और नए मोटो एआई फीचर्स जैसे लुक एंड टॉक शामिल हैं, जो इसे दुनिया का सबसे शक्तिशाली एआई फ्लिप फोन बनाते हैं। यह दुनिया का पहला स्मार्टफोन है जो अल्कांतारा और वुड फिनिश में आता है और इसमें दुनिया का सबसे एडवांस्ड 3एक्स 50एमपी फ्लिप कैमरा सिस्टम है। इसके अतिरिक्त, रेजर 60 अल्ट्रा में हमारा सबसे बड़ा बाहरी डिस्प्ले और दुनिया का सबसे ड्यूरैबल हिंज है, और 800,000 फ्लिप्स के लिए इसका टेस्ट किया जा चुका है। मोटोरोला रेजर 60 अल्ट्रा, दुनिया के सबसे शक्तिशाली एआई फ्लिप फोन में कई शानदार फीचर्स शामिल हैं, जैसे एआई इमेज स्टूडियो, कैच मी अप, रिमेम्बर दिस, और नया लुक एंड टॉक। लुक एंड टॉक से यूज़र्स सिर्फ फोन की ओर देखकर उसे अनलॉक कर सकते हैं और बिना हाथ लगाए बातचीत शुरू कर सकते हैं।

## नाबालिग को शराब देने के प्रकरण में शराब दुकान का सुपरवाइजर गिरफ्तार



**भाटापारा।** थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा शहर पेट्रोलिंग, भ्रमण के दौरान सिद्ध बाबा रेलवे फाटक के पास 02 नाबालिक बालकों को पकड़ा गया, जिनके द्वारा सिद्ध बाबा शराब भटटी से अवैध रूप से शराब का परिवहन किया जा रहा था। नाबालिक बालको से पूछताछ पर पता चला कि उक्त शराब, सिद्ध बाबा शराब भट्टी भाटापारा के सुपरवाइजर गुलाब कोसले द्वारा डरा, धमकाकर एवं आर्थिक प्रलोभन देने का लालच देकर शराब का परिवहन कराया जा रहा है। कि प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में थाना भाटापारा शहर में आरोपी गुलाब कोसले के विरुद्ध अपराध क्र. 296/2025 धारा 34,38,39 आबकारी एक्ट, 77,78 जे.जे. एक्ट एवं 95 बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

## गुदुम की महिलाओं के लिए जीवन में नई उम्मीद लेकर आया सुशासन तिहार

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत डौण्डी विकासखंड के ग्राम गुदुम में विभिन्न महिलाओं के जीवन में एक नई उम्मीद लेकर आया है। क्योंकि उनके आवेदन पर उनकी एक समस्या का त्वरित समाधान हो चुका है। ग्राम मरकाटोला की सांवली बाई, छिंदगांव की तामेश्वरी और लिम्हाटोला की गोदावरी बाई ने सुशासन तिहार के प्रथम चरण में अपने ग्राम पंचायत में मनरेगा जॉब कार्ड के लिए आवेदन किया था। उनके इस आवेदन पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उनका मनरेगा जॉब कार्ड बना दिया। जिसे ग्राम गुदुम में आयोजित समाधान शिविर में उन्हें प्रदान कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि वे गृहिणी है और अब तक वह अपने घर के कामकाज तथा खेती कार्य में मजदूरी करती थी।

## नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत फिल्टर प्लांट परिसर में 50.13 लाख की लागत से बनने विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com






नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत फिल्टर प्लांट परिसर में 50.13 लाख की लागत से बनने वाले सीसी रोड, शेड निर्माण एवं नाली निर्माण जैसे बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों का भूमिपूजन कार्यक्रम विधिवत पूजा-अर्चना के साथ सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विधिवत पूजा-अर्चना कर विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, सभापति गोविंद पटेल, मनीष मिश्रा, सतीश तलरेजा, पार्षद भुवन सिंह ठाकुर, उमा शंकर वर्मा, श्रेणिक गोलछा, कीर्तन जायसवाल, सतीश साहू, बंटी टंडन, नंदू वैष्णव, बब्बू मंधान, प्रतेश राठौड़, गेन्दू साहू, दशरथ साहू, संजय बंजारे, शुभम राजपूत, गोवर्धन डहरिया, मनीष पंजवानी एवं देवेंद्र साहू की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ओमप्रकाश रात्रे, भाजपा जिला महामंत्री राकेश तिवारी, भाजयुमो जिला अध्यक्ष सुनील यदु, मंडल अध्यक्ष योगेश अनंत, चेम्बर ऑफकॉमर्स से श्रीचंद छाबड़िया, सुभाष भटटर, गिरधर गोविंदनी, एवं महिला मोर्चा से आएशा खान, नीरा साहू, मधु सोनी, तनुजा धृतलहरे व

भाटापारा नगर के सर्वांगीण विकास की दिशा में यह भूमिपूजन कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। 50.13 लाख की लागत से प्रस्तावित सीसी रोड, शेड एवं नाली निर्माण जैसे कार्य न केवल नगर की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करेंगे, बल्कि नागरिकों को बेहतर सुविधा और स्वच्छ परिवेश भी प्रदान करेंगे। भारतीय जनता पार्टी की सरकार विकास को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कटिबद्ध है।
**-शिवरतन शर्मा**

यह भूमिपूजन कार्यक्रम भाटापारा नगर की आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। 50.13 लाख की लागत से सीसी रोड, शेड निर्माण एवं नाली निर्माण जैसे बहुप्रतीक्षित कार्यों की शुरुआत से नागरिकों को बेहतर यातायात सुविधा, स्वच्छता और टिकाऊ संरचना का लाभ मिलेगा। हमारा निरंतर प्रयास है कि नगर में जनसुविधाओं का विस्तार हो और विकास हर वार्ड तक पहुंचे।
**-अश्वनी शर्मा**

## वर्ष 2025-26 में लगभग ढ़ाई लाख छात्राओं को मिलेगा स्कॉलरशिप

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन ने छात्राओं के लिए अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप की घोषणा की है। छात्राओं को यह स्कॉलरशिप अपनी उच्च शिक्षा (स्नातक) जारी रखने या पाने के लिए प्रदान की जाएगी। अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप के लिए आवेदन करने के लिए छात्रा का किसी सरकारी स्कूल या म्युनिसिपल स्कूल से कक्षा 10वीं और 12वीं उत्तीर्ण करना आवश्यक है। इसके साथ ही, आवेदन के समय किसी सरकारी संस्थान या विश्वसनीय प्रामाणिक निजी कॉलेज या विश्वविद्यालय में मान्यता प्राप्त स्नातक उपाधि या डिप्लोमा के प्रथम वर्ष में नियमित छात्रा के रूप में प्रवेश प्राप्त किया होना चाहिए। यह स्कॉलरशिप पाने वाली छात्राओं को अपनी स्नातक/ डिप्लोमा की पढ़ाई पूरी होने तक हर साल 30,000 रुपये प्रदान किए जाएँगे। अगर कोई छात्रा 4 वर्षों का बीएससी नर्सिंग कोर्स कर रही हैं, तो वह इन चार वर्षों में 1,20,000 रुपयों की सहायता प्राप्त करेगी। यह धनराशि हर साल दो किस्तों में छात्रा के बैंक खाते में सीधे भेजी जाएगी। वह अपनी ज़रूरत के मुताबिक इन पैसों का उपयोग कर सकती है। अकादमिक वर्ष 2025-26 में लगभग 2.5 लाख छात्राओं को अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। इस बार देश के 18 राज्यों की छात्राएँ स्कॉलरशिप के लिए आवेदन कर सकती हैं। अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन के चीफ एक्सेक्यूटिव ऑफिसर अनुराग बेहार के अनुसार अच्छी स्कूली शिक्षा जीवन की आधारशिला है, जबकि उच्च शिक्षा जीवन की सामाजिक और आर्थिक संभावनाओं में बदलाव लाती है। देश सभी क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है, इसके बावजूद देश की लड़कियाँ शिक्षा हासिल करने की राह में कई सामाजिक और आर्थिक बाधाओं का सामना कर रही हैं। हम लड़कियों को उनके उच्च शिक्षा के सफर में जरूरी सहयोग करने का वादा करते हैं। इससे उन्हें अपने जीवन की दिशा खुद तय करने में मदद मिलेगी। अजीम प्रेमजी स्कॉलरशिप पहल को वर्ष 2024-25 कुछ चुनिंदा जगहों पर लागू किया गया।

## कांग्रेस हमेशा मूल्यों पर आधारित राजनीति करती है : इंद्र साव

पायनियर संवाददाता ◄ सिमगा
www.dailypioneer.com



राजनीति मूल्यो पर होनी चाहिए लेकिन भाजपा ने राजनीति का स्तर लगातार गिराया है और कांग्रेस हमेशा मूल्यों पर आधारित राजनीति करती है, भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में ही नहीं बल्कि पूरे जिले का संगठनात्मक ढांचा बहुत मजबूत है, उक्त उदगार विधायक इंद्र साव ने सिमगा ब्लाक में आयोजित ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठक के दौरान कही,बैठक में जिला कांग्रेस की नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे विशेष रूप से उपस्थित थे। ब्लाक कांग्रेस कमेटी सिमगा की मासिक बैठक में क्षेत्र के विधायक इन्द्र साव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की मजबूती का सबसे बड़ा आधार उसके मजबूत कार्यकर्ता है, आज शहर हो या गांव हो कांग्रेस के कार्यकर्ता लगातार पार्टी के झंडे तले पार्टी की मजबूती के लिए कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में सिमगा ब्लॉक से कांग्रेस ने बढ़त बनाई थी परंतु लोकसभा चुनाव एवं नगरीय निकाय चुनाव में हमारा प्रदर्शन कमजोर रहा है, जिसे हमें नए जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में क्षेत्र में कांग्रेस को पुनः मजबूत करना है इसके लिए नए लोगों को कांग्रेस के विचारधारा से जोड़ते हुए बूथ कमेटियों का विस्तार करने की बात भी साव ने रखी। साव ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कहा भाजपा उनके क्षेत्र में विकास नहीं कराना चाहती, वे लगातार क्षेत्र की जनसमस्याओं को सदन में उठाते आ रहे है और व्यक्तिगत रूप से प्रदेश के मंत्रियों से मिल रहे है, लेकिन उसके बावजूद जनहित के कार्य करने भाजपा सरकार रूचि नहीं दिखा रही है और उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि ऐसा ही नजरिया क्षेत्र के प्रदेश सरकार का रहा तो आने वाले दिनों में हमें धरना प्रदर्शन के माध्यम से जनहित के मुददों के लिए लड़ाई लड़ने तैयार रहना पड़ेगा।

## जीआईआईएस नोएडा के छात्रों ने सीबीएसई कक्षा बाहरवीं के परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

**रायपुर।** ग्लोबल इंडियन इंटरनेशनल स्कूल (जीआईआईएस), नोएडा के छात्रों ने सीबीएसई कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025 में शानदार प्रदर्शन किया है, जिसमें 88% छात्रों ने प्रथम श्रेणी में अंक प्राप्त किए हैं। शैक्षणिक उत्कृष्टता के उल्लेखनीय प्रदर्शन ने क्वालिटी एजुकेशन के लिए एक प्रमुख संस्थान के रूप में स्कूल की स्थिति को मजबूत किया है। इस बैच में मन्नत बैंस सबसे आगे रहीं, जिन्होंने 97% अंक प्राप्त किए, दूसरे स्थान पर अद्विका रहीं जिन्होंने 95% अंक प्राप्त किए तथा आरोही ने 93% अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए, जीआईआईएस नोएडा के प्रिंसिपल गणेश शर्मा ने कहाः सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में अपने कक्षा 12 के छात्रों के शानदार प्रदर्शन पर हमें बेहद गर्व है। हमारे सभी टॉपर्स को उनकी लगन और दृढ़ता के लिए बधाई। मन्नत बैंस द्वारा 97% का सर्वोच्च स्कोर हासिल करना पूरे जीआईआईएस नोएडा कमीनिटी के लिए गर्व का क्षण है। ये परिणाम हमारे छात्रों की अटूट प्रतिबद्धता, हमारे टीचर्स की कड़ी मेहनत और हमारे पैरेंट कम्युनिटी के निरंतर समर्थन को दर्शाते हैं।

### प्रेस क्लब व निर्दलीय पार्षद पति के सवालों से कटघरे में पीडब्ल्यूडी, मेनरोड सड़क चौड़ीकरण मुदद्दे में पीडब्ल्यूडी की किरकिरी

## नेता व अफसर बगैर सेटलमेंट कार्यों की मानिटरिंग करें : पारख

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



राज्य शासन के मंशानुरूप नगर में प्रशासन द्वारा सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर आयोजित हुई। शिविर में नगर के सडक़ चौड़ीकरण को लेकर बवाल हुआ। इस दौरान प्रेस क्लब के पदाधिकारियों एवं निर्दलीय पार्षद के पति ने सत्ता पक्ष के नेताओं की मौजूदगी में अफसरों को कटघरे में खड़ा कर दिया। इस पूरे घटनाक्रम को देख स्थानीय नेतागण सहित जनप्रतिनिधिगण हक्का बक्का रह गए। शिविर में मुख्य वक्ता बतौर पहुंचे भाजपा नेता खूबचंद पारख ने इन दिनों नगर में ज्वलंत मुदद्दा बन चुके सड़क चौड़ीकरण के मुदद्दे को बेहद गंभीरता से लेते हुए स्वयं के गृहवार्ड का उदाहरण देते हुए अप्रत्यक्ष तौर पर नगर के नेताओं, जनप्रतिनिधियों और अफसरों को सेटलमेंट से बचने सख्त हिदायत देते हुए नागरिको को भी विकास कार्यों की सतत मानिटरिंग की हिदायत दी। दरअसल निकाय के सुशासन समाधान शिविर का दूसरा दिन भी सडक़ निर्माण मुद्दे की भेंट चढ़ गया। पूरे सत्र में विभाग और नागरिकों तथा मंचासीन अतिथियों के मध्य तीखी नोकझोंक हुई। आलम ये था कि नेतागण भी कुछ देर के लिए असहज महसूस करने लगे। हालांकि शिविर में नेता व अधिकारी कर्मचारी ज्यादा तथा नागरिक कम संख्या थे। शिविर में डीपीआर के अनुसार काम नहीं होने, निर्माण कार्य निर्धारित समय से न होकर विलंब होने तथा गुणवत्ताहीन कार्य की उच्च स्तरीय जांच की मांग एवं जिम्मेदारों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग भी की गई है।

**प्रेस क्लब व पूर्व पार्षद ने खोला मोर्चा** - कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित शिविर में विद्युत विभाग के पोल शिफ्टिंग को लेकर दिए जा रहे जानकारी पर निर्दलीय पार्षद पति एवं पूर्व पार्षद सिददीक बडगुजर ने मोर्चा खोल दिया। उन्होंने विभाग पर निर्धारित नाप के भीतर तथा अव्यवस्थित रूप से पोल शिफ्टिंग करने का आरोप लगाया। इस विषय पर जैसे ही पीडब्ल्यूडी एसडीओ हर्षद साहू ने बोलना प्रारंभ किया कि नागरिकों ने निर्धारित मापदंड के विपरीत निर्माण कार्य किये जाने तथा दो वर्ष पूर्व नगर के व्यावसायिक प्रतिष्ठिानों को बगैर मुआवजा दिए तोडऩे तथा अप्रभावित क्षेत्र के शासकीय निर्माण को भी सडक़ निर्माण के नाम पर तोड़े देने सहित विभाग द्वारा डीपीआर में मनमाने ढंग से परिवर्तन करने का आरोप लगाया। उक्त अवसर पर दिनेश गांधी, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, डॉ नीरेंद्र साहू, अंजू त्रिपाठी, दीना पटेल, हेमंत चोपड़ा, रामकुमार गुप्ता, पार्षदगण, एसडीएम श्रीकांत कोराम, तहसीलदार पीएल नाग, सीएमओ विनम्र जेमा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

**क्या कहते हैं नगर के जिम्मेदार :** नगर में सर्वमान्य व शीर्ष चेहरा बनकर उभरे प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रेम गोस्वामी के तर्क के उपरांत शिविर में एसडीएम श्रीकांत कोराम ने शुक्रवार को पीडब्ल्यूडी उच्च अधिकारियों को बुलाकर आगामी निर्माण कार्य की जानकारी सार्वजनिक किये जाने की बात कही है। वहीं पूर्व जिपंअध्यक्ष गांधी ने उक्त सडक़ निर्माण को वाईंडअप कर प्रस्तावित राजनांदगांव से मानपुर सड़क चौड़ीकरण में शामिल करने की बात अफसरों से कही है।

## न्युवोको ने छत्तीसगढ़ के रिस्दा सीमेंट प्लांट में महिलाओं के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया






पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, क्षमता के मामले में भारत का पांचवां सबसे बड़ा सीमेंट समूह, रिस्दा, छत्तीसगढ़ के रिस्दा सीमेंट प्लांट में महिलाओं के लिए मासिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर रहा है। यह शिविर सरकारी स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से प्रोजेक्ट तारा के तहत न्युवोको की इस महत्वपूर्ण सीएसआर पहल स्वस्थ भारत के हिस्से के रूप में आयोजित किया जाता है। स्वास्थ्य शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा (क्वालिटी हेल्थकेयर) की उपलब्धता को आसान बनाना है। इनमें मातृ स्वास्थ्य, पुरानी बीमारियों का जल्द पता लगाना, स्वच्छता जागरूकता और पोषण शिक्षा जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। इस दौरान महिलाओं को निवारक, डायग्नोस्टिक और थेरेप्यूटिक केयर प्रदान करके, ये शिविर सुविधाओं से वंचित समुदायों के लिए स्वास्थ्य सेवा की कमी को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रत्येक शिविर में एक सुव्यवस्थित प्रक्रिया का पालन किया जाता है, जिसकी शुरुआत रजिस्ट्रेशन और बायोमेट्रिक स्क्रीनिंग (वजन, ऊंचाई, ब्लडप्रेशर और शुगर लेवल सहित) से होती है, इसके बाद लैबोरेट्री टेस्टों और गाइनोकॉलोजिस्ट द्वारा व्यापक कंसल्टेशंस होता है। मेडिकल जांच के बाद, निःशुल्क दवाइयां और न्यूट्रीशन किट प्रदान की जाती हैं। शिविर नियमित रूप से रिस्दा सीमेंट प्लांट के पास के 8 से 10 गांवों की महिलाओं की सेवा करते हैं जिनमें रिस्दा, कुकुरदी, ढंढनी, परसाभादर, सेमराडीह, कोकड़ी, भाटागांव, ठेलकी, चंपा, सैहा, दशरमा, खैरवरडीह, करमांधी शामिल हैं। पिछले साल कुल 22 स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए, जिससे 3,400 से अधिक ग्रामीण महिलाओं को लाभ प्राप्त हुआ। इन प्रयासों ने रिस्दा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा केंद्रों पर 100 प्रतिशत सुपरवाइज्ड प्रसव सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जो आसपास के 22 गांवों को सेवाएं प्रदान करता है।

# छत्तीसगढ़ के पारंपरिक वाद्ययंत्र



## सिंग बाजा या गुदुंम

यह गड़वा बाजा साज का प्रमुख वाद्य है। लोहे के कढ़ाईनुमा आकार में चमड़ा मढ़ा जाता है। चमड़ा मोटा होता है एवं चमड़े को रस्सी से ही खींचकर कसा जाता है। लोहे के बर्तन में आखरी सिरे पर छेद होता है, जिस पर बीच-बीच में अंडी तेल डाला जाता है एवं छेद को कपड़े से बंद कर दिया जाता है। ऊपर भाग में खखन तथा चीट लगाया जाता है। टायर के टुकड़ों का बठेना बनाया जाता है, जिसे पिट-पिट कर बजाया जाता है इसके बजाने वाले को निशनहा कहते हैं। गुदुम या निशान पर बारह सींगा जानवर का सींग भी लगा दिया जाता है इस प्रकार आदिवासी क्षेत्रों में इसे सिंग बाजा कहते हैं।



**नगाड़ा** आदिवासी क्षेत्र में इसे यमार या ढोलकिया लोग उत्सवों के अवसर पर बजाते हैं, छत्तीसगढ़ में फाग गीतों में इसका विशेष प्रयोग होते हैं। नगाड़ों में जोड़े अलग-अलग होते हैं। जिसमें एकाकी आवाज पतली (टीन) तथा दूसरे की आवाज मोटी (गद्द) होती है। जिसे लकड़ी की डंडीयों से पीटकर बजाये जाते हैं। जिसे बठेना कहते हैं। इसमें नीचे पकी हुई मिट्टी का बना होता है।



## निशान

यह नगाड़े के सामान एक ताल वाद्य है जिसका आकार नगाड़े से कुछ छोटा होता है। इसे विशेषतः विवाह अथवा अन्य उत्सवों के अवसर पर बजाया जाता है। इसका शरीर लोहे का बना होता है जिसे लोहार बनाते हैं। इन पर भैंस का चमड़ा मढ़ा जाता है। चमड़ा मढ़ने का कार्य मंगिया जाति के लोग करते हैं। इन्हें घसिया या गांडा जाति के लोग बजाते हैं। इन्हें चमड़े की डंडियों से बजाया जाता है।निशान की आवाज़ को चमड़े पर तेल लगाकर एवं मढ़ी हुई खाल के मध्य में राल की परत जमाकर संयोजित किया जाता है।



## तुड़बुढ़ी

यह एक ताल वाद्य है जिसका आकार और माप ताशे के सामान होता है। इसे नगाड़े के साथ ही बजाय जाता है। इसका शरीर लोहे का बना होता है जिसे लोहार बनाते है। कई बार इसका शरीर पकी मिटटी का बना होता है, तब यह कुम्हारों द्वारा बनाया गया होता है। इसके मुँह पर भैंस की खाल मढ़ी जाती है जिसे मंगिया जाति के लोग मढ़ते हैं। इसे बांस की दो तीलियों से बजाया जाता है।



## मौहरी अथवा शहनाई

यह एक सुषिर वाद्य है जिसे फूंक कर बजाया जाता है। इसका अगला भाग पीतल और शेष भाग लकड़ी से बनाया जाता है। यह शहनाई जैसा ही होता है और उसी के सिद्धांतों पर कार्य करता है। इसे बजाने वाला वाले गांडा जाति के होते हैं। इसके पीतल से बने भाग को हल्बी में मौहरी कहते हैं , यह चिलम के आकार का होता है , जिसके कारण लोग इसे मौहरी बाजा भी कहते हैं। इसे नगाड़े और निशान दौनों के साथ बजाया जा सकता है। विवाह एवं उत्सवों पर इसे निशान के साथ तथा पूजा -जात्रा अनुष्ठानों में नगाड़े के साथ बजाया जाता है। इसके पीतल से बने भाग को घढ़वा धातु शिल्पी तथा लकड़ी वाले भाग को बढ़ई बनाते हैं।

## ढोलक

यह ढोल की भांति छोटे आकार की होती है। लकड़ी के खोल में दोनों तरफ चमड़ा मढ़ा होता है, एक तरफ पतली आवास और दूसरे तरफ मोटी आवाज होती है, मोटी आवाज तरफ खखन लगा रहता है, भजन, जसगीत, पंडवानी, भरथरी, फाग आदि इसका प्रयोग होता है।



## बांसुरी

यह बहुत ही प्रचलित वाद्य है, यह पोले होते हैं। जिसे छत्तीसगढ़ में रावत जाति के लोग इसका मुख्य रुप से वादन करते हैं, पंडवानी, भरथरी में भी इसका प्रयोग होता है।



## मंजीरा

झांझ का छोटा स्वरुप मंजीरा कहलाता है। मंजीरा धातु के गोल टुकड़े से बना होता है, भजन गायन, जसगीत, फग गीत आदि में प्रयोग होता है।



## झांझ

झांझ प्रायः लोहे का बना होता है, लोहे के दो गोल टुकड़े जिसके मध्य में एक छेद होता है, जिस पर रस्सी या कपड़ा जिस पर रस्सी या कपड़ा हाथ में पकड़ने के लिए लगाया जाता है। दोनों एक-एक टुकड़े को एक-एक हाथ में पकड़कर बजाया जाता है।




## दफड़ा

यह चांग की तरह होता है। लकड़ी के गोलाकार व्यास में चमड़ा मढ़ा जाता है एवं लकड़ी के एक सीरे पर छेद कर दिया जाता है जिस पर रस्सी बांधकर वादक अपने कंधे पर लटकाता है, जिसे बठेना के सहारे बजाया जाता है, इसे बठेना पतला तथा दूसरा बठेना मोटा होता है।



## अलगोजा

तीन या चार छिद्रों वाली बांस से बनी बांसुरी को अलगोजा या मुरली कहते हैं, अलगोजा प्रायः दो होते हैं, जिसे साथ मुंह में दबाकर फूंक कर बजाते हैं। दोनों एक दूसरे के पूरक होते हैं। जानवरों को चराते समय या मेलों मड़ाई के अवसर पर बजाते हैं।

## ढोल

इसका खोल लकड़ी का होता है। इस पर बकरे का चमड़ा मढ़ा जाता है एवं लोहे की पतली कड़ियां लगी रहती है। जिसे चुटका कहते है। चमड़े अथवा सूत की रस्सी के द्वारा इसको खींचकर कसा जाता है। फाग तथा शैला नृत्यों में इनका विशेष उपयोग होते हैं।

## खंजरी या खंझेरी

डफली के घेरे में तीन या चार जोड़ी झांझ लगे हो तो यह डफली या खंझेरी का रुप ले लेता है, जिसका वादन चांग की तरह हाथ की थाप से किया जाता है।

## चांग या डफ

चार अंगुल चौड़े लकड़ी के घेरे पर मढ़ा हुआ चक्राकार वाद्य सोलह से बीस अंगूल का व्यास होते हैं जिसे तारों हाथ के थाप से बजाया जाता है, इसके छोटे स्वरुप को डफली कहते हैं, और बड़े स्वरुप को कहते हैं।

## करताल, खड़ताल या कठताल

लकड़ी के बने हुए 11(ग्यारह) अंगूल लंबे गोल डंडों को करताल कहते हैं, जिसके दो टुकड़े होते हैं, दोनों टुकड़ो को हाथ में ढीले पकड़कर बजाया जाता है, तमूरा, भजन, पंडवानी गायन में मुख्यतः इसका प्रयोग होता है।

## ताशा


मिट्टी की पकी हुई कटोरी (परई) नुमा एक आकार होता है, जिस पर बकरे का चमड़ा मढ़ा होता है, जिसे बांस की पतली डंडी से बजाया जाता है, छत्तीसगढ़ में फाग गीत गाते समय नगाड़े के साथ इसका प्रयोग होता है।



# गुरूपूर्णिमा

## वैदिक परंपरा से आधुनिक शिक्षा तक श्रद्धा का उत्सव

**गुरू ब्रह्मा, गुरू विष्णु, गुरु देवो महेश्वराः।**
**गुरु साक्षात परब्रह्म, तस्मै श्री गुरुवे नमः।।**



श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि पर मनाया जाने वाला गुरूपूर्णिमा न केवल एक धार्मिक पर्व है, बल्कि हमारी संस्कृति की उस गूढ़ परंपरा का प्रतीक भी है जहाँ गुरु को ब्रह्मा, विष्णु और महेश के समकक्ष माना गया है। यह पर्व सदियों से न केवल आस्था का, बल्कि ज्ञान और आत्मबोध का उत्सव भी रहा है।



हमारे संस्कृति में गुरू को ब्रह्मा, विष्णु और महेश के बराबर दर्जा दिया गया है। गुरू ही सच्चा मार्गदर्शक होता है जिसके मार्गदर्शन से हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त करते हैं। गुरू गूढ़ ज्ञान को सरल शब्दों में समझाने का कार्य करते हैं। कहा जाता है कि माता-पिता बच्चे को संस्कार देते हैं, लेकिन गुरू बच्चों व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ उनमें ज्ञान भरते हैं, इसलिए उनका दर्जा समाज में सबसे ऊपर है।

छत्तीसगढ़ में गुरू-शिष्य की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए सभी स्कूलों में शैक्षणिक सत्र में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर इस वर्ष गुरू पूर्णिमा का पर्व मनाने का निर्णय लिया गया। गुरू पूर्णिमा पर्व के पीछे शासन की मंशा है कि स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों और उनके शिक्षकों के बीच मधुर संबंध बने। गुरूओं के प्रति बच्चों में सम्मान की भावना जगे इसके साथ ही गुरू-शिष्य के बीच बेहतर संबंध बनाने के पीछे यह भी धारणा है कि गुरू भी बच्चों को अपनत्व भाव से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में तत्पर रहे।

छत्तीसगढ़ निर्माण के बाद पहली बार स्कूलों में गुरू पर्व मनाने का आयोजन हो रहा है। इस नवाचारी पहल से शिक्षकों में जहां सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना आएगी, वहीं बच्चों में भी गुरूओं के सम्मान के साथ-साथ बेहतर चरित्र निर्माण और पूरे समर्पण भाव से अध्ययन की ओर अग्रसर होंगे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर हुए इस आयोजन से छत्तीसगढ़ के स्कूलों में फिर से एक बार शैक्षणिक वातावरण में उत्साह जगेगा। गुरू और शिष्य के बीच प्रगाढ़ संबंधों की परंपरा आगे बढ़ेगी। गुरू और शिष्य के बीच पवित्र रिश्ता बनेगा। इससे निश्चित रूप से राज्य में बच्चों के लिए उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण बनाने में मदद मिलेगी।

## वैदिक काल में गुरु-शिष्य परंपरा

वैदिक युग में शिक्षा का केन्द्र गुरुकुल होते थे, जहाँ शिष्य अपने गुरु के आश्रम में रहकर केवल ज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला भी सीखते थे। वेदव्यास, जिन्होंने महाभारत और पुराणों की रचना की, को गुरूपूर्णिमा के मूल गुरु के रूप में पूजा जाता है। यह दिन विशेष रूप से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए मनाया जाता है। वैदिक मंत्रों में कहा गया हैः-

''गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः।
गुरुः साक्षात् परब्रह्म तस्मै श्रीगुरवे नमः॥''





### बौद्ध और जैन परंपराओं में गुरूपूर्णिमा

इस पर्व का उल्लेख बौद्ध परंपरा में भी मिलता है। कहा जाता है कि बुद्ध ने अपना पहला उपदेश आषाढ़ पूर्णिमा के दिन सारनाथ में दिया था, जिसे धर्मचक्र प्रवर्तन दिवस कहा जाता है। जैन धर्म में भी इस दिन महावीर स्वामी के प्रमुख गणधर इन्द्रभूति गौतम को गुरु बनने का गौरव प्राप्त हुआ था।

### मध्यकालीन भारत में गुरु की भूमिका

भक्ति आंदोलन के समय संत कबीर, गुरु नानक, मीराबाई, तुलसीदास जैसे संतों ने अपने गुरु को ईश्वर से भी ऊपर स्थान दिया। कबीर का प्रसिद्ध दोहा, ''गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागू पाय'' आज भी गुरु की महत्ता को रेखांकित करता है।



### आधुनिक भारत में गुरूपूर्णिमा

आज जब शिक्षा का स्वरूप डिजिटल हो चुका है, गुरूपूर्णिमा ने अपना महत्व नहीं खोया है। विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में शिक्षक दिवस की तरह यह दिन गुरुजनों के प्रति सम्मान प्रकट करने का अवसर बन गया है। सोशल मीडिया पर भी इस दिन पर श्रद्धांजलि संदेशों की बाढ़ आ जाती है। भारत के अलावा नेपाल, भूटान और श्रीलंका जैसे देशों में भी यह पर्व मनाया जाता है।

### डिजिटल युग में गुरु का नया रूप

आज ऑनलाइन शिक्षा, कोचिंग प्लेटफॉर्म्स और यूट्यूब जैसे माध्यमों ने 'गुरु' की परिभाषा को विस्तृत किया है। अब केवल शारीरिक रूप से उपस्थिति नहीं, बल्कि विचारों की उपस्थिति ही गुरुत्व का आधार बन गई है। लेकिन आज भी सच्चा गुरु वही है, जो अज्ञान रूपी अंधकार से ज्ञान की ओर ले जाए।

गुरूपूर्णिमा केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि वह भाव है जो शिक्षक और शिष्य के बीच एक अटूट संबंध स्थापित करता है। समय भले बदल गया हो, लेकिन ज्ञान के प्रति श्रद्धा और गुरु के प्रति सम्मान भारतीय समाज की आत्मा में आज भी जीवित है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403